www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, गुरुवार, 15 मई, 2025 | वर्ष-18 | अंक -39 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम से जुड़ेंगे ... 02
■ ड्रग्स माफिया की सक्रियता के चलते नशे का अड्डा ...
■ विभिन्न जेलों में उम्र कैद की सजा भुगत रहे छह ... 05
■ भाजपा के भस्मासुर पीछे लग गए हैं
■ वैश्विक हथियार उद्योग में अभूतपूर्व वृद्धि 06
भारतीय सेना सबसे मजबूत, सशक्त व ... 09

MEERUT PUBLIC SCHOOL GROUP
Estd. 1982
# MEERUT PUBLIC SCHOOL GROUP
Late Shri Tara Chand Shastri (Founder Chairman) | Smt. Kusum Shastri (Co-Founder)

## CONGRATULATIONS TO ALL THE STUDENTS, TEACHERS AND PARENTS FOR OUTSTANDING BOARD RESULTS

## CLASS XII (AISSCE 2024 - 2025)



NOERA KHAN
★ NATIONAL ACHIEVER ★
MEERUT PUBLIC GIRLS' SCHOOL - SHASTRI NAGAR

100% RESULT

## STREAM WISE ACHIEVERS OF THE GROUP

**HUMANITIES**

| | |
|---|---|
| NOERA | 99.00% |
| SUHANI | 98.80% |
| MAHIN | 97.60% |
| DEVISHI | 97.40% |
| NAVYA | 96.40% |
| ANUBHUTI | 95.20% |
| MARYUM | 94.20% |
| SIDDHARTH | 94.20% |
| HIBA | 94.00% |
| SADIA | 93.20% |
| KANISHKA | 92.40% |
| SANCHIT | 90.80% |
| VAIBHAV | 90.80% |

**COMMERCE**

| | |
|---|---|
| AVNI | 97.00% |
| PARKHI | 96.20% |
| SHRADHA | 96.00% |
| FIDA | 95.00% |
| SANYA | 94.60% |
| KHUSHI | 94.40% |
| ADITYA | 94.20% |
| SAMRITI | 93.80% |
| HIMANSHU | 92.20% |
| CHETALI | 84.80% |
| SNEHA | 84.40% |
| PRATYUSH | 84.20% |

**SCIENCE**

| | |
|---|---|
| RADHIKA | 98.20% |
| ANUSHKA | 98.00% |
| YATIKA | 97.40% |
| SAUMYA | 97.20% |
| MANASVI | 97.00% |
| BHAVYA | 96.60% |
| JAYANT | 96.20% |
| HRITIKA | 95.00% |
| KRITIKA | 94.40% |
| TANIA | 93.60% |
| YASHIKA | 93.40% |
| YATI | 92.20% |
| SANSTUTI | 92.20% |

## STUDENTS SCORED AGGREGATE 99% - 90%

| | |
|---|---|
| NOERA | 99.00% |
| SUHANI | 98.80% |
| RADHIKA | 98.20% |
| ANUSHKA | 98.00% |
| MAHIN | 97.60% |
| DEVISHI | 97.40% |
| YATIKA | 97.40% |
| SAUMYA | 97.20% |
| AVNI | 97.00% |
| MANASVI | 97.00% |
| SNEHA | 96.60% |
| BHAVYA | 96.60% |
| NAVYA | 96.40% |
| JAYANT | 96.20% |
| PARKHI | 96.20% |
| SHRADHA | 96.00% |
| NISHAT | 95.80% |
| TANYA | 95.80% |
| PARIDHI | 95.40% |
| TRIMANJOT | 95.20% |
| ANUBHUTI | 95.20% |
| ANANYA | 95.20% |
| SHREYA | 95.00% |
| FIDA | 95.00% |
| HRITIKA | 95.00% |
| SANYA | 94.60% |
| LALITA | 94.40% |
| KHUSHI | 94.40% |
| KRITIKA | 94.40% |
| SAYYADA | 94.40% |
| SIDDHARTH | 94.20% |
| BHAVYA | 94.20% |
| ADITYA | 94.20% |
| MARYUM | 94.20% |
| HIBA | 94.00% |
| KARISHMA | 94.00% |
| SADIYA | 94.00% |
| GAURI | 93.80% |
| KAKUL | 93.80% |
| SAMRITI | 93.80% |
| TANIA | 93.60% |
| UTKARSH | 93.60% |
| YASHIKA | 93.40% |
| AISHA | 93.40% |
| SADIA | 93.20% |
| ANKITA | 93.20% |
| SHIVANSHI | 93.20% |
| DIVIJA | 93.20% |
| ANAMIKA | 93.00% |
| AFSHA | 93.00% |
| KINJAL | 92.80% |
| AVNI | 92.60% |
| AVNI | 92.60% |
| KANISHKA | 92.40% |
| KHUSHI | 92.40% |
| PRATHA | 92.40% |
| SANSTUTI | 92.20% |
| YATI | 92.20% |
| HIMANSHU | 92.20% |
| MAHEEN | 92.00% |
| PARI | 91.80% |
| ATHARV | 91.80% |
| HARSHITA | 91.60% |
| ANUBHUTI | 91.60% |
| AMISHA | 91.40% |
| PRIYANSHI | 91.40% |
| RIDHIMA | 91.20% |
| DEEPIKA | 91.20% |
| YASHIKA | 91.20% |
| RAGHAV | 91.20% |
| VANI | 91.00% |
| VARNIKA | 90.80% |
| SANCHIT | 90.80% |
| VAIBHAV | 90.80% |
| ANUSHKA | 90.60% |
| TEENA | 90.60% |
| ASHITA | 90.40% |
| MANSI | 90.40% |
| RIDDHIMA | 90.40% |
| AGRIMA | 90.20% |
| KHUSHI | 90.20% |
| VIPRA | 90.00% |
| PRERNA | 90.00% |
| PRIYANSHI | 90.00% |
| HARSH | 90.00% |
| HIMANSHI | 90.00% |


MPS Main Wing
223, West End Road, Meerut Cantt.


MPS For Girls
233, West End Road, Meerut Cantt.


Meerut Public Girls' School
Sector 6, Shastri Nagar, Meerut



SAMSARA - The World Academy
Ist Avenue, Semia Estate, Greater Noida

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

"सभी ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी को जल्द नोटिस जारी करने शुरू किए जाएंगे। सोसाइटी वालों को 15 दिन में कूड़ा निस्तारण की योजना बतानी होगी। अगर कूड़ा निस्तारण नहीं करते हैं तो यह शुल्क प्राधिकरण को देना होगा : **वंदना त्रिपाठी, नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ**

### नगर आयुक्त ने की वाबेग के अधिकारियों संग समीक्षा बैठक, कहा

## व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम से जुड़ेंगे वाबेग कंपनी के सभी वाहन

**गाजियाबाद,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मालिक ने बुधवार को सीवर का संचालन कर रही वाबेग की टीम वन सिटी वन ऑपरेटर के द्वारा शहर में किया जा रहे कार्यों की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने रफ्तार को बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कम्पनी के अधिकारियों से कहा कि वे सभी पार्षदों से संपर्क बनाते हुए सीवर समस्या के समाधान में बेहतर कार्य करें। नगर आयुक्त ने इस्तेमाल में आ रहे वाहनों को भी नगर निगम के व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम के साथ जोड़ने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता जल कामाख्या प्रसाद आनंद को चल रहे कार्यों की मॉनिटरिंग बढ़ाने के लिए कहा। सुपर सकर में अन्य उपकरण जिनके माध्यम से सीवर समस्या का समाधान कराया जा रहा है उन पर भी नजर बनाए रखने के लिए निर्देश दिए।

बैठक में वी ए टेक वाबेग कंपनी के सीईओ शैलेश कुमार तथा प्रोजेक्ट मैनेजर अनुज त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त द्वारा टीम को सख्त निर्देश देते हुए रोस्टर के क्रम में प्रतिदिन कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा। इसके अलावा नगर आयुक्त ने ग्रीन म्युनिसिपल बौण्ड प्रोजेक्ट के अंतिम चरण में चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में हेड एग्जीक्यूशन कैपिटल प्रोजेक्ट वी शंकर गणेश, प्रोजेक्ट मैनेजर अग्नि मोहंती उपस्थित रहे। जिन्होंने रेस्टोरेशन तथा कंप्लीट हो रहे प्रोजेक्ट के कार्यों की प्रेजेंटेशन दी। वीऐ टेक वाबेग लिमिटेड द्वारा गाजियाबाद नगर निगम के टीटीआरओ प्लांट तथा वन सिटी वन ऑपरेटर के अंतर्गत सीवर समस्याओं के समाधान का कार्य किया जा रहा है। जिसमें कार्य की रफ्तार तथा चल रहे कार्यों में सुधार करने हेतु लगातार नगर आयुक्त के नेतृत्व में कंपनी की उच्च अधिकारियों से लगातार बैठक की जा रही है। इसके लिए नगर आयुक्त द्वारा जलकल विभाग टीम को मॉनिटरिंग प्रबल करने के लिए कहा गया है। बैठक मे अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार भी उपस्थित रहे।



■ **सीवर समस्या के समाधान में बेहतर कार्य करने के दिए निर्देश**

## बुजुर्ग महिला से ठगे 18.85 लाख रुपए

**नोएडा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा में एक बुजुर्ग महिला से 18 लाख 85 हजार रुपए का ठगी की गई। ये ठगी डब्ल्यूटीसी नोएडा डेवलपमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटर की ओर से की गई। दरअसल वादे प्रमोटर महिला को न तो पजेशन दे पाया और न ही पजेशन तक दिए जाने वाला ब्याज। अब प्रमोटर इस मामले में तीसरा पक्ष जनरेट करने का प्रयास कर रहा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता 60 साल की एक बुर्जुग अनीता नागपाल है। शिकायत में बताया कि उनके पति छोटे व्यवसायी थे। कोराना काल में उनकी मौत हो गई थी। एक बेटी है उसकी शादी हो चुकी है। पति ने डल्यूटीसी नोएडा के सीबीडी प्रोजेक्ट में प्रमोटर डल्यूटीसी नोएडा डेवलपमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के साथ अनलॉक करने योग्य यूनिट नंबर बी-02-14एफ, दूसरी मंजिल के लिए बुकिंग की। 2020 तक पति ने कुल 18 लाख 85 हजार 636 रुपए का भुगतान किया। समझौते की शर्तों के अनुसार प्रमोटरों को 31 अक्टूबर 2021 तक बीएसपी पर 11प्रतिशत की दर से रिटर्न देना था।

**डब्ल्यूटीसी प्रमोटर के प्रोजेक्ट में किया था निवेश**

## नोएडा प्राधिकरण ने 30 करोड़ की जमीन कराई कब्जा मुक्त

### 10 हजार वर्गमीटर जमीन पर हो रही थी अवैध प्लाटिंग, निर्माण पर चलाई जेसीबी

**नोएडा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा में अवैध निर्माण ध्वस्त को लेकर अभियान जारी है। बुधवार को प्राधिकरण ने सेक्टर-81 में सैमसंग कंपनी के पीछे 10 हजार वर्गमीटर जमीन को कब्जा मुक्त कराया। इस जमीन की कीमत कीब 30 करोड़ रुपए आकी जा रही है। मास्टर प्लान 2031 के अनुसार इस जमीन का प्रयोग औद्योगिक है। यहां इंडस्ट्री लग सकती है। जिन लोगों ने यहां अवैध निर्माण किया था उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही है।

प्राधिकरण ने बताया कि सलारपुर गांव में खसरा नंबर 244 और 245 पर अवैध रुप से प्लाटिंग की जा रही थी। यहां कालोनी का निर्माण किया जा रहा था। प्राधिकरण को जानकारी मिली। नोटिस जारी किया गया। नहीं मानने पर प्राधिकरण की टीम ने जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया और जमीन को कब्जा मुक्त कराया। यहां प्राधिकरण ने अपना बोर्ड लगा दिया है।

बता दे ये जमीन प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन है। दो दिन पहले ही नोएडा प्राधिकरण ने बैठक कर स्पष्ट किया था कि अधिसूचित जमीन पर अवैध निर्माण नहीं होना चाहिए। इसे ध्वस्त किया जाए। प्राधिकरण ने एडवाइजरी जारी कि इस क्षेत्र में भूखंड खरीदने और बेचने के लिए भू माफियाओं के चंगुल में न आए।



बता दे प्राधिकरण ने जनवरी 2024 से अब तककरीब 1.93 लाख वर्गमीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया गया। इस जमीन की लागत 1068 करोड़ रुपए आकी गई है। इसके अलावा अभियान निरंतर जारी है। ये जमीन मास्टर प्लान 2031 के अनुसार नियोजित की गई है। यहां प्लानिंग और परियोजनाएं बनाई जानी है। इसके अलावा जमीन अतिक्रमण और अवैध निर्माण को लेकर अब तक 24 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है। जबकि 118 मामलों में डीसीपी स्तर पर जांच की जा रही है। जल्द एफआईआर की जाएगी।

### सार संक्षेप

#### 70 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक की जब्त




**नोएडा।** नोएडा में सिंगल यूज प्लस्टिक को लेकर अभियान चलाया गया। ये ड्राइव ओएसडी इंदू प्रकाश सिंह और परियोजना अभियंता जन स्वास्थ्य-1 गौरव बंसल ने सेक्टर-62 स्थित बंगाली बाजार में चलाई। जिसमें सभी लोगों ने सिंगल यूज प्लास्टिक इस्तेमाल नहीं करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान जो दुकानदार सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल कर रहे थे। उसे जब्त की गई। इस तरह से कुल 70 किग्रा प्लास्टिक को जब्त किया गया। जिसमें 45 किग्रा श्री राधा एंटरप्राइजेज और करीब 25 किग्रा चौरसिया ट्रेडर्स से जब्त की गई। दुकानदारों को चेतावनी दी गई। नोएडा में सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करना दंडनीय है। ऐसे में इसका प्रयोग नहीं करे। प्राधिकरण ने लोगों से अनुरोध किया जब भी बाजार जाए अपने साथ एक कपड़े का थैला लेकर जाएं।

#### पुलिसकर्मी पर गाड़ी से झंडे उतारने का आरोप

**नोएडा।** एक्सप्रेसवे थाना क्षेत्र में महाराणा प्रताप जयंती के मौके पर पुलिसकर्मी द्वारा गाड़ी से झंडे उतरवाने का मामला सामने आया है। करणी सेना के पदाधिकारियों ने मामले की शिकायत नोएडा पुलिस से की। पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। 26 सेकेंड का जो वीडियो वायरल हुआ है उसमें दिख रहा है कि एक पुलिसकर्मी वर्दी में और कई झंडों को एकसाथ लेकर जा रहा है। आसपास कई लोग और गाड़ियां दिख रही हैं। वीडियो वायरल होते ही करणी सेना के कार्यकर्ता और पदाधिकारी आक्रोशित हो गए और मामले की शिकायत यूपी और नोएडा पुलिस से सोशल मीडिया पर की। वीडियो में सूबे के मुख्यमंत्री को भी टैग किया गया है। करणी सेना के जिला अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारी बुधवार को मामले के संबंध में अपर पुलिस आयुक्त राजीव नारायण मिश्र से मिले। उन्होंने मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

#### बाइक सवार बदमाशों ने शिक्षिका से झपटा मोबाइल

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर 34 स्थित धवलगिरि अपार्टमेंट के पास बुधवार को बाइक सवार दो बदमाशों एक शिक्षिका से मोबाइल झपट ले गए। वारदात के समय पीड़िता पैदल घर जा रही थी। पीड़िता ने सेक्टर 24 थाना पुलिस से ऑनलाइन शिकायत की है। पुलिस बदमाशों की पहचान और तलाश में जुटी है। नोएडा सेक्टर 34 स्थित धवलगिरि अपार्टमेंट बी ब्लाक में रहने वाली प्रकृति प्रदीप नोएडा के प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका हैं। वह बुधवार दोपहर करीब दो बजे स्कूल से लौट रही थीं। वह फोन पर बात करते हुए आगे बढ़ रही थीं। इसी बीच बाइक सवार दो बदमाश आए। हाथ पर झपट्टा मार कर मोबाइल छीन लिया।

## नोएडा में 117 सोसाइटी को जारी हो रहा नोटिस

### स्वयं नहीं कर रही गीले व सूखे कचरे का निस्तारण, प्राधिकरण को राजस्व हानि

**नोएडा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण बल्क वेस्ट जनरेट करने वाली 117 सोसाइटी को नोटिस जारी कर रहा है। ये सभी वो सोसाइटी है जो रोजाना करीब 100 किलो वेस्ट पैदा कर रहा है। नियमत: इन सोसाइटी को अपने परिसर में ही कूड़ा निस्तारण के लिए प्लांट लगाना था। लेकिन ऐसा इन्होंने नहीं किया। बल्कि अपना कूड़ा या तो खुले में फेंका या फिर डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाले एजेंसी को दिया।

डोर टू डोर एजेंसी कूड़ा उठाने के लिए प्रत्येक फ्लैट से पैसा लेती है। जबकि उसका प्राधिकरण के साथ एक निश्चित मात्रा में रोजाना कूड़ा निस्तारण का एग्रीमेंट है। इससे ज्यादा कूड़ा निस्तारित करने पर होने वाला अतिरिक्त खर्चा प्राधिकरण को वहन करना पड़ता है। ऐसे में हर बार कंपनी ज्यादा कूड़ा दिखा रही है। जबकि ये पैसा फ्लैट मालिकों से ले रही है। ऐसे में दोनों तरफ से एजेंसी की कमाई हो रही है।

ऐसे में सोसाइटी की एओए को कूड़ा निस्तारण की कार्ययोजना बतानी होगी। साथ ही कूड़ा निस्तारण प्लांट नहीं लगवाने पर उनके खिलाफ सख्ती बरती जाएगी। नियमों के तहत पांच हजार वर्ग मीटर या इससे बड़े आकार के जो भी भूखंड है उनके अपने परिसर में ही कूड़ा निस्तारण की प्रक्रिया करनी चाहिए लेकिन नोएडा में ऐसा नहीं हो रहा है। ऐसे भूखंडों पर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट जरूरी है। नोएडा क्षेत्र में करीब 117 ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी हैं।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया पांच हजार वर्ग मीटर से अधिक भूखंड वाले बड़े कूड़ा उत्पादकों की श्रेणी में आते हैं। ऐसे उत्पादकों को अपने परिसर में ही गीले-सूखे कूड़े के लिए निस्तारण प्लांट लगाना जरूरी है। नोएडा में घर-घर से कूड़ा उठाने का काम एजी एनवायरो एजेंसी करती है। यह एजेंसी ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी से प्रति फ्लैट के हिसाब से शुल्क ले लेती है लेकिन जब इस कूड़े का निस्तारण होता है तो उसका खर्चा प्राधिकरण को वहन करना होता है। नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने बताया कि सभी ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी को जल्द नोटिस जारी करने शुरू किए जाएंगे। सोसाइटी वालों को 15 दिन में कूड़ा निस्तारण की योजना बतानी होगी। अगर कूड़ा निस्तारण नहीं करते हैं तो यह शुल्क प्राधिकरण को देना होगा।

### सोसाइटी फ्लैटों की बालकनी दीवार पर गमला रखना मना

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने सोसाइटी के बालकनी की दीवार या स्टैंड पर रखे गमले को तत्काल प्रभाव से हटाने का आदेश दिया है। ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। अगर गमला गिरने से कोई अप्रिय घटना होती है तो सोसाइटी के एओए के अध्यक्ष, सचिव जहां एओए नहीं है वहां के बिल्डर एवं फ्लैट मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। साथ ही प्राधिकरण की ओर से भी सख्त एक्शन लिया जाएगा।

**नोएडा प्राधिकरण ने जारी किया आदेश**

दरअसल ये आदेश प्राधिकरण ने हाल ही में पूना की एक सोसाइटी में हुई घटना के बाद लिया। जिसमें सोसायटी के फ्लैट से गमला गिरने से एक बच्चे की मौत हो गई थी। बता दे नोएडा में 100 से ज्यादा सोसाइटी है। जिसमे टावरों के बीच जाल नहीं लगे है। लोग बालकनी में पैरापेट वॉल पर अक्सर गमले रख देते है। ये गमले तेज हवा या किसी अन्य कारण से नीचे गिर जाते है। अक्सर ऐसी घटना यहां हो चुकी है। लेकिन इन घटनाओं में अब तक कोई घायल या कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

ऐसे में प्राधिकरण ने अब ये फैसला लिया है कि यहां किसी भी सोसाइटी के फ्लैट की बालकनी के पैरापेट वॉल पर गमले नहीं रखे जाएंगे। अगर ऐसा होता है तो एक्शन लिया जाएगा। बतौर गमले हटवाने की जिम्मेदारी भी एओए की होगी। वो सोसाइटी में नोटिस बोर्ड या वाट्सएप ग्रुप पर सोसाइटी में रहने वाले लोगों को एसएमएस करे। लोगों को इस कार्य के लिए जागरूक करे ताकि इस तरह की घटना नोएडा में नहीं हो सके।

## वाहनों की बैटरी चुराने वाले गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। गाजियाबाद पुलिस का अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन क्रैकडाउन अनवरत जारी है। मंगलवार के रात में सिहानी गेट पुलिस ने दिन और रात में खड़े वाहनों की बैटरी चुराने वाले गिरोह के दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में पुलिस की तरफ से चली गोली से एक बदमाश घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया कि मंगलवार की रात में पुलिस को खबर मिली की डीपीएस कट पर कुछ बदमाश आने वाले हैं। इसी दौरान पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चेकिंग शुरू कर दी। तभी सामने से स्कूटी पर संदिग्ध अवस्था में आ रहे दो व्यक्तियों को रुकने के लिए कहा गया। तो वह भागने लगे जिन्हे आवश्यक बल प्रयोग कर रोकने का प्रयास किया गया तो वे पुलिस की चेकिंग से बचते हुए हमदर्द ग्राउंड की तरफ भागे। जहां पर स्कूटी फिसल गई और बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश आंशु के पैर में गोली लगी और वह नीचे गिर गया। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया।

घायल बदमाश का नाम आशु उर्फ आस मोहम्मद है। जो मोहल्ला मेवातियांन पीपल वाली मस्जिद के पास दादरी का निवासी है। जब के उसके साथ का नाम प्रमोद है जोब्रिज बिहार थाना मुरादनगर का निवासी है। एसीपी मिश्रा ने बताया कि आशु के विरुद्ध थाना मसूरी में 6 अभियोग, थाना इंद्रापुरम पर 5 अभियोग, थाना धौलाना पर 2, थाना फेज थर्ड नोएडा पर 1, थाना हसनपुर अमरोहा पर 1 अभियोग, थाना सिहानी गेट 3, कुल 18 अभियोग पंजीकृत है। जबकि प्रमोद उपरोक्त के विरुद्ध थाना सिहानी गेट पर 3 अभियोग पंजीकृत है।



■ **पुलिस की गोली से एक हुआ घायल**

## अवैध निर्माण के मामले में दो पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। प्राधिकरण की अधिसूचित भूमि पर अतिक्रमण और अवैध कब्जा करने के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज हुआ है। प्राधिकरण के अवर अभियंता की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है।

पुलिस को दी शिकायत में अवर अभियंता आशीष शर्मा ने बताया कि थानाक्षेत्र के सदरपुर गांव के खसरा संख्या-14 पर प्राधिकरण की अर्जित व कब्जा प्राप्ति भूमि है। इस पर देवेंद्र शर्मा और मुकेश द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। दोनों छलेरा गांव के रहने वाले हैं। रात में आरोपियों द्वारा अधिसूचित जमीन पर अवैध निर्माण करने से शहर का सुनियोजित विकास बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। प्राधिकरण की टीम के मना करने के बावजूद आरोपी नहीं मान रहे हैं। आरोपियों ने टीम के कर्मचारियों के साथ बदसलूकी भी की है। पुलिस नामजद आरोपियों से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। नामजद आरोपियों के अलावा उनके अन्य साथियों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

## जीडीए ने सामुदायिक केंद्र की भूमि पर से अवैध कब्जा हटाया

**गाजियाबाद,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए)ने बुधवार को सेक्टर 12 में सामुदायिक केंद्र की भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त कर किया।

बुधवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-4 के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। निर्माणकर्ता श्रीमती रेणु, विकास एवं अन्य द्वारा भूखण्ड सं-डी-52, सै. -09, विजयनगर, गाजियाबाद के फ्रंट सेटबैक क्षेत्र में भूतल पर पूर्व-निर्मित दुकानों के ऊपर बिना मानचित्र स्वीकृति के अवैध निर्माण किया जा रहा था। साथ ही, जी-ब्लॉक के समीप सै.-12, प्रताप विहार, गाजियाबाद में प्राधिकरण की सामुदायिक केन्द्र की भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा था। प्रवर्तन जोन-4 के समस्त स्टाफ एवं प्राधिकरण पुलिस बल के सहयोग से दोनों ही स्थलों पर चल रहे अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया गया।

इसी प्रकार प्रभारी प्रवर्तन जोन-7 के नेतृत्व में प्रभावी कार्यवाही करते हुए भूखण्ड सं0-।।/146, सै0-02, राजेंद्र नगर साहिबाबाद , गाजियाबाद के निर्माणकर्ता श्री सूर्यभानू थरूर जी.पी.ए. सुरजीत सिंह संधू द्वारा स्वीकृत मानचित्र से विचलन कर स्टील्ट फ्लोर में अतिरिक्त फ्लैट के निर्माण को पूर्व में दिनाक 25जनवरी को पूर्ण रूप से ध्वस्त किया गया था। निर्माणकर्ता द्वारा पुन: स्टील्ट फ्लोर में पार्किंग के स्थान पर फ्लैट का निर्माण कर लिया गया, जिसे आज ध्वस्त कर दिया गया है। कार्यवाही के समय प्रवर्तन जोन-7 के सहायक अभियंता, अवर अभियंतागण एवम प्रवर्तन जोन-7 का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। प्रवर्तन स्टाफ को निर्देशित किया कि उक्त निर्माण पर सतत् निगरानी रखी जाए, जिससे भविष्य में निर्माण ना हो पाएं।

■ **दिनभर चला जीडीए का अवैध निर्माण पर हथौड़ा**




## कार्ल हूबर के विद्यार्थियों का 12वीं के सीबीएसई परीक्षा परिणाम में बेहतर प्रदर्शन

**खोड़ा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। सेक्टर 62 स्थित कार्ल हूबर स्कूल का मंगलवार को सीबीएसई द्वारा घोषित 2024 25 परीक्षा परिणाम में छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ स्मिता मिश्रा ने बताया कि सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में मोहित सिंह ने 94 प्रतिशत दीपिका ने 92प्रतिशत आशिका ने 90प्रतिशत प्रतिशत अंक हासिल करके स्कूल और अपने अभिवावकों का नाम रोशन किया है।

सीबीएसई कक्षा 10 वी बोर्ड परीक्षा में साक्षी सिंह ने 93प्रतिशत शिव विश्वकर्मा ने 92प्रतिशत यशस्वी गुप्ता 92त्न आकाश कुमार सिंह ने 90प्रतिशत अंक हासिल किया है। प्रधानाचार्य ने विद्यालय के सभी शिक्षकों को उनकी लगन निष्ठा अथक परिश्रम के लिए बधाई देते हुए बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम काफी सराहनीय रहा।

## अवैध अतिक्रमण से कराह रही सड़कें व गलियां

■ सीपी पाठक

**खोड़ा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्य मार्ग और सर्विस रोड पर अतिक्रमण होने से लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। दुपहिया और चारपहिया वाहनों को सुबह शाम जाम के झाम में फंसकर कोसना पड़ता है। यह स्थिति है खोड़ा कालोनी की बारह लाख आबादी वाली विशाल कालोनी की। ऊबर ओला टैक्सी वाले अंदर की लोकेशन देखकर तुरंत बुकिंग कैंसिल कर देते है। किसी को रेलवे स्टेशन या बस अड्डा गंतव्य तक पहुंचने के लिए सेक्टर 62 ,56 या मयूर विहार फेज तीन पहुंचकर सवारी पकड़नी पड़ती है। बाहर से कालोनी के अंदर आने वाले वाहन अक्सर सावरियों से बहस करके बाहर ही उतारकर चले जाते है। कालोनी के अंदर पार्किंग के लिए कोई जगह नहीं है। खोड़ा में हजारों की संख्या में वाहन तो है। लेकिन पार्किंग के लिए कही जगह नही है। दर्जनों लोगों ने निजी खाली भूखंडों पर पार्किंग की व्यवस्था बनाकर चांदी काट रहे है।




**कॉलोनी के अंदर पार्किंग के लिए नहीं है कोई जगह**

खोड़ा में हजारों की संख्या में कामगार नोएडा की फैक्ट्रियों में कार्यरत है। भारी संख्या में सस्ता और सुलभ मकान उपलब्ध होने की वजह से कामगार खोड़ा में निवास करते है। रोजी रोटी के लिए हजारों की संख्या कामगार और महिलाएं सुबह आठ से नौ के बीच शायकाल छ: से सात के बीच वापस घर के लिए दुपहिया साइकिल या पैदल लौटते है। खोड़ा में मुख्य सड़के 25 फिट से ज्यादा चौड़ी नही है। दोनो तरफ से चार-चार फीट तक मकानों पर छज्जा निकलने की वजह से बिजली के पोल छज्जों के बगल में गाड़ दिया गया है। रही सही कसर दुकानदारों ने घर के बाहर नाली के ऊपर रैंप बनाकर दुकानें सजा ली है।

पुलिस के पास भी फुरसत नहीं है। पुलिस भी लड़ाई-झगड़े और अन्य विवादों के निपटाने में समय बर्बाद हो जाता है। सुबह शाम जाम लगने से सड़के कराह रही है। लोगों का घंटो समय भी बर्बाद होता है। नोएडा प्राधिकरण द्वारा दीपक विहार के सामने बनाई गई सर्विस रोड ईट मोरंग बदरपुर ऑटो वर्कशॉप अवैध पार्किंग और कबाड़ गोदामों का हब बन गई है। नोएडा प्राधिकरण द्वारा खोड़ा की सीमा होने के वजह से अतिक्रमण नहीं हटवाया जाता। वहीं नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार अधिकारी भी नोएडा सीमा में अतिक्रमण होने की वजह से हटवाने में कोई रुचि नहीं लेते।

## रजिस्ट्री नहीं कराने पर 95 बिल्डर सोसाइटी को नोटिस

■ **बायर्स की नहीं करा रहे रजिस्ट्री, डीएम के साथ आज बिल्डरों की होगी बैठक**

**नोएडा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। फ्लैटों की रजिस्ट्री नहीं कराने वाले बिल्डरों के साथ गुरुवार को डीएम मनीष कुमार वर्मा कलेक्ट्रेट में बैठक करेंगे। अधिकारियों का कहना है कि अब बिल्डरों को रजिस्ट्री कराने के लिए अल्टीमेटम दिया जाएगा। नोएडा, ग्रेनो व यमुना प्राधिकरण ने कई ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी को ऑक्यूपेंसी व कंपलीशन सर्टिफिकेट जारी कर रखा है। इसके बाद संबंधित सोसाइटी के बिल्डर फ्लैटों की रजिस्ट्री नहीं करा रहे हैं। करीब डेढ़ महीने पहले डीएम ने कलेक्ट्रेट में बैठक में बिल्डरों को एक महीने के अंदर रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिए थे। लेकिन तक इस प्रक्रिया में खास तेजी नहीं आई है।

इससे पहले निबंधन विभाग ने नोएडा की 30, ग्रेनो व यमुना की 65 बिल्डर सोसाइटियों को नोटिस जारी कर रजिस्ट्री कराने के लिए कहा था। निबंध विभाग के एआईजी भोला शंकर वर्मा ने बताया कि नोटिस देने के बाद भी बिल्डरों ने न तो कोई संतोषजनक जबाव दिया और न ही रजिस्ट्री कराई।

बिल्डरों की इस लापरवाही के चलते फ्लैट खरीदारों को मालिकाना हक नहीं मिल पा रहा है जिससे वे विभिन्न सरकारी योजनाओं, ऋण और अन्य सुविधाओं से वंचित रह जा रहे हैं। अब बिल्डरों पर सख्ती बरतने के लिए गुरुवार को डीएम ने कलेक्ट्रेट में बैठक बुलाई है।

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, गुरुवार, 15 मई, 2025 | वर्ष-18 | अंक -39 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम से जुड़ेंगे ... 02
■ ड्रग्स माफिया की सक्रियता के चलते नशे का अड्डा ...
■ विभिन्न जेलों में उम्र कैद की सजा भुगत रहे छह ...
05
■ भाजपा के भस्मासुर पीछे लग गए हैं
■ वैश्विक हथियार उद्योग में अभूतपूर्व वृद्धि
06
भारतीय सेना सबसे मजबूत, सशक्त व ... 09

## सार संक्षेप

### सीडीएस चौहान, तीनों सेना प्रमुख राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिले



**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह तथा नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी के साथ बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। इन शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपति को पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों, उनके अड्डों और उनकी मदद करने वालों के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों के अभियान- ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी।

### अमृतसर में जहरीली शराब ने ली 23 लोगों की जान



**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर जिले में जहरीली शराब मामले में पंजाब पुलिस की कार्रवाई जारी है। अमृतसर पुलिस ने दिल्ली के मॉडल टाउन से जहरीली शराब मामले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) ने इसकी जानकारी दी है। पंजाब पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) के 'एक्स' अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया, अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने नकली शराब मामले में तेजी से कार्रवाई करते हुए दिल्ली के मॉडल टाउन से दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

### झारखंड में तीन सड़क हादसों में छह की मौत



**रांची।** झारखंड में बुधवार को तीन अलग-अलग सड़क हादसों में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली दुर्घटना पश्चिमी सिंहभूम जिले में चाईबासा-चक्रधरपुर हाईवे पर बाईहातू गांव के पास हुई। यहां विपरीत दिशा से आ रही छोटी मालवाहक गाड़ी और ट्रक के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोगों, 35 वर्षीय सीनू पूरति, 36 वर्षीय गंगा जारिका और 30 वर्षीय शिवराम हेंब्रम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार का प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग युवा पीढ़ी में मानवाधिकारों के संवर्धन और संरक्षण की व्यापक समझ बढ़ाने के उद्देश्य से देश के दूर-दराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए इस विषय में 'ऑनलाइन अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम' गुरुवार से शुरू करने जा रहा है। मानवाधिकार आयोग ने बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दो सप्ताह तक चलेगा। इसमें 21 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के 80 छात्र-छात्राओं को चुना गया है।

---

पाकिस्तान ने भारत से की अपील

# सिंधु जल समझौते पर फिर से करें विचार

## पाकिस्तान की सरकार ने भारत के जल शक्ति मंत्रालय को लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने सिंधु जल समझौते को बहाल करने के लिए फिर से भारत से गुहार लगाई है। पाकिस्तान की सरकार ने बुधवार को भारत के जल शक्ति मंत्रालय को चिट्ठी लिखकर सिंधु जल समझौते को स्थगित करने को लेकर दोबारा विचार करने की अपील की है।

पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सय्यद अली मुर्तजा ने भारत को लिखी चिट्ठी में कहा, सिंधु जल समझौता स्थगित होने की वजह से पाकिस्तान में खरीफ की फसल के लिए पानी का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। हालांकि अभी तक इस पर भारत का कोई रिएक्शन नहीं आया है।

राष्ट्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने साफ-साफ कहा कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते हैं। पीएम ने चेतावनी देते हुए कहा कि पाकिस्तान के आतंकी और सैन्य ठिकानों पर कार्रवाई को अभी सिर्फ स्थगित किया गया है और आने वाले दिनों में हम पाकिस्तान को इस कसौटी पर मापेंगे कि वह क्या रवैया अपनाता है। पीएम ने कहा



■ फसलों के लिए पानी का संकट खड़ा होने की बात कही
■ पानी को लेकर मोदी ने दी थी पाकिस्तान को चेतावनी

कि यह युग युद्ध का नहीं है, लेकिन यह युग आतंकवाद का भी नहीं है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने मंगलवार को कहा कि अगर भारत सिंधु जल संधि को फिर से शुरू नहीं करता है और हमारी तरफ आने वाले पानी को मोड़ने की कोशिश करता है तो दोनों देशों के बीच लागू हुआ संघर्ष विराम खतरे में पड़ सकता है। उन्होंने कहा, हम भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम का स्वागत करते हैं, लेकिन दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे के क्षेत्रों में बड़े सैन्य अभियानों के बाद, जल मुद्दे को जल्द ही हल करने की आवश्यकता है।

### पाकिस्तान ने बीएसएफ के अगवा जवान को छोड़ा

#### 20 दिन बाद अटारी-वाघा बॉर्डर के रास्ते हुई वापसी



**अमृतसर।** पाकिस्तान ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान पूर्णम कुमार साहू को पंजाब में अटारी-वाघा सीमा पर भारत को सौंप दिया। उन्हें 23 अप्रैल को पाकिस्तान रेंजर्स ने पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से पकड़ लिया था। बीएसएफ ने बताया कि पाकिस्तान रेंजर्स ने सुबह 10.30 बजे पूर्णम कुमार को अमृतसर जिले में अटारी में संयुक्त जांच चौकी पर (पाकिस्तान में वाघा सीमा के सामने) उसके हवाले कर दिया। बीएसएफ ने पूर्णम की एक तस्वीर जारी की जिसमें उन्हें दाढ़ी, मूंछ और बिखरे बालों के साथ देखा जा सकता है। वह गोल गले की हरे रंग की टीशर्ट पहने हुए हैं।

### जेएनयू ने तुर्किये की यूनिवर्सिटी से करार तोड़ा

भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच जवाहर लाल यूनिवर्सिटी ने तुर्किये की इनोनू यूनिवर्सिटी के साथ करार खत्म कर दिया है। जेएनयू ने एक्स पर लिखा- हम देश के साथ खड़े हैं। इस बीच, भारतीय व्यापारियों ने तुर्किये से सेब के आयात से इनकार कर दिया है। व्यापारियों का कहना है कि तुर्किये, पाकिस्तान को ड्रोन भेजता है। इन्हीं ड्रोन्स से पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। अब हम तुर्किये के सेब नहीं बेचेंगे। भारत तुर्किये से सालाना 1200 करोड़ रुपए का सामान आयात करता है। वहीं, भारत ने चीनी सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स, शिन्हुआ और तुर्किये के सरकारी मीडिया टीआरटी वर्ल्ड के एक्स अकाउंट पर से बैन हटा लिया।

---

## हाईकोर्ट ने मप्र सरकार में मंत्री के बयान का लिया संज्ञान

**भोपाल,** 14 मई (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए विवादित बयान पर अब मप्र हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि मंत्री पहले ही मामले को लेकर माफी मांग चुके हैं। दरअसल, मोहन सरकार के मंत्री विजय शाह ने मानपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान दिया था। इसका कांग्रेस ने विरोध किया है और मंत्री को पद से हटाने की मांग कर डाली।

हाईकोर्ट जस्टिस अतुल श्रीधरन तथा जस्टिस अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने मंत्री के विवादित बयान को संज्ञान में लेते हुए याचिका के रूप में सुनवाई करते हुए उनके खिलाफ चार घंटे में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। युगलपीठ ने मंत्री के खिलाफ बीएनएस की धारा 196 तथा



■ विजय शाह पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश
■ कर्नल सोफिया पर दिया था विवादित बयान
■ कांग्रेस ने की मंत्री को पद से हटाने की मांग

197 के तहत प्रकरण दर्ज करने के आदेश जारी किए हैं। याचिका में प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को अनावेदक बनाया गया है। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि एफआईआर दर्ज किए जाने के संबंध में न्यायालय को अवगत कराया जाए।

### पटवारी ने दर्ज कराई एफआईआर

मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

---

छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक ने दी जानकारी

## सुरक्षा बलों के साथ 21 मुठभेड़ों में 31 नक्सली ढेर

■ मारे गए 28 नक्सलियों की शिनाख्त हुई
■ एक करोड़ बहत्तर लाख का इनाम था

**बीजापुर,** 14 मई (देशबन्धु)। केन्द्रीय सुरक्षा बल के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह और छत्तीसगढ राज्य के पुलिस महानिदेशक अरूणदेव गौतम ने बुधवार को बताया कि बीजापुर के कर्रेगुटटा की पहाड़ी में 21 दिनों तक चलाये गये नक्सल विरोधी ऑपरेशन के दौरान कुल 21 मुठभेड़ों में 31 माओवादी मारे गए। मारे गए 28 नक्सलियों की शिनाख्त हो चुकी है जिनपर एक करोड़ बहत्तर लाख रुपए का इनाम घोषित था।

**हथियार भी बरामद किए गए**

उन्होंने बताया कि सभी मारे गए 31 माओवादियों के शव के साथ 31 हथियार भी बरामद किए गए हैं। इसमें एसएलआर, इसांस समेत आटोमेटिकल हथियार शामिल हैं। अब तक 28 नक्सलियों की शिनाख्ती हो चुकी है। शेष शवों की पहचान प्रक्रिया जारी है। दोनों अधिकारियों ने कहा कि अनुमान लगाया जा रहा है कि 21 दिनों तक चलाए गए इस ऐतिहासिक एंटी नक्सल ऑपरेशन में कई बड़े नक्सली लीडर या तो मारे गए हैं या घायल हुए हैं। भौगोलिक परिस्थितियों के कारण हमारे जवान बाकी नक्सलियों के शव बरामद नहीं कर पाए हैं।



जिस पहाड़ पर कभी लाल आतंक का राज था, वहां आज शान से तिरंगा लहरा रहा है: **अमित शाह, गृह मंत्री**

### 214 ठिकानों को नष्ट किया नष्ट

सर्वश्री सिंह और गौतम ने बताया कि इस दौरान 214 माओवादी ठिकानों और बंकरों को जवानों ने नष्ट किया नष्ट। कर्रेगुट्टा की पहाड़ी पर नक्सल विरोध अभियान के दौरान कुल 214 माओवादी ठिकानों और बंकरों को नष्ट किया गया है। सिर्फ 15 आईइडी ब्लास्ट हुए हैं। बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री के साथ 12 हजार किलोग्राम खाने का सामान भी बरामद हुआ है।

---

## ट्रंप के बयान पर चुप्पी के बजाय जवाब दें मोदी : कांग्रेस

### सैन्य कार्रवाई रोकने के निर्णय पर हर मंच पर बयान दे रहे हैं डोनाल्ड ट्रंप

**नई दिल्ली,** 14 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस ने कहा है कि पाकिस्तान के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई रोकने के निर्णय तथा कश्मीर को लेकर राग अलापने का हर मंच से जो काम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से किया जा रहा है वह देश की सुरक्षा और संप्रभुता के लिए गंभीर चिंता का विषय है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसको लेकर चुप्पी साधने की बजाय देश को जवाब देना चाहिए।

कांग्रेस के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश तथा विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की यहां हुई बैठक के बाद पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर पहली घोषणा अमेरिका से होती है जो गंभीर सवाल खड़े करती है और मोदी सरकार को इस सवाल का जवाब देना चाहिए। अब अमेरिका की ओर से कश्मीर को लेकर चर्चा करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि इस मुद्दे पर सिर्फ भारतीय संसद में ही बात होनी चाहिए लेकिन इस बारे में भी श्री मोदी चुप्पी साधे हैं।

प्रधानमंत्री बुनियादी सवालों का जवाब देने की बजाय आपरेशन सिंदूर पर राजनीति कर रहे हैं और इसे एक पार्टी का ब्रांड बनाने का प्रयास किया जा रहा है इसलिए सिर्फ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासन वाले राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाई जा रही है। यह इस आपरेशन सिंदूर के राजनीतिकरण करने का प्रयास है और इसे पार्टी का ब्रांड बनाने की कोशिश हो रही है।



सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर पहली घोषणा अमेरिका से होती है जो गंभीर सवाल खड़े करती है: **जयराम रमेश**

■ जवाब देने की बजाय राजनीति कर रहे मोदी
■ इस मुद्दे पर सिर्फ संसद में ही बात होनी चाहिए

### देश के बारे में निर्णय कौन ले रहा

सवाल है कि देश के बारे में निर्णय कौन ले रहा है और बेतुके निर्णय लेने की बात क्यों की जा रही है। देश की संप्रभुता के लिए यह खतरनाक है लेकिन श्री मोदी तथा विदेश मंत्री इस पर चुप हैं। इसका खंडन नहीं कर रहे हैं।

---

पहलगाम आतंकी हमले से पर्यटन को झटका

## 5,000 घोड़ा संचालकों की आजीविका छिनी



■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 14 मई (देशबन्धु)। पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले ने क्षेत्र के पर्यटन उद्योग को गहरा झटका दिया है, जिससे हजारों लोग बेरोजगार हो गए हैं। कभी चहल-पहल से भरा यह शहर अब वीरान पड़ा है, क्योंकि 5,000 घोड़ा संचालक और करीब 600 वाहन मालिक- अपने परिवारों के साथ-जो अपनी आजीविका के लिए पर्यटन पर निर्भर थे-बेकार हो गए हैं। अनंतनाग में कभी पर्यटन गतिविधियों का जीवंत केंद्र रहा पहलगाम का सुंदर शहर अब वीरान नजर आता है। यह हमला पर्यटन सीजन की शुरुआत में हुआ, जो अप्रैल से अक्टूबर तक चलता है - होटल, परिवहन, हस्तशिल्प और स्थानीय बाजारों से जुड़े व्यवसायों के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवधि है। हजारों निवासी, जिनकी आजीविका पर्यटकों की आमद पर निर्भर करती है, अब बहुत कम या बिना आय और घटती उम्मीद के साथ अनिश्चित भविष्य का सामना कर रहे हैं।

**करीब 600 वाहन मालिक भी हुए बेकार**

पत्रकारों से बात करते हुए, पोनी वाला एसोसिएशन के अध्यक्ष अब्दुल वहीद वानी ने उन हजारों घोड़ा संचालकों के लिए गहरी चिंता व्यक्त की, जो अब अपने परिवारों का भरण-पोषण करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वे कहते थे कि पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले से 5,000 घोड़ा संचालकों के परिवार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम की पूरी अर्थव्यवस्था पर्यटन पर निर्भर करती है, क्योंकि क्षेत्र के सभी 13 गांव इसकी प्राकृतिक सुंदरता पर निर्भर हैं।

---

## भारत के 52वें सीजेआई बने जस्टिस बीआर गवई

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई ने बुधवार को भारत के 52वें चीफ जस्टिस के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जस्टिस गवई को सीजेआई पद की शपथ दिलाई। सीजेआई खन्ना के बाद वरिष्ठता सूची में जस्टिस गवई का नाम था। इसलिए जस्टिस खन्ना ने उनका नाम आगे बढ़ाया। हालांकि, उनका कार्यकाल सिर्फ 6 महीने का है। सीजेआई गवई देश के दूसरे दलित और पहले बौद्ध चीफ जस्टिस हैं। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर दिए प्रोफाइल के मुताबिक, जस्टिसझ गवई 24 मई 2019 को सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में प्रमोट हुए थे। उनके रिटायरमेंट की तारीख 23 नवंबर 2025 है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह समेत कई केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहे। जस्टिस गवई का 24 नवंबर 1960 को महाराष्ट्र के अमरावती में जन्म हुआ था। उन्होंने 1985 में कानूनी कॅरियर शुरू किया। 1987 में बॉम्बे हाईकोर्ट में स्वतंत्र प्रैक्टिस शुरू की।



■ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शपथ दिलाई
■ छह महीने रहेगा गवई का कार्यकाल

---

## 'भार्गवास्त्र' का किया सफल परीक्षण

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। भारत ने ड्रोन हमलों के खिलाफ अपनी क्षमताओं को और मजबूत करते हुए अत्याधुनिक, कम लागत वाले हार्ड-किल काउंटर-स्वॉर्म ड्रोन सिस्टम 'भार्गवास्त्र' का सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण बुधवार को ओडिशा के गोपालपुर स्थित सीवर्ड फायरिंग रेंज में किया गया। यह सिस्टम स्वदेशी रूप से सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड (एसडीएएल) द्वारा विकसित किया गया है और इसे भारत की रक्षा क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है, खासकर यह ड्रोन स्वॉर्म (झुंड) जैसे खतरों को निष्क्रिय करने में काफी कारगर है।

**दुश्मन के ड्रोन्स को पल भर में करेगा नष्ट**

परीक्षण के दौरान सिस्टम के माइक्रो रॉकेट्स ने सभी प्रदर्शन मानकों को सफलतापूर्वक प्राप्त किया। 13 मई को तीन अलग-अलग परीक्षण किए गए, जिनमें दो व्यक्तिगत रॉकेट दागे गए और एक साल्वो मोड में, जहां दो रॉकेट केवल दो सेकंड के अंतर में दागे गए।

---

मंजूरी — *मोदी मंत्रिमंडल ने किया बड़ा फैसला*

# जेवर में बनेगी भारत की छठी सेमीकंडक्टर इकाई

**ग्रेटर नोएडा, 14 मई (देशबन्धु)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के जेवर में एक 3,706 करोड़ के सेमीकंडक्टर प्लांट को मंजूरी दे दी है। यह प्लांट एचसीएल और फॉक्सकॉन की साझेदारी में लगाया जाएगा और इसमें मोबाइल, लैपटॉप और गाड़ियों के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स बनाए जाएंगे।**

### 3,706 करोड़ के सेमीकंडक्टर प्लांट को मंजूरी दी

मामले में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह देश का छठा सेमीकंडक्टर प्लांट होगा और इसकी उत्पादन क्षमता 20,000 वेफर्स प्रति माह होगी, जिससे हर महीने 3.6 करोड़ चिप्स तैयार की जाएंगी।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश के जेवर में भारत की छठी सेमीकंडक्टर इकाई को मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत अब तक 5 सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी दी गई है और वहां तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है। एक इकाई में इसी साल उत्पादन शुरू हो जाएगा। यह इकाई एचसीएल और फॉक्सकॉन का संयुक्त उपक्रम है।



इसके साथ ही विज्ञप्ति नें कहा गया है, एचसीएल का हार्डवेयर विकसित करने और निर्माण करने का लंबा इतिहास रहा है। फॉक्सकॉन इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण में एक वैश्विक प्रमुख कंपनी है। वे मिलकर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में जेवर हवाई अड्डे के पास एक संयंत्र स्थापित करेंगे। यह संयंत्र मोबाइल फोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल, पीसी और डिस्प्ले वाले अन्य उपकरणों के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का निर्माण करेगा। संयंत्र को प्रति माह 20,000 वेफर्स के लिए डिजाइन किया गया है।

### हजारों लोगों को मिलेगा रोजगार

इस परियोजना से लगभग 2,000 प्रत्यक्ष नौकरियों और हजारों अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों का सृजन होने की उम्मीद है। यह यूनिट न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल्कि भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग को भी गति देगी।

उवाच "

7और 8 मई को खैरपुर गांव में शिविर लगाकर सुनवाई की गई थी। किसी कारणवश कुछ किसान अपना अभिलेख नहीं उपलब्ध करा सके। इसीलिए एसआईटी अध्यक्ष की तरफ से किसानों को एक मौका देते हुए बुधवार को सुनवाई की गई : **सुनील कुमार सिंह, एसीईओ**



# एसआईटी ने लीजबैक प्रकरणों की ग्रेनो प्राधिकरण में की सुनवाई

## एसआईटी के अध्यक्ष डॉ. अरुणवीर सिंह ने 83 किसानों को सुना



**ग्रेटर नोएडा,** 14 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अंतर्गत किसानों के लीजबैक के 83 प्रकरणों पर एसआईटी के अध्यक्ष डॉ. अरुणवीर सिंह ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह, ओएसडी गिरीश कुमार झा और एसडीएम जितेंद्र गौतम की मौजूदगी में किसानों के पक्ष को सुना। उनसे साक्ष्य प्राप्त किए। उनके बयान दर्ज किए गए।

प्राधिकरण ऑफिस में सुबह 11 बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक सुनवाई चली। इससे पहले एसआईटी के अध्यक्ष डॉ अरुणवीर सिंह, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह और पूरी टीम खैरपुर गुर्जर का मौका मुआयना कर किसानों का पक्ष सुन चुकी है, लेकिन कई किसान ऐसे थे, जो कि उस समय अपने लीजबैक से संबंधित अभिलेख उपलब्ध नहीं करा सके थे। इसे ध्यान में रखते हुए एसआईटी के अध्यक्ष डॉ. अरुणवीर सिंह ने किसानों को एक और अवसर देते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में बुधवार को सुनवाई की। एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि 7और 8 मई को खैरपुर गांव में शिविर लगाकर सुनवाई की गई थी। किसी कारणवश कुछ किसान अपना अभिलेख नहीं उपलब्ध करा सके। इसीलिए एसआईटी अध्यक्ष की तरफ से किसानों को एक मौका देते हुए बुधवार को सुनवाई की गई। बता दें, कि ग्रेटर नोएडा में आबादी की लीज बैक में गड़बड़ी की शिकायत पर शासन ने यीडा के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह की अध्यक्षता में एसआईटी गठित की है। एसआईटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर शासन से 1451 प्रकरणों में लीज बैक की अनुमति पूर्व में मिल चुकी है।

# जिलाधिकारी ने की वृक्षारोपण, पर्यावरण गंगा व वेटलैंड समिति की समीक्षा




**ग्रेटर नोएडा,** 14 मई (देशबन्धु)। पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं आगामी पौधारोपण अभियान को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। जिसमें वन विभाग, उद्यान विभाग, शिक्षा विभाग, प्राधिकरण, नगर पालिका, नगर पंचायत के अधिकारियों तथा पर्यावरणविद् के साथ पर्यावरण, वृक्षारोपण, गंगा एवं वेटलैंड समिति के लोग शामिल हुए।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं आगामी वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने में सरकारी विभागों के साथ-साथ आम जनमानस की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि जिस प्रकार सभी विभागीय अधिकारियों द्वारा पहले वृक्षारोपण अभियान को जनपद में सफल बनाया गया, इसी

> **पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सरकारी विभागों के साथ-साथ आम जनमानस की भी महत्वपूर्ण भूमिका : जिलाधिकारी**

प्रकार आगामी वृक्षारोपण अभियान को भी जन आंदोलन का रूप देते हुए सफल बनाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने उप जिलाधिकारी से भी कहा कि वह भी अपने-अपने क्षेत्र में हिंडन नदी के किनारे एवं तालाबों के आसपास स्थलों का चयन करते हुए वृक्षारोपण अभियान के तहत वहां पर भी वृक्षारोपण कराया जाए।

जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि आगामी वृक्षारोपण अभियान में स्कूली बच्चों का भी सहयोग लिया जाए, ताकि उनको पर्यावरण के संबंध में किताबी ज्ञान के साथ-साथ प्रैक्टिकल जानकारी भी प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने जिला गंगा समिति की समीक्षा करते हुए प्राधिकरण के अधिकारियों से कहा कि यमुना एवं हिंडन के मैदानों पर अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से अधिकारियों द्वारा संबंधित क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहकर अपने कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही डूब क्षेत्र में इस आशय का होर्डिंग लगाएं जाए कि डूब क्षेत्र में किसी प्रकार के निर्माण कार्य प्रतिबंधित है एवं नदियों के साफ-सफाई पर विशेष फोकस बनाए रखने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला वेटलैंड समिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा अतिक्रमित तालाबों को मिटीगेशन में शामिल करने की कार्यवाही की जाए एवं मिटीगेशन तालाबों का निरीक्षण किया जाएं।

# अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर नर्सिंग स्टॉफ को किया गया सम्मानित



**ग्रेटर नोएडा,** 14 मई (देशबन्धु)। शारदा केयर हेल्थ सिटी व शारदा अस्पताल में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। इस दौरान नर्सिंग स्टाफ को शपथ दिलाई गई और बेहतरीन काम करने वाले नर्सिंग स्टाफ को सम्मानित किया और केक काटा गया। प्रत्येक वर्ष एक विशेष थीम का चयन कर अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाता है। हमारी नर्स हमारा भविष्य नर्सों की देखभाल से अर्थव्यवस्था मजबूत होती है यह इस वर्ष कि थीम है। इनका मुख्य काम रोगी की स्थिति की मॉनिटरिंग करना, उपचार और दवाओं की देखभाल करना साथ ही उन्हें चिकित्सा सलाह देना होता है। डॉक्टर के साथ दिनरात मिलकर नर्स लोगों की सेवा करती हैं।

शारदा विश्वविद्यालय के प्रो. चांसलर वाई.के. गुप्ता ने कहा कि हमारी सेहत को सुनिश्चित करने में जितना योगदान डॉक्टर का होता है उतना ही नर्सेस का भी है। नर्स मरीजों की देखरेख ही नहीं करतीं बल्कि डॉक्टर और मरीजों के बीच की एक मजबूत कड़ी का भी काम करती हैं। नर्सों के इसी योगदान की सराहना करना इस दिन का मकसद है। यह भी कोशिश की जाती है कि नई पीढ़ी को भी इस प्रोफेशन के बारे में बताया जा सके और इससे जागरूक किया जा सके। शारदा अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ राममूर्ति शर्मा ने बताया कि इस वर्ष की थीम नर्सों के स्वास्थ्य और कल्याण पर केंद्रित है। समग्र स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का समर्थन करने में एक स्वस्थ नर्सिंग कार्यबल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने बताया कि फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक के रूप में जाना जाता है। उन्होंने अपने कार्य के द्वारा पूरी नर्सिंग की दुनिया को प्रभावित किया है। इस कारण फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म की सालगिरह पर दुनिया भर हर साल ये दिवस मनाया जाता है।

# मंथन में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के अत्यधिक उपयोग, चुनौतियां व समाधान पर हुई चर्चा

**ग्रेटर नोएडा,** 14 मई (देशबन्धु)। एचआईएमटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ग्रेटर नोएडा में मंथन 2025 राष्ट्रीय विचार गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष के विचार विमर्श का विषय था छात्रों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का अत्यधिक उपयोग, चुनौतियां और समाधान। संस्थान के चेयरमैन हेम सिंह बंसल ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों और अतिथियों को कहा कि हमारा प्रयास है कि छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और नैतिक दृष्टिकोण से भी सशक्त बनाया जाए। 'मंथन' जैसे आयोजन उन्हें विचारशील और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. नरेंद्र उपाध्याय के प्रस्तावना वक्तव्य से हुई। उन्होंने कहा कि मंथन केवल एक वार्तालाप मंच नहीं, बल्कि छात्रों की सोच, अभिव्यक्ति और समाधान तलाशने की क्षमता को विकसित करने का माध्यम है।

एचआईएमटी में मंथन की परंपरा वर्षों से छात्रों को समसामयिक विषयों पर जागरूक करने और विचारशील नागरिक बनाने का कार्य कर रही है। इसके पश्चात समूह निदेशक प्रो. (डॉ) सुधीर कुमार ने उद्घाटन भाषण दिया। कार्यक्रम में प्रख्यात




शिक्षाविदों, अधिवक्ताओं एवं बुद्धिजीवियों ने विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ विक्रांत चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान अनिल कुमार बंसल(सचिव), अनमोल बंसल (संयुक्त सचिव), प्रो. (डॉ.) पंकज कुमार निदेशक प्रबंधन अध्ययन, प्रो. (डॉ.) अनुज मित्तल, निदेशक फार्मेसी, प्रो. (डॉ) मनोरमा, प्रधानाचार्या, शिक्षा विभाग, प्रो. रमा दत्त, कार्यवाहक प्रधानाचार्या, कविता चौधरी, प्रशासनिक अधिकारी सहित सभी संकाय सदस्य मौजूद रहे।

# क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में 8 से अधिक विद्यालयों की 24 टीमें शामिल

## प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ियों की गाजियाबाद क्षेत्र के लिए बनेगी टीम

**ग्रेटर नोएडा,** 14 मई (देशबन्धु)। सेंट जोसेफ स्कूल सेक्टर अल्फा वन में चल रही क्षेत्र स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को संघीय (लीग) व कार्टर फाइनल प्रतियोगिताएं खेली गई। इस प्रतियोगिता में गाजियाबाद क्षेत्र के आई.सी.एस.ई. बोर्ड से सम्बद्ध 8 से अधिक विद्यालयों की 24 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

इस प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों को तीन अलग अलग आयु वर्गों 14 वर्ष से कम, 17 वर्ष से कम व 19 वर्ष से कम, में बांटा गया तथा आयु के हिसाब से अलग-अलग टीमें बनाई गई। इसमें सेंट जोसफविद्यालय सेक्टर अल्फा वन के साथ श्रीराम मिलेनियम विद्यालय नोएडा, सेंट



पॉल्स अकैडमी गाजियाबाद, जीसस एंड मैरी कॉन्वेंट विद्यालय ग्रेटर नोएडा, सेंट जेवियर विद्यालय गाजियाबाद, सेंट जोसेफ अकादमी गाजियाबाद, इंग्राहम स्कूल गाजियाबाद और होली एंजेल स्कूल गाजियाबाद के 300 से अधिक विद्यार्थी- खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं तथा 25 से अधिक प्रशिक्षक शामिल हैं। इस प्रतियोगिता के गाजियाबाद क्षेत्र की टीम बनायी जाएगी जो राज्य स्तरीय खेलेगी। प्रतियोगिता की अंतिम स्पर्धाएं गुरुवार को खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर जिप्सन पलाटी, स्कूल के खेल विभाग के शिक्षक एवं प्रशिक्षक मनीष तिवारी, त्रिमोहन कुमार, एकता खत्रा व संगीता राठी अपना योगदान दे रहे हैं। अंडर 14 वर्ग में सेंट जोसफविद्यालय ग्रेटर नोएडा, सेंट पॉल्स अकैडमी गाजियाबाद, जीसस एंड मैरी कॉन्वेंट विद्यालय ग्रेटर नोएडा एवं श्री राम मिलेनियम विद्यालय नोएडा सेमी फाइनल में प्रवेश कर चुकी हैं। अंडर 17 वर्ग में इंग्राहम विद्यालय, श्री राम मिलेनियम विद्यालय, सेंट जोसफ विद्यालय व अंडर 19 वर्ग में सेंट जेवियर, सेंट जोसफ स्कूल एवं सेंट जोसफ अकादमी अपनी एक एक स्पर्धा जीत चुकी हैं तथा अन्य प्रतियोगिताएं जारी हैं।

# ताइक्वांडो चौम्पियनशिप में भाग लेने के लिए जिले के 30 खिलाड़ी लखनऊ रवाना

**ग्रेटर नोएडा,** 14 मई (देशबन्धु)। पांचवीं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ताइक्वांडो चौंपियनशिप का आयोजन लखनऊ में हो रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिले के 30 खिलाड़ी बुधवार को रवाना हो गए। यह राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 15 से 18 में तक खेली जाएगी। जिला



ताइक्वांडो संघ के सचिव समरेंद्र ठाकुर ने बताया कि 30 खिलाड़ियों में से जीतने वाला खिलाड़ी राष्ट्रीय चौंपियनशिप में उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेगा। प्रतियोगिता में प्रदेश भर से करीब 800 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह खिलाड़ी सब जूनियर, कैडेट्स जूनियर, सीनियर और मास्टर वर्ग में पद के लिए जोर आजमाइश करेंगे। खिलाड़ियों के कोच समरेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर यूपी टीम का चयन किया जाएगा, जोकि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगी।

# छात्र परिषद शपथ ग्रहण समारोह में बच्चों को दी गई जिम्मेदारी

**ग्रेटर नोएडा,** 14 मई (देशबन्धु)। एपीजे इंटरनेशनल स्कूल, ग्रेटर नोएडा में छात्र परिषद के नवनियुक्त सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रांशु गुप्ता, भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा शामिल हुए। दीप प्रज्वलन व गणेश वंदना से समारोह की शुरुआत हुई। छात्र परिषद के सदस्यों का परिचालन एवं मंच पर आगमन अत्यंत अनुशासित ढंग से संपन्न हुआ। तत्पश्चात नवनियुक्त सदस्यों की घोषणा की गई एवं बैज प्रदान किए गए। सभी सदस्यों ने विद्यालय के प्रति निष्ठा एवं कर्तव्यपरायणता की शपथ ली।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ सरिता पांडे ने मंच से सभी को शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि प्रांशु गुप्ता ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि किसी कार्य को करने से पहले यह मत सोचिए कि



लोग क्या कहेंगे। जिस कार्य में आपका मन और रुचि हो, उसे पूरी लगन से कीजिए।

नवनियुक्त हेड बॉय अंश अग्रवाल और हेड गर्ल दक्षिता सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए और जिम्मेदारियों के प्रति समर्पण का भाव दर्शाया। छात्र परिषद की अध्यक्ष सांची सक्सेना ने उपस्थित सभी व्यक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए वोट ऑफ थैंक्स प्रस्तुत किया।

# जमीन के विवाद में सगे भाइयों पर हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**दनकौर,**14 मई(देशबन्धु)। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के खेरली हाफीजपुर कस्बे में करीब 15 दिन पहले दो सगे भाइयों पर जमीन के विवाद को लेकर पडोस के लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया गया था। इस घटना में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने घटना में नामजद फरार छठवें आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। खेरली हाफिजपुर निवासी सतवीर भाटी ने 1 मई को कोतवाली में दी शिकायत में कहा था कि उनके ही पड़ोस की



रेवसिंह पक्ष के आरोपियों ने उनके चाचा केवल और तेज सिंह पर जमीन के विवाद को लेकर लोहे की रॉड और डंडों से जानलेवा हमला कर दिया था। इस घटना में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आरोप है कि हमलावरों ने इस दौरान फायरिंग भी की थी। हालांकि गोली किसी को नहीं लगी थी। जबकि उनके दोनों चाचा गंभीर रूप से घायल हुए थे। जिनका अभी भी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में पुलिस अब तक 5 गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जबकि छठवें आरोपी कोशी उर्फ कोशेन्द्र निवासी बुलंदशहर को बुधवार को गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली मुनेंद्र सिंह का कहना है की घटना में करीब 6 अन्य और आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस लगी हुई है। सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# नवादा गांव में बदहाल है सफाई व्यवस्था लोग गंदगी में रहने को मजबूर



**ग्रेटर नोएडा,** 14 मई (देशबन्धु)। सिटी पार्क के पीछे नवादा गांव में रहने वाले लोग गांव के अंदर नियमित साफ-सफाई नहीं होने से बहुत परेशान हैं। नवादा गांव की गलियों में जगह-जगह पर गंदगी का ढेर लगा हुआ हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है सफाईकर्मी नियमित रूप से नहीं आते, जिससे जगह-जगह कूड़ा जमा हो जाता हैं। नवादा में स्थानीय निवासी के साथ रोजगार के लिए बाहर से आए लोग किराए के मकान में रहते है। गांव के निवासी प्रीती देवी, आजाद, सुभाष, लालू ठेकेदार जैसे कई परिवार पिछले कई वर्षों से रह रहें हैं। उन्होंने बताया कि गांव में गंदगी का अंबार लगा रहता, लेकिन न तो कोई अधिकारी ध्यान देता है और न ही सफाई कर्मचारी नियमित रूप से आते हैं।

लोगों ने बताया कि प्राधिकरण की लापरवाही के कारण सफाई नहीं हो पा रही है। गांव के लोगों का कहना है कि सफाईकर्मी काम नहीं करते, और ठेकेदार सफाई कर्मियों को उचित वेतन नही देता, जिसके कारण सफाईकर्मी अपना काम छोड़ देते हैं। यही वजह है कि जगह-जगह कूड़ा-कचरा फैला हुआ है। गांव की नालियां जाम हैं और बदबू से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। इससे मच्छर और बीमारियां फैल रही हैं। बच्चों और बुजुर्गों को खास तौर पर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब वे शिकायत करते हैं, तो अधिकारी केवल आश्वासन देकर चले जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई सुधार नहीं होता। लोगों की मांग है कि गांव में नियमित सफाई कराई जाए। सफाईकर्मियों को ठीक से भुगतान दिया जाए और ठेकेदारों पर निगरानी रखी जाए और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को इस पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

> **साफ-सफाई को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश, आंदोलन करने की दी चेतावनी**

# सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

**रबूपुरा,**14 मई (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस वे पर तेजगति कैंटर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के भेज अग्रिम कारवाई शुरू कर दी है। पुलिस अनुसार बुधवार सुबह जीरो पाइंट से 28 किमी0 की दूरी पर नोएडा से आगरा की तरफ जाते समय एक तेजगति कैंटर ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। पुलिस व सुरक्षाकर्मचारियों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ उपचार के दौरान कृष्णा पुत्र बिजेन्द्र निवासी शेरपुर थाना नौझील, मथुरा की मौत हो गई जबकि उसका साथी दिनेश पुत्र प्रकाश गम्भीर अवस्था मे उपचाराधीन है।

# प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले गांवों की समस्या समाधान को लेकर लगाई गुहार

**ग्रेटर नोएडा,** 14 मई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले गांवों की मूलभूत समस्या को लेकर सामाजिक संगठन के सदस्यों ने प्रदर्शन किया, सदस्यों ने बिलासपुर क्षेत्र के जुनेदपुर,रोशनपुर, गड़ाना, तालडा, झालडा आदि गांवों को जोड़ने वाली गड्डा युक्त सड़कों के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर करप्शन फ्री इंडिया संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बलराज हूंण के नेतृत्व में मुख्य कार्यपालक को संबोधित पत्र वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह को सौंपा। संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय ने बताया कि ग्रेनो




प्राधिकरण के प्रमुख गांव कासना में स्ट्रीट लाइट, नाली, साफ सफाई व गांव के मुख्य रास्ते आदि की समस्याओं के समाधान के संबंध में संगठन एवं कसाना गांव के ग्रामीणों ने प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक को संबोधित पत्र वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह को सौंपकर इन सभी समस्याओं के समाधान की मांग की। संगठन के प्रदेश महासचिव मास्टर दिनेश नागर ने बताया कि बिलासपुर क्षेत्र के गांव जुनेदपुर, रोशनपुर ,गड़ाना ,झालडा, तालडा आदि गांवों के मुख्य रास्ते पिछले लंबे समय से गड्ढा युक्त हैं जिस वजह से लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। इन सभी मार्गो का तत्काल पुनर्निर्माण करने की मांग ज्ञापन सौंपकर की। इस दौरान आलोक नागर, बलराज हूंण, दिनेश नागर, कुलबीर भाटी, हरीश भाटी, गौरव भाटी, राकेश नागर, जयचन्द भाटी, सतेन्द्र खारी, भूपेंद्र सिंह,अनूप कसाना, अजय, राजेंद्र भाटी,रतन सिंह, रामविलास ,लोकेश वाल्मीकि, सुनील वाल्मीकि व श्यामवीर भाटी आदि लोग मौजूद रहें।

# ड्रग्स माफिया की सक्रियता के चलते नशे का अड्डा बनती जा रही दिल्ली : कांग्रेस

## अपराधों को रोकने में भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार पर बोला हमला

**नई दिल्ली,** 14 मई (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि राजधानी दिल्ली में अपराधों को रोकने में भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार पूरी तरह विफल साबित हो रही है। यह चिंताजनक है कि दिल्ली में हो रहे अपराधों में जहां हत्या, डकैती, गोलीबारी, गैंगवार, अपहरण, झपटमारी, बलात्कार, और छेड़छाड के मामलां में पहली तिमाही में अत्यधिक वृद्धि हुई है वहीं दिल्ली को नशे का अड्डा बनाने में ड्रग माफिया चौतरफा अपने पैर पसार रहा है। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद रेखा गुप्ता ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से दिल्ली की कानून व्यवस्था बेहतर रखने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 28 फरवरी को बैठक की थी, परंतु दिल्ली पुलिस की 2025 की पहली तिमाही रिपोर्ट में खुलासा हो गया है कि मुख्यमंत्री और गृहमंत्री की बैठक सिर्फ औपचारिकतों के लिए हुई थी। देवेन्द्र यादव ने कहा कि यह



राजधानी में ऐसे लोग सत्तासीन है जो लोगों की सुरक्षा और दिल्ली की कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने में गंभीर नही : देवेन्द्र यादव

दिल्लीवासियों का दुर्भाग्य है कि पिछले 12 सालों से दिल्ली में ऐसे लोग सत्तासीन है जो लोगों की सुरक्षा और दिल्ली की कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने में गंभीर नही है। पुलिस द्वारा जारी आंकड़ो के अनुसार जनवरी से मार्च, 2025 तक 107 हत्या और 168 लोगों की जान लेने के प्रयास, 315 डकैती के मामले, झपटमारी के 1199 मामले, महिलाओं से छेड़छाड़ 379 मामले और 370 बलात्कार जैसे जघन्य अपराध हुए है। उन्होंने कहा कि यह अति संवेदनशील है कि पहली तिमाही में महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और बलात्कार की प्रतिदिन 4-5 घटनाएं हो रही है। प्रतिदिन 3 से अधिक डकैती और एक से अधिक हत्या के मामले दर्ज हुए है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा दिल्ली पुलिस पर प्रति वर्ष 11-12 हजार करोड़ रुपए खर्च करने के बावजूद दिल्ली अपराधिक राजधानी बनी हुई है।

### राजधानी में सरे आम बिक रही ड्रग

देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में हर दिन करोड़ो की ड्रग्स पुलिस द्वारा पकड़ी जा रही है परंतु फिर भी दिल्ली में सरे आम ड्रगस बिक रही है। इतनी बड़ी संख्या में राजधानी दिल्ली के बॉर्डर से अंदर आने वाली ड्रग्स जो युवाओं को नशे के दलदल में धकेलने के लिए आखिर कौन लोग सक्रिय है। 8 मई को सागरपुर में 45 लाख की ड्रग्स पकड़ी गई। 9 मई को 900 करोड़ की 82.53 किलो ड्रग्स पकड़ी गई। 2 अप्रैल को 8.75 करोड़ और 31 मार्च को 27 करोड़ की ड्रग्स पकड़ी गई जिसमें 5 अफ्रीकी नागरिक पकड़े गए। उन्हांने कहा कि भाजपा हो या आम आदमी पार्टी दिल्ली में अपराधों को रोकने में विफल साबित हुई है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 1 दिसम्बर, 2024 को दिल्ली को नशामुक्त बनाने के लिए मेगा ड्रग डिस्ट्रक्शन अभियान भी पूरी तरह विफल साबित हुआ है। दिल्ली में नशे का धंधा ज़ोरों पर है और युवाओं को नशे में धकेला जा रहा है। स्कूल और कॉलेज तक ड्रग्स पहुँचने में विद्यार्थीयों को नशे में धकेला जा रहा है। भाजपा सरकार की लापरवाही की वजह से दिल्ली का युवा नशे के कारण खोखला होता जा रहा है।

# विभिन्न जेलों में उम्र कैद की सजा भुगत रहे छह कैदी खुली हवा में अब लेंगे सांस

## सेंटेंस रिव्यू बोर्ड की सिफारिश पर एलजी ने दिए कैदियों की रिहाई के आदेश

■ जोगेन्द्र सोलंकी

**नई दिल्ली,** 14 मई (देशबन्धु)। दिल्ली की विभिन्न जेलों में बंद आजीवन कारावास की सजा पाए छह कैदी अब खुली हवा में सांस ले सकेंगे। दिल्ली के उपराज्यपाल ने इन कैदियों की सजा माफ करने को मंजूरी दी है। एलजी सचिवालय के मुताबिक दिल्ली सरकार के गृह मंत्रालय के तहत गठित सेंटेंस रिव्यू बोर्ड की तरफ से की गई सिफारिश पर उपराज्यपाल ने यह निर्णय लिया है। दिल्ली सरकार के गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 474 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना 24 अप्रैल को आयोजित अपनी बैठक में सेंटेंस रिव्यू बोर्ड की सिफारिश पर आजीवन कारावास की सजा पाए छह दोषियों की सजा की अवधि माफ करने का आदेश दिया है। इस आदेश के बाद दिल्ली के तिहाड़, रोहिणी और मंडोली जेलों के अधिकारियों को दोषियों द्वारा व्यक्तिगत बांड प्रस्तुत करने पर तत्काल रिहाई का निर्देश दिया गया है।



इसमें कहा गया है कि यदि दोषी की रिहाई की तारीख तक उसके संज्ञान में कोई रिपोर्ट लाई गई है, तो मामले को सेंटेंस रिव्यू बोर्ड को वापस भेजा जाना चाहिए। आदेश में कहा गया है कि जिन दोषियों की सजा माफ की गई है, वे अगले 2-7 वर्षों में 20 साल की सजा पूरी करेंगे। सेंटेंस रिव्यू बोर्ड की अध्यक्षता दिल्ली के गृह मंत्री करते हैं। इस मीटिंग में सेंटेंस रिव्यू बोर्ड के अन्य सदस्य, अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह), महानिदेशक (जेल), प्रधान सचिव (कानून), प्रधान जिला न्यायाधीश, स्पेशल कमिश्नर (पुलिस) एवं निदेशक (समाज कल्याण) भी शामिल हुए थे। दिल्ली के गृह विभाग के मंत्री आशीष सूद का कहना है; सेंटेंस रिव्यू बोर्ड ने न्याय और पुनर्वास के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए, प्रत्येक मामले को उसके इंडिविजुअल मेरिट के आधार पर गहनता से विचार किया है। वैसे कैदी जिनमें कारावास के दौरान वास्तविक सुधार और पश्चाताप दिखा है, उनकी समयपूर्व रिहाई के द्वारा हम उन्हें समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का एक और मौका देना चाहते हैं। इसके साथ ही इससे जेल पर बोझ को कम करने में भी मदद मिलेगी। दिल्ली की तिहाड़ जेल में क्षमता से अधिक कैदी इस समय हैं। दिल्ली के तिहाड़ जेल की कुल क्षमता 10 हजार है जबकि वर्तमान में 19,500 कैदी रह रहे हैं।

वर्ष 2020 में कोरोना महामारी के समय में यहां पर सोशल डिस्टेंसिंग की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई थी और जेल में भीड़ कम करने के लिए करीब चार हजार कैदियों को पैरोल पर छोड़ना पड़ा था। बता दें कि इससे पहले सितंबर 2024 में सेंटेंस रिव्यू बोर्ड की बैठक हुई थी। तब तत्कालीन आम आदमी पार्टी सरकार ने बोर्ड मीटिंग के बाद 14 दोषियों की समयपूर्व रिहाई की उपराज्यपाल से सिफारिश की थी।

## पुस्तक थिंक लाइक ए सेज, लीड लाइक ए सीईओ का विमोचन

**नई दिल्ली,** 14 मई (देशबन्धु)। एस्ट्रोन्यूमरोलॉजिस्ट और भारतीय ज्ञान परंपरा के शोधकर्ता सिद्धार्थ एस कुमार ने अपनी क्रांतिकारी पुस्तक थिंक लाइक ए सेज, लीड लाइक ए सीईओ, तंत्रयुक्ति फॉर बिज़नेस सक्सेस, द 30 - डे तंत्रयुक्ति गाइड का औपचारिक विमोचन कर दिया है। यह पुस्तक प्राचीन भारतीय तंत्रयुक्ति प्रणाली को आज के तेज़ी से बदलते व्यावसायिक नेतृत्व से जोड़ने का एक ऐतिहासिक और प्रासंगिक प्रयास है। लगभग 2000 वर्ष पुरानी तंत्रयुक्ति प्रणाली पर आधारित इस पुस्तक में उन 32 तर्क-संरचना तकनीकों को सरल व आधुनिक भाषा में प्रस्तुत किया गया है, जिनका उपयोग कभी चाणक्य, सुश्रुत, और अन्य महान ऋषियों द्वारा किया जाता था। आज, इन्हीं सिद्धांतों को लेखक ने पुनः जीवित करते हुए स्टार्टअप संस्थापकों, रणनीतिकारों, और प्रभावशाली नेतृत्वकर्ताओं के लिए निर्णय थकान, नवाचार में जटिलता, और टीम प्रबंधन के असंतुलन जैसी चुनौतियों के समाधान के रूप में प्रस्तुत किया है। यह पुस्तक एक 30-दिन की आत्मपरिवर्तन यात्रा के रूप में रची गई है, जहाँ प्रत्येक अध्याय एक युक्ति पर केंद्रित है—उसका परिचय, व्यावसायिक उपयोग, दैनिक अभ्यास, और विश्व-प्रसिद्ध कंपनियों जैसे अमेज़न, एप्पल, टेस्ला से जुड़ी केस स्टडीज़ शामिल हैं।



## 12वीं का कमल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल विकास पुरी का रहा उत्कृष्ट परिणाम



**नई दिल्ली,** 14 मई (देशबन्धु)। कमल पब्लिक स्कूल, डी-ब्लॉक विकास पुरी के छात्रों ने कक्षा 12वीं सीबीएसई परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करके स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल में सबसे अधिक अंक पाने वाले छात्रों में कीर्ति बहल 95 प्रतिशत कॉमर्स स्ट्रीम, तन्मय विजय 94.2 प्रतिशत साइंस स्ट्रीम और खुशन 90 प्रतिशत ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम शामिल हैं। अन्य मेधावी छात्रों में मान्या शर्मा 93 प्रतिशत, उत्कर्ष सिंह 93 प्रतिशत, अंजलि बाली 92 प्रतिशत, अध्ययन गुप्ता 90.4 प्रतिशत और यश शर्मा 90 प्रतिशत शामिल हैं। अध्यक्ष डॉ. आर.के. टंडन और प्राचार्य डॉ. रीमा टंडन ने टॉपर्स को बधाई दी और शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों के अथक और सार्थक प्रयासों की सराहना की।

## सीबीएसई 10वीं परीक्षा में छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कमल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डी-ब्लॉक विकास पुरी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त करके कक्षा 10वीं की सीबीएसई परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में अभिनव झा 95 प्रतिशत, अपूर्व चौधरी 95 प्रतिशत, वंश छाबड़ा 93.6 प्रतिशत, नव्या अरोड़ा 93.6 प्रतिशत, हर्षित गोला 93 प्रतिशत, अंशिका भारती 92 प्रतिशत, लविश 90.8 और शरीना कपूर 90 प्रतिशत हैं। अध्यक्ष डॉ. आर.के. टंडन और प्रिंसिपल डॉ. रीमा टंडन ने टॉपर्स को बधाई दी और शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों के अथक और सार्थक प्रयासों की सराहना की।



## नृत्य-नाटिका में गूंजा नारी शक्ति का स्वर

**नई दिल्ली,** 14 मई (देशबन्धु)। अतोरियम फाउंडेशन द्वारा प्रस्तुत नृत्य-नाटिका 'चित्रांगदा - स्त्री की सर्वोच्च ध्वनि' ने राजधानी के दर्शकों के हृदय को गहराई से छू लिया। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की कालजयी रचना पर आधारित यह मंचन केवल एक सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं, बल्कि नारीत्व, आत्मबोध और सामाजिक पहचान की एक सशक्त अभिव्यक्ति बनकर सामने आया। शास्त्रीय और समकालीन नृत्य शैलियों का मनमोहक संगम, प्रतीकात्मक मंच सज्जा और दिवेंदु घोष की मूल संगीत रचना ने पूरी प्रस्तुति को एक प्रभावशाली रंगमंचीय अनुभव में ढाल दिया। युद्धभूमि की वीरता से लेकर आत्म-स्वीकृति की यात्रा तक, चित्रांगदा की कहानी को अत्यंत भावनात्मक गहराई के साथ प्रस्तुत किया गया।


**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई-नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई-बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है-

| ई-कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-16-2025 | दिनांक 29.05.2025 को 11:00 बजे | नई दिल्ली (AGS Side) (PCCV), मेरठकैंट (कंकनखेड़ा), आदर्श नगर (पी आर एस), कुरुक्षेत्र 1st Entry, दिल्ली 2nd Entry KGS Side (TW Parking), बरेटा, मुरादनगर, खतौली, कुरुक्षेत्र Site-1, कुरुक्षेत्र Site-2, करनाल (375 वर्गमीटर), शाहाबाद मारकंडा, गाजियाबाद (सिटी साइड) नया गाजियाबाद, कुरुक्षेत्र 2nd Entry = कुल 15 साइटें |

**वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है : https://ireps.gov.in/**

**ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ : आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:** 1. इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। 2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान। 3. भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता। 4. आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण। 5. फण्ड का लियन मार्किंग। 6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) | 7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई-निविदा/ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

**सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी** : वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055, Email: pkg.delhidivision@gmail.com, Tel: 011-23743084

सं.: 23AC/393/E-Auction/Pkg/2025 दिनांक: 13.05.2025 1419/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

YEIDA FUTURE IS HERE

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नौएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर, 201308 (उ.प्र.)
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट: www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक: वाई.ई.ए. / भूलेख / तह. / 278 / 2025 दिनांक: 13.05.2025

**सार्वजनिक सूचना**

निम्नलिखित भूमि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आपसी सहमति के आधार पर काश्तकारों से क्रय किया जाना प्रस्तावित है। क्रय हेतु काश्तकार, गाटा संख्या, क्षेत्रफल व काश्तकार का हिस्सा निम्नलिखित तालिका में अंकित है –

| क्रम. सं. | खाता संख्या | खसरा संख्या | गाटे का कुल क्षेत्रफल (हे. में) | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का भाग | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ग्राम रबूपुरा, फिल्म सिटी, सैक्टर–21, चंक 02 के अन्तर्गत) | | | | | | |
| 1 | 838 | 799 | 0.1480 | में से | 0.0740 | सुरेश पुत्र रोशनलाल नि. भाईपुर |
| | 837 | 788 | 1.2880 | में से | 0.1220 | |
| 2 | 49 | 857 | 2.7170 | में से | 0.7590 | बाबूराम पुत्र रामजीलाल नि. दिल्ली |
| (ग्राम रबूपुरा, फिल्म सिटी, सैक्टर–21, चंक 01 के अन्तर्गत) | | | | | | |
| 3 | 889 | 373 | 4.8240 | में से | 1.0373 | राजकुमार पुत्र चन्द्रपाल नि. रबूपुरा |
| (ग्राम रबूपुरा, फिल्म सिटी, सैक्टर–21, चंक 03 के अन्तर्गत) | | | | | | |
| 4 | 1078 | 952 | 0.0890 | में से | 0.0148 | अनीस व नसीम बेगम पुत्र व पत्नी समीर नि. रबूपुरा |
| | 1078 | 985 | 0.5860 | में से | 0.0976 | |
| | 1076 | 1002 | 0.3680 | में से | 0.0614 | |
| (ग्राम रबूपुरा, फिल्म सिटी, सैक्टर–21 के अन्तर्गत) | | | | | | |
| 5 | 942 | 1066 | 3.8210 | में से | 0.2480 | शकीला व शहजाद पुत्रगण सोफिया नि. रबूपुरा |
| | 942 | 1064 | 0.5690 | में से | 0.0474 | |
| | 942 | 1065 | 0.3160 | में से | 0.0264 | |
| 6 | 01 | 275 | 0.6070 | में से | 0.1517 | गुलाब पुत्र मानसिंह नि. रबूपुरा |
| 7 | 01 | 275 | 0.6070 | में से | 0.1518 | करतार सिंह व हुकम सिंह पुत्रगण फूलसिंह नि. रबूपुरा |
| (ग्राम–रबूपुरा सैक्टर–28, मेडिकल डिवाईस पार्क, डाटा सेन्टर पार्क, कॉमर्शियल व फ्यूचर यूज के अन्तर्गत) | | | | | | |
| 8 | 942 | 1064 | 0.5690 | में से | 0.0238 | बेगम पत्नी शोफिया नि. रबूपुरा |
| | 942 | 1065 | 0.3160 | में से | 0.0131 | |
| 9 | 230 | 1101/1 | 0.1140 | में से | 0.0285 | समीम व नईम व फईम पुत्रगण सलीम व सलमा पत्नी सलीम नि. रबूपुरा |
| | 632 | 1101/2 | 0.2280 | | 0.0570 | |
| 10 | 230 | 1101/1 | 0.1140 | में से | 0.0190 | शकी व दारा व हारून पुत्रगण मुकीम नि. रबूपुरा |
| | 632 | 1101/2 | 0.2280 | में से | 0.0380 | |
| 11 | 630 | 1097मि | 0.6293 | | 0.0197 | नदीम व कदीम व मोसिम व हासिम व अलिजा व निजार पुत्री व पत्नी इदरीश |
| | 65 | 1099मि | 1.3300 | | 0.0631 | |
| | 937 | 1098 | 0.2930 | | 0.0977 | |
| (ग्राम भुन्नातगा सै.–33) | | | | | | |
| 12 | 91 | 430/1 | 0.4050 | में से | 0.1353 | छोटू, जुगेन्द्र, देवेन्द्र, विरेन्द्र पुत्रगण ननुआ नि. भुन्नातगा |

- प्रस्तावित भूमि प्राधिकरण के नियोजित सै. यथा 21, 28 व 33 के अन्तर्गत होने के कारण क्रय हेतु प्रस्तावित है।
- उक्त भूमि को क्रय करने हेतु तालिका में अंकित काश्तकारो द्वारा सहमति प्रदान की गयी है जिसके क्रम में प्राधिकरण द्वारा उक्त भूमि आपसी सहमति के आधार पर क्रय की जानी प्रस्तावित है।
- प्रस्तावित भूमि को प्राधिकरण की 84वीं बोर्ड बैठक की मद संख्या 03 के अनुसार रूपये 3808 / – प्रति वर्ग मी. की दर से सम्बन्धित भूस्वामी के पक्ष में भुगतान किया जाएगा व 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड आवटित किया जाएगा।

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में 15 दिवस के अंदर यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के कार्यालय / सी.आर. सैल में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। **विशेष कार्याधिकारी**

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मास्टर प्लॉन के अतिरिक्त प्लॉटिंग / हाउसिंग / कॉलोनी या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह से अवैध है। सामान्यजन इस प्रकार की खरीदफरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाइजर के भ्रामक विज्ञापनों से बचें। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण की वेबसाइट www.yamunaexpresswayauthority.com देखें।


## केनरा ट्रूएज बचत व चालू खाता लॉन्च

**नई दिल्ली,** 14 मई (देशबन्धु)। भारत के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, केनरा बैंक ने केनरा ट्रूएज के महत्वपूर्ण लॉन्च की घोषणा की, जो चालू और बचत खातों का एक विशेष और सुविधा संपन्न उत्पाद है। विश्वास से प्रगति, श्रेष्ठता से नेतृत्व टैगलाइन के साथ, यह नई पेशकश देश भर में संस्थागत ग्राहकों की एक विस्तृत श्रृंखला की अनूठी और उभरती बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई है, जिसमें स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और धार्मिक संगठनों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र, साथ ही अन्य गैर-व्यक्तिगत संस्थाएं शामिल हैं। स्थिर जमा वृद्धि और दीर्घकालिक बैंकिंग साझेदारी को बढ़ावा देने में इन संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकारते हुए, केनरा बैंक ने ग्राहक वर्ग को बढ़ाने और उनके विशिष्ट परिचालन और वित्तीय कार्यप्रवाह के अनुरूप समाधान प्रदान करने के लिए केनरा ट्रूएज विकसित किया है।

## सावरकर सम्मान यात्रा 28 मई को

**नई दिल्ली,** 14 मई (देशबन्धु)। अभिनव भारत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चेतन शर्मा ने प्रेस क्लब ऑफ इंडिया नई दिल्ली के प्रांगण में युग पुरुष वीर विनायक दामोदर सावरकर जी के 132वीं जन्म तिथि 28 मई को भगूर (नासिक) से दिल्ली तक 30 दिवसीय सावरकर सम्मान यात्रा की जानकारी दी। यह यात्रा देश के 100 जिले 20 राज्य से हो कर गुजरेगी। 22 अप्रैल पहलगाम (कश्मीर) में निर्दोष सैलानियों पुरुषों को धर्म पूछकर हिन्दू होने के वजह से चुन चुन कर उनके पत्नियों एवं बच्चो के समक्ष मारा गया। निर्दोष हिन्दुओं के निर्मम नरसंहार पर वीर सावरकर की स्मृति पुनर्जागृत होती है कि भारत को हिन्दू राष्ट्र बनना ही चाहिए। एक सशक्त, समर्थ हिन्दू राष्ट्र ही देश की प्रगति और सुरक्षा सुनिश्चित कर सकता है, मौजूदा सरकार ने जो भी जवाबी करवाई की है हम उसका समर्थन करते हैं, सशस्त्र सेना ने दुश्मन देश पर जो भी प्रहार किया है हम उसकी भूरि भूरि प्रशंसा करते है। अभिनव भारत पार्टी का स्पष्ट मत है कि भारत सरकार को दुश्मन देश का समूल नाश करना चाहिए वरना आतंकवादी गतिविधियां बारम्बार होती रहेगी जैसे 75 वर्षो का इतिहास रहा है।



## एमसीडी ने अवैध डेयरियों को किया सील

**नई दिल्ली,** 14 मई (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम के शाहदरा साउथ जोन ने मंडावली इलाके में दो अवैध डेयरियों और एक अनधिकृत मीट शॉप को सील कर दिया है। यह कार्रवाई नियमों के उल्लंघन को लेकर की गई। डिप्टी कमिश्नर बादल कुमार ने कहा कि सीलिंग अभियान कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया था। डिप्टी कमिश्नर बादल कुमार ने आगे कहा कि इलाके में चल रही अन्य अवैध डेयरियों को नोटिस जारी किए गए हैं। इन अवैध डेयरियों के कारण आवारा पशुओं की समस्या पैदा होती है। एमसीडी ऐसे उल्लंघनों के खिलाफ सख्त रुख अपना रही है और नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखेगी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी गतिविधियाँ कानूनी ढांचे के भीतर संचालित हों और नियमों का पालन करें।

## प्रोटीन ब्रेड-रागी मिलेट ब्रेड की पेश

**नई दिल्ली,** 14 मई (देशबन्धु)। क्लीन लेबल ब्रेड और बेकरी रेंज के साथ क्लीन ईटिंग में अपनी पहचान बनाने के बॉन ला अमेरिकाना गॉरमेट ने न्यूट्रिशन पर केंद्रित होकर जीरो मैदा प्रोटीन ब्रेड और जीरो मैदा रागी मिलेट ब्रेड पेश किए। ये नए ब्रेड उन ग्राहकों के लिए हैं, जो अपने दैनिक आहार में प्राकृतिक सामग्री के साथ भरपूर प्रोटीन और फाइबर चाहते हैं।


**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण**
विकास पथ गाजियाबाद
(ISO 9001 :2015 एवं ISO 14001 :2015 प्रमाणित संस्था)

**''सार्वजनिक सूचना''**

एतद् द्वारा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुधा जेटली पत्नी श्री हिम्मत जेटली द्वारा खसरा संख्या– 99 मि0, 100 मि० व 101 मि० स्थित ग्राम–नूरनगर, गाजियाबाद की भूमि के 894.25 वर्ग मी० क्षेत्रफल पर पेट्रोल पम्प का मानचित्र आवेदन संख्या– **GDA/BP/23-24/0472** स्वीकृत किये जाने हेतु ऑन लाइन प्रस्तुत किया गया है। गाजियाबाद महायोजना–2021 के अनुसार खसरा संख्या–99मि0, 100 मि० व 101 मि० स्थित ग्राम–नूरनगर, गाजियाबाद का भू–उपयोग क्रमशः खसरा संख्या–99मि० हेतु 45 मी० चौडे जोनल मार्ग के मार्गाधिकार की भूमि छोडने के उपरान्त आंशिक भाग आवासीय एवं अवशेष भाग नदी / नदी संरक्षित क्षेत्र, खसरा संख्या–100 मि० हेतु 45 मी० चौड़े जोनल मार्ग के मार्गाधिकार की भूमि छोडने के उपरान्त अवशेष भाग नदी / नदी संरक्षित क्षेत्र, एवं खसरा संख्या–101 मि० हेतु 45 मी0 चौडे जोनल मार्ग के मार्गाधिकार की भूमि छोडने के उपरान्त अवशेष भाग आवासीय के अन्तर्गत प्रदर्शित है। गाजियाबाद महायोजना–2021 में जोनिंग रेगुलेशन के प्राविधान के अनुसार आवासीय में पैट्रोल पम्प की क्रिया सशर्त अनुमति से अनुमन्य है। ऐसी क्रिया की अनुमति से पूर्व जन–सामान्य से एक माह हेतु आपत्ति / सुझाव प्राप्त किये जाने का प्राविधान जोनिंग रेगुलेशन में निहित है। उक्त के दृष्टिगत कोई व्यक्ति / संस्था उक्त के सम्बन्ध में अपनी कोई आपत्ति / सुझाव देना चाहे तो. उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति / सुझाव कार्यालय, मुख्य नगर नियोजक, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त समयावधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले किसी भी आपत्ति / सुझाव पर विचार नही किया जा सकेंगा।

**सचिव**

ई-मेल : helplinegda@gmail.com, @Gda Ghaziabad : gdagzb
हेल्पलाईन नं: 0120-4418384 व्हाट्सएप : 9990988004, वेबसाईट : www.gdaghaziabad.in

एक सुन्दर शहर ............ हमारा संकल्प



**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी हेतु सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / भाल भाड़ा, दिल्ली डिवीजन, उत्तर रेलवे, रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022 / टीसी (एफएम) / 10 / 04 दिनांक 13.06.2022, के अनुसार दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर के स्थान को 02 वर्षों के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है

| क्रम संख्या | ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथासमय | एस्सेटस जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1 | 22.05.25 को 10:30 बजे | 12034 (F1), 12191 (F1 & F2), 12428 (F1) (मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार), 12457 (F1, F2 & R1), 12444 (F1), 12562 (F1), 12874 (F1), 12963 (F1), 14041 (R1) (रविवार), 14507 (F1, F2 & R1), 15035 (F1 & R1), 19338 (F1), 20806 (F1), 20958 (F1), 22421 (F1), 22429 (F1), 22463 (F1), 22806 (F1), 22824 (F1). |
| 2 | 23.05.25 को 10:30 बजे | 12005 (F1), 12038 (F1), 12055 (F1), 12057 (F1), 12060 (F1) (सोमवार & मंगलवार), 12191 (R1), 12215 (F1), 12612 (F1), 12816 (F1), 12954 (F1), 12986 (F1), 14206 (F1), 14331 (F1, F2 & R1), 14714 (F1), 20452 (F1), 20504 (F1), 22168 (R1), 22421 (F2 & R1), 22434 (F1), 22986 (F1). |
| 3 | 26.05.25 को 10:30 बजे | 12002 (F1), 12011 (F1), 12013 (F1), 12017 (F1), 12040 (F1), 12045 (F1), 12066 (F1), 12148 (F1, F2), 12428 (F1) (सोमवार), 12448 (F1), 12455 (F1), 12481 (F1), 14041 (F1), 14053 (F2), 14212 (F1), 14305 (F1, F2, R1), 14731 (F1), 20938 (F1), 20946 (F1), 22454 (F1, F2, R1). |
| 4 | 28.05.25 को 10:30 बजे | 12015 (F1), 12050 (F1), 14041 (F2), 14087 (F1, F2, R1), 14089 (F1, F2, R1), 14303 (F1, F2, R1), 14316 (F2), 14679 (F1), 15035 (F2), 15060 (F1, F2, R1), 20473 (F2), 22472 (F1, F2, R1), 54076 (F1, R1). |

**महत्वपूर्ण सूचना:**
1. ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https:/www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html. (e-Auction leasing section)** जाने की सलाह दी जाती है। 2. निम्नलिखित एस्सेट्स जिन्हें पुनः संशोधित रिजर्व प्राइस (RP) पर आमंत्रित किया जा रहा है:
a. 14041 (F1, F2, R1).
b. 54076 (F1, R1).
c. 22454 (F1, F2, R1).
3 रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओ / अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में कि संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमो और शर्तों के साथ इन निविदाओ अथवा अनुबंधो के बीच मे ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1412/25

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरुवार 15 मई 2025

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## देश के नए मुख्य न्यायाधीश पर जिम्मेदारी

जस्टिस भूषण रामकृष्ण (बी आर) गवई ने देश के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में बुधवार को शपथ ली। उनके शपथ ग्रहण से पहले ही उनके निजी जीवन के अनसुने किस्से खबरों में आने लगे। सूचना विस्फोट के दौर में यही होता है कि किसी व्यक्ति पर सुर्खी बनाने से पहले उसके बारे में छोटी सी छोटी बात को भी खबरों में शामिल किया जाता है। इसी सिलसिले में बताया गया कि जस्टिस बीआर गवई बौद्ध धर्म को मानने वाले पहले और अनुसूचित जाति से आए दूसरे मुख्य न्यायाधीश हैं। उनकी नियुक्ति को ऐतिहासिक और प्रतीकात्मक दोनों बताया गया, क्योंकि यह न्यायपालिका द्वारा पोषित समावेशिता और संवैधानिक नैतिकता के मूल्यों की प्रतीक है। पहली नजर में इस बात में कुछ अटपटा नजर नहीं आता। बल्कि सुखद गौरव वाली बात लगती है कि एक अनुसूचित जाति के व्यक्ति को देश की न्यायपालिका का शीर्ष स्थान मिला है। लेकिन थोड़ा गहराई से सोचें तो इसमें समाज का खोखलापन और संविधान के प्रति आस्था का दिखावा ही नजर आएगा। क्योंकि संविधान में मुख्य न्यायाधीश के पद पर आसीन होने के लिए जो योग्यताएं बताई गई हैं, उनमें कहीं भी जाति या धर्म का जिक्र नहीं है। मगर हम फिर भी इसे रेखांकित कर रहे हैं और इसे समावेशिता, संवैधानिक नैतिकता का प्रतीक बता रहे हैं, तो इसका मतलब यह है कि हमने संविधान का असली भाव ग्रहण ही नहीं किया है। अगर किया होता तो इस बात पर गौर ही नहीं किया जाता कि मुख्य न्यायाधीश की आसंदी पर बैठने वाला शख्स किस जाति और धर्म का है। जस्टिस गवई के बारे में चर्चा करना ही है तो उनके अब तक के किए गए फैसलों पर की जा सकती है। या उनके निजी जीवन का यह पहलू कि वे अमरावती में नगरपालिका के विद्यालय में प्रारंभिक शिक्षा हासिल करके इस मुकाम तक पहुंचे हैं। ऐसी बातें निस्संदेह प्रेरणा देती हैं।

जस्टिस बी आर गवई ऐसे समय में प्रधान न्यायाधीश बने हैं, जब देश में संसद बनाम सुप्रीम कोर्ट के वर्चस्व का अप्रिय विवाद खड़ा हुआ है। ऐसा नहीं है कि संसद और सुप्रीम कोर्ट में सर्वोच्चता को लेकर पहले बहस नहीं छिड़ी, लेकिन ध्यान देने वाली बात यह है कि पिछले 11 सालों में न्यायपालिका को लेकर कई ऐसे विवाद खड़े हुए, जो इससे पहले कभी नहीं हुए। सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों ने आजादी के बाद के इतिहास में पहली बार प्रेस कांफ्रेंस कर अपनी व्यथा व्यक्त की। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सेवानिवृत्त होने के बाद राज्यसभा के सांसद बने। हाईकोर्ट के एक न्यायाधीश ने संघ के प्रति अपना झुकाव दिखाया और गांधी या गोडसे में किसी एक को चुनने के सवाल पर सोचने का वक्त मांगा। सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश ने राम मंदिर के फैसला देने से पहले देवी के सामने बैठकर चिंतन करने की बात कबूली। ऐसे कई वाकये एक के बाद एक हुए, जिनसे न्यायपालिका पर भी उंगली उठी और आम आदमी को इसमें अपना नुकसान नजर आया। क्योंकि अदालतों में मामले चाहे जितने लंबे खिंचे, चाहे कितनी बार तारीख पर तारीख वाला संवाद बोलकर अपनी मुश्किल जाहिर की जाए, लेकिन फिर भी देश के आम नागरिक का न्यायपालिका पर अटूट भरोसा था कि उसके रहते संविधान की रक्षा होगी और नागरिक हितों की भी। इंसाफ देर से ही सही लेकिन मिलेगा और सुप्रीम कोर्ट जो फैसला लेगा वह देशहित, जनहित और संविधान की कसौटी पर ही लेगा। लेकिन जब से न्यायपालिका को लेकर विवादास्पद खबरें आईं, लोगों का भरोसा कहीं न कहीं हिल गया।

ऐसे माहौल को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे जैसे लोगों की बेतुकी टिप्पणियों ने और संगीन कर दिया, जब सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की कर्तव्यनिष्ठा पर ही सवाल उठाए गए। याद कीजिए कि वक्फ संशोधन अधिनियम पर दायर याचिकाओं पर जब जस्टिस संजीव खन्ना ने फैसला सुनाया तो भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने बयान दिया था कि 'इस देश में जितने गृहयुद्ध हो रहे हैं, उसके ज़िम्मेदार केवल यहां के चीफ़ जस्टिस ऑफ़ इंडिया संजीव खन्ना साहब हैं।' इतनी बेहूदी टिप्पणी कभी किसी मुख्य न्यायाधीश पर नहीं हुई, लेकिन भाजपा ने अब तक इसके लिए अपने सांसद को कोई सजा नहीं दी है।

वक्फ संशोधन अधिनियम पर कम से कम एक दर्जन याचिकाएं दाखिल हुई हैं, जिन पर अभी सुनवाई होना और फैसला आना बाकी है, लेकिन इससे पहले जब सुनवाई हुई तो जस्टिस खन्ना ने केंद्र का जवाब आने तक आदेश दिया था कि कोई भी वक्फ संपत्ति गैर अधिसूचित नहीं की जाएगी, यानी यथास्थिति बहाल रहेगी। इसी पर भाजपा सांसद को शायद तकलीफ हो गई। वैसे पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना का कार्यकाल महज छह महीनों का ही रहा, लेकिन इसमें उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए। जैसे उपासना स्थल क़ानून में मंदिर मस्जिद विवाद के नए मामलों पर अंतरिम रोक का आदेश दिया था। संभल की मस्जिद समेत कई धार्मिक स्थलों पर विवाद पिछले दिनों खड़े हुए और हर आए दिन नए-नए मामले अदालत पहुंच रहे थे। ऐसे में अपने आदेश में जस्टिस खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि जब तक पुराने मामलों की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी नहीं होती तब तक कोई अदालत इन मुद्दों पर कोई क़दम नहीं उठा सकता और न ही कोई नए मामले दाख़िल कर सकता है। ऐसे फ़ैसले की मांग मुस्लिम पक्ष के साथ कई और लोग बहुत समय से कर रहे थे।

इसके अलावा संविधान की प्रस्तावना को बदलने की मांग वाली याचिकाएं जस्टिस खन्ना ने खारिज की थीं। उनके कार्यकाल में ही जस्टिस यशवंत वर्मा के घर अधजले नोटों के बरामद होने का मामला भी सामने आया। वहीं इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज शेखर यादव की मुसलमानों को लेकर कथित हेटस्पीच का मामला भी उठा। यानी राजनैतिक और धार्मिक विवादों के साथ-साथ न्यायपालिका के भीतर उठे विवाद भी जस्टिस खन्ना के कार्यकाल का हिस्सा बने। उन्हीं के कार्यकाल में अप्रैल में फैसला लिया गया कि सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों को अपनी संपत्ति की जानकारी भारत के चीफ़ जस्टिस को देनी होगी और यह जानकारी कोर्ट की वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से प्रकाशित की जाएगी। अब तक, सुप्रीम कोर्ट जज अपनी संपत्ति की जानकारी सिर्फ़ चीफ़ जस्टिस को सौंपते थे। उसे वेबसाइट पर डालना ज़रूरी नहीं था।

कहा जा सकता है कि अपनी तरफ से भरपूर पारदर्शिता जस्टिस खन्ना ने बरती और अपना संक्षिप्त कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा किया। सबसे अहम बात यह है कि उन्होंने ऐलान कर दिया था कि वे सेवानिवृत्ति के बाद कोई पद नहीं लेंगे। आज के वक्त में ऐसी घोषणाएं व्यक्ति के किरदार की ऊंचाई दिखा देती हैं। अब जस्टिस खन्ना के बाद मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई पर न्यायपालिका की साख और देश के नागरिकों की उम्मीदों को जिंदा रखने की जिम्मेदारी आई है।

# भाजपा के भस्मासुर पीछे लग गए हैं

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

भाजपा ने अपने वोट बढ़ाने के लिए जिस सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को हथियार बनाया था और इसके लिए अपनी एक अघोषित सेना तैयार की थी, अब वही सेना भस्मासुर बनकर भाजपा के पीछे लग गई है। इसकी ताजा मिसाल मध्यप्रदेश से आई है। जहां भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह ने एक बेहद अशिष्ट, अभद्र और अशोभनीय टिप्पणी कर्नल सोफिया कुरैशी के लिए की थी। जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह सोमवार को इंदौर के महू के रायकुंडा गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर बेहद घटिया बयान दे दिया। जिसका वीडियो मंगलवार को वायरल हुआ। वीडियो में उन्होंने इतनी निर्लज्जता भरी टिप्पणी कर्नल सोफिया कुरैशी के लिए की कि यहां उसे दोहराना कर्नल सोफिया की बेकद्री ही मानी जाएगी, लेकिन टिप्पणी का सार यही था कि धर्म के कारण उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी के संबंध आतंकवादियों से जोड़े थे। ऐसा करते हुए विजय शाह को यह उम्मीद रही होगी कि सरदार उन्हें शाबासी देगा। लेकिन अब सरदार को भी समझ आ गया है कि मामला पूरा उल्टा पड़ गया है। इसलिए सरदार और उनके सिपहसालार अब मामले को संभालने में लग गए हैं।

खुद विजय शाह को समझ आ गया कि इस समय सांप्रदायिक सेना का कोई सिपाही साथ खड़ा नहीं होगा, तो उन्होंने माफी मांग ली, लेकिन ये माफी काफी नहीं मानी जा रही है। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने बुधवार को इस मामले पर स्वत: संज्ञान लेते हुए आदेश दिया कि 4 घंटों के भीतर विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। और इस पर सोमवार को सुनवाई भी होनी है। इधर कांग्रेस ने मंगलवार को ही विजय शाह के घर के बाहर प्रदर्शन किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत तमाम नेताओं ने इस मामले की कड़ी भर्त्सना की। भाजपा के दोहरे रवैये पर सवाल उठाए, तो अब भाजपा नेतृत्व चौकन्ना हो गया है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने खुद संज्ञान लिया और मध्यप्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी डी शर्मा ने विजय शाह को तलब किया, जिसकी एक तस्वीर सामने आई है जिसमें विजय शाह हवाई चप्पलों में ही प्रदेश अध्यक्ष के सामने बैठे हैं। उन्होंने मीडिया के सामने भी कहा कि मैं बहन सोफिया से हजार बार माफी मांग सकता हूं।

कल तक जिन्हें आतंकवादियों की बहन बता रहे थे, अब श्री शाह उन्हें अपनी बहन बता रहे हैं। लेकिन यह कोई हृदय परिवर्तन नहीं है, यह केवल मौके की नज़ाकत भांप कर दिया गया बयान लग रहा है। क्योंकि असल में तो देश का पूरा माहौल ही इस कदर नफरत और सांप्रदायिकता से भरा बना दिया गया है कि कदम- कदम पर मुसलमानों से उनकी देशभक्ति के सबूत मांगे जाते हैं। अगर कोई कहीं नमाज पढ़ते दिख जाए तो उसे संदेह की नजर से देखा जाता है। अभी एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें एक व्यक्ति ट्रेन में अपनी सीट पर बैठकर नमाज़ पढ़ रहा है और उसके सहयात्रियों में से एक चुपके से उसका वीडियो बना रहा है मानो उसने कोई अपराध किया हो। मोदी के 11 सालों के शासन का निचोड़ अब ऐसी ही जहरीली बूंदों में नजर आ रहा है।

इसलिए विजय शाह अब चाहे सोफिया कुरैशी को बहन का संबोधन दें या भाजपा नेता कर्नल सोफिया कुरैशी के घर जाकर उन्हें देश की बेटी बताएं, भाजपा की असलियत उजागर हो ही चुकी है। विजय शाह का मामला एकदम ताजा है और उस समय सामने आया जब प्रधानमंत्री मोदी युद्धविराम के ऐलान के बाद अपनी सरकार की मजबूती बताने में लगे थे, इसलिए इस समय भाजपा किसी किस्म का नुकसान नहीं देखना चाहती तो उसने अपने मंत्री को माफी मांगते हुए दिखा दिया।

> **कल तक जिन्हें आतंकवादियों की बहन बता रहे थे, अब श्री शाह उन्हें अपनी बहन बता रहे हैं। लेकिन यह कोई हृदय परिवर्तन नहीं है, यह केवल मौके की नज़ाकत भांप कर दिया गया बयान लग रहा है। क्योंकि असल में तो देश का पूरा माहौल ही इस कदर नफरत और सांप्रदायिकता से भरा बना दिया गया है कि कदम- कदम पर मुसलमानों से उनकी देशभक्ति के सबूत मांगे जाते हैं।**

लेकिन ध्यान दें तो पहलगाम हमले के बाद भी भाजपा का सांप्रदायिक चेहरा दिखा था। भाजपा छत्तीसगढ़ ने ट्वीट किया था कि धर्म पूछा था, जाति नहीं। इसके बाद आतंकी घटना के विरोध के नाम पर देश में मुस्लिमों को प्रताड़ित करने की खबरें आईं। करांची बेकरी में विजयवाड़ा, हैदराबाद आदि शहरों में उपद्रवियों ने तोड़फोड़ की, सिर्फ इसलिए क्योंकि बेकरी का नाम पाकिस्तान के शहर करांची पर है। नफरतियों को यह नजर नहीं आया कि यह दुकान किसकी है और क्यों इसका नाम करांची पर रखा गया। वैसे भी नाम कुछ भी हो, क्या किसी निर्दोष की दुकान या प्रतिष्ठान पर हमला करके आतंकवाद खत्म किया जा सकता है, यह सवाल इन अराजक तत्वों से पूछा जाना चाहिए। खैर इन्हें भी पता है कि कितने भी सवाल समाज में शांति और अमन चाहने वाले लोग पूछ लें, जब तक इनके आकाओं का हाथ सिर पर है, कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। इसलिए ट्रोलर्स ने हिमांशी नरवाल को भी ट्रोल किया और उन पर बेहूदा टिप्पणियां कीं। क्योंकि शहीद विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी ने केवल यही अपील की थी कि जो कुछ पहलगाम में हुआ उसके लिए देश के अल्पसंख्यकों या कश्मीरियों को निशाना बनाना गलत है। ऐसी नफरत मत दिखाइए।

जिन लोगों के जीवन में केवल नफरत रस का संचार होता है, वे भला ऐसी बात कैसे बर्दाश्त कर सकते थे, लिहाजा उन्होंने हिमांशी नरवाल के चरित्र पर ही कीचड़ उछाल दिया। सांप्रदायिक नफरत से भरे उन्मादी लोगों की यह भी एक खास पहचान है कि जब उन्हें किसी स्त्री का विरोध करना हो तो वे उसके चरित्र को दागदार करने की कोशिश करते हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी के मामले को भी इस एंगल से देखने की जरूरत है।

वैसे जब युद्धविराम करने के फैसले के बारे में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने जानकारी दी, तो ट्रोलर्स ने उन्हें भी निशाने पर ले लिया। उनके साथ-साथ उनकी बेटी के सोशल मीडिया एकाउंट्स पर जाकर ट्रोलिंग की गई। इस शर्मनाक वाकये पर आईएएस एसोसिएशन तो अपने सदस्य के साथ खड़ा नजर आया और उसने एक खिलाफ बयान जारी किया। लेकिन केंद्र सरकार ने इस पर एक शब्द नहीं कहा। न ही भाजपा की तरफ से कोई अफसोस या चिंता जाहिर की गई कि समाज में कैसे लोगों का दुस्साहस इतना बढ़ गया है कि वे एक अधिकारी को ट्रोल कर रहे हैं, जिसने केवल अपना कर्तव्य निभाया है।

भाजपा ने विजय शाह से माफी जरूर मंगवा ली है, लेकिन उसके रवैये में कोई बदलाव आ गया है, यह खुशफहमी नहीं पालनी चाहिए। भाजपा अब भी पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर का सियासी फायदा लेना चाहती है, इसलिए ये सारा प्रहसन हो रहा है। अगर भाजपा को अफसोस होता तो उसकी तरफ से इस समय यूपीए सरकार को कोसने वाले ट्वीट नहीं किए जाते। कुछ दिन पहले भाजपा ने ट्वीट किया था कि यूपीए सरकार के वक्तए आतंकी हमलों के बाद कुछ नहीं किया गया और मोदीजी ने कितने कड़े कदम अभी उठाए हैं। इसके बाद एक ट्वीट भाजपा की कर्नाटक इकाई की तरफ से हुआ, जिसमें कसाब को बिरयानी खिलाने वाले झूठ को फिर कांग्रेस के खिलाफ इस्तेमाल किया गया और लिखा है कि उन्होंने बिरयानी खिलाई, हमने ब्रह्मोस दागी। भाजपा इस समय जिस तरह पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाल रही है और तमाम भाजपा नेता मोदीजी की शान में कसीदे पढ़ते हुए शौर्य रस वाले भाषण दे रहे हैं, यह सब ऑपरेशन सिंदूर को मोदी के खाते में डालने की कोशिश है। यानी सेना का नाम लेकर भी उसे श्रेय न देने का तरीका है।

वैसे मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी ने आदमपुर एयरबेस पर आपरेशन सिंदूर के लिए सेना की तारीफ करते हुए कहा कि 'आपके इस ऑपरेशन ने न केवल भारत की आत्मरक्षा की क्षमता को दिखाया, बल्कि देशवासियों में एकता और आत्मविश्वास को भी बढ़ाया।' उन्होंने कहा कि भारतीय सेना, वायु सेना और नौसेना ने मिलकर पाकिस्तानी सेना को क़रारा जवाब दिया, जिस पर आतंकवादी भरोसा करते थे। वहीं भाषण के आखिरी में सैनिकों के परिवारों को भी धन्यवाद देना मोदीजी नहीं भूले, उन्होंने कहा कि 'आपके परिवार भी इस युद्ध के सच्चे सिपाही हैं। उनकी प्रेरणा और बलिदान के बिना यह संभव नहीं होता।' प्रधानमंत्री ने सैनिकों से यह भी वादा किया कि सरकार उनकी ज़रूरतों को पूरा करने और सेना को और मज़बूत करने के लिए हर संभव क़दम उठाएगी।

इस भाषण के इन हिस्सों को दोहराना इसलिए जरूरी लगा क्योंकि चंद घंटे बीते भी नहीं थे कि विजय शाह ने उसी सेना का अपमान करने वाला बयान दे दिया। अब नरेन्द्र मोदी बताएं कि वे सेना और सैनिकों के परिवार के साथ किस तरह खड़े हैं।

# वैश्विक हथियार उद्योग में अभूतपूर्व वृद्धि

■ नन्तू बनर्जी

महत्वपूर्ण हथियारों की आपूर्ति के लिए आयात पर निर्भर देश के लिए लंबे समय तक चलने वाले युद्ध में शामिल होना जोखिम भरा हो सकता है। वर्तमान में दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक यूक्रेन, डोनाल्ड ट्रम्प के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद यह कठोर सच्चाई जान गया। हाल ही में, यूक्रेन को रूस से लडने् के लिए अमेरिकी हथियारों की आपूर्ति को सुरक्षित करने के लिए अपने पर्याप्त खनिज (दुर्लभ पृथ्वी) भंडार को छोड़ना पड़ा।

पिछले साल, यूक्रेन ने दुनिया के सबसे बड़े हथियार आयातक के रूप में भारत को विस्थापित कर दिया। अमेरिका ने यूक्रेन के कुल हथियार आयात का लगभग 45 प्रतिशत हिस्सा दिया, जबकि जर्मनी और पोलैंड ने क्रमश: 12 प्रतिशत और 11 प्रतिशत। अमेरिकी मदद के बिना, यूक्रेन संभवत: रूसी हमले के कुछ महीनों के भीतर रूस के सामने आत्मसमर्पण कर देता।

यूरोप, एशिया और एशिया-प्रशांत क्षेत्रों में बढ़ते सैन्य गतिविधियों के कारण हाल के वर्षों में हथियारों और गोला-बारूद की मांग में काफी वृद्धि हुई है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिप्री) के अनुसार, दुनिया में सैन्य व्यय में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है। पिछले साल वैश्विक सैन्य व्यय 2.718 ट्रिलियन तक पहुंच गया, जो 2023 से वास्तविक रूप से 9.4 प्रतिशत की वृद्धि है। यह शीत युद्ध की समाप्ति के बाद से साल-दर-साल सबसे अधिक वृद्धि है। दुनिया के कई हिस्सों में सैन्य खर्च बढ़ा है। यूरोप और पश्चिम एशिया दोनों में इसमें तेजी से वृद्धि देखी गयी। शीर्ष पांच सैन्य खर्च करने वाले देश अमेरिका, चीन, रूस, जर्मनी और भारत हैं। कुल मिलाकर, इनका वैश्विक कुल खर्च का 60 प्रतिशत हिस्सा है, जिसका संयुक्त व्यय .1.635 ट्रिलियन है।

> **पिछले साल, यूक्रेन ने दुनिया के सबसे बड़े हथियार आयातक के रूप में भारत को विस्थापित कर दिया। अमेरिका ने यूक्रेन के कुल हथियार आयात का लगभग 45 प्रतिशत हिस्सा दिया, जबकि जर्मनी और पोलैंड ने क्रमश: 12 प्रतिशत और 11 प्रतिशत। अमेरिकी मदद के बिना, यूक्रेन संभवत: रूसी हमले के कुछ महीनों के भीतर रूस के सामने आत्मसमर्पण कर देता।**

पिछले साल यूरोप (रूस सहित) में सैन्य खर्च 17 प्रतिशत बढ़कर 693 बिलियन हो गया। यूक्रेन में युद्ध अपने तीसरे वर्ष में जारी रहने के साथ, पूरे महाद्वीप में सैन्य खर्च बढ़ता रहा, जिससे यूरोपीय सैन्य खर्च रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। रूस का सैन्य खर्च 2024 में अनुमानित .149 बिलियन तक पहुंच गया. सकल घरेलू उत्पाद के 34 प्रतिशत के साथ, यूक्रेन पर 2024 में किसी भी देश का सबसे बड़ा सैन्य बोझ था।

जर्मनी का सैन्य खर्च 28 प्रतिशत बढ़कर 88.5 बिलियन तक पहुंच गया। पोलैंड का सैन्य खर्च 2024 में 31 प्रतिशत बढ़कर 38.0 बिलियन हो गया। नाटो के विशाल सैन्य खर्च का समर्थन करने के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प की नापसंदगी के कारण, जर्मनी और कई अन्य यूरोपीय देशों द्वारा अपनायी गयी नीतियों से पता चलता है कि यूरोप उच्च और बढ़ते सैन्य खर्च के एक नये युग में प्रवेश कर चुका है।

अमेरिकी सैन्य खर्च में 5.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 997 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। यूरोपीय नाटो सदस्यों ने कुल 454 बिलियन डॉलर खर्च किये, जो गठबंधन में कुल सैन्य खर्च का 30 प्रतिशत है। वैश्विक हथियार निर्यात डेटा के अनुसार, शीर्ष 10 हथियार निर्माता देश हैं- अमेरिका, रूस, फ्रांस, चीन, जर्मनी, इटली, यूके, स्पेन, इजराइल और दक्षिण कोरिया।

पश्चिम एशियाई क्षेत्र में सैन्य व्यय 2024 में 15 प्रतिशत बढ़कर अनुमानित 243 बिलियन डॉलर हो गया। पिछले साल इजरायल का सैन्य व्यय 65 प्रतिशत बढ़कर 46.5 बिलियन डॉलर हो गया। लेबनान का सैन्य खर्च 2024 में 58 प्रतिशत बढ़कर 635 मिलियन डॉलर हो गया।

आश्चर्यजनक रूप से, क्षेत्रीय संघर्षों में शामिल होने और क्षेत्रीय प्रॉक्सी के लिए इसके समर्थन के बावजूद ईरान का सैन्य खर्च वास्तविक रूप से 10 प्रतिशत घटकर 2024 में 7.9 बिलियन डॉलर रह गया। ईरान पर प्रतिबंधों के प्रभाव ने सैन्य खर्च बढ़ाने की इसकी क्षमता को सीमित कर दिया हो सकता है। दुनिया में दूसरे सबसे बड़े सैन्य खर्चकर्ता चीन ने अपने सैन्य खर्च को सात प्रतिशत बढ़ाकर अनुमानित 314 बिलियन डॉलर कर दिया है। जापान की सेना 2024 में व्यय 21 प्रतिशत बढ़कर 55.3 बिलियन डॉलर हो गया। भारत का सैन्य व्यय, जो वैश्विक स्तर पर पांचवां सबसे बड़ा है, मामूली रूप से बढ़कर 86.1 बिलियन डॉलर हो गया।

22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच, नकदी की कमी से जूझ रहे पाकिस्तान ने अपने 2025-26 के बजट में रक्षा खर्च में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी का समर्थन किया। चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के रक्षा बजट में भी रिकॉर्ड 9.53 प्रतिशत की वृद्धि हुई क्योंकि देश अपने सशस्त्र बलों को आधुनिक बनाने और बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के खिलाफ स्वदेशी रक्षा उत्पादन पर विचार कर रहा है।

विडंबना यह है कि दो प्रतिद्वंद्वी दक्षिण एशियाई देश, पाकिस्तान और भारत, हथियारों के आयात पर बहुत अधिक निर्भर हैं। हथियारों पर भारत की ऐतिहासिक आयात निर्भरता पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश जैसे शत्रुतापूर्ण पड़ोसियों से घिरे देश के लिए वास्तविक चिंता का विषय होना चाहिए। रूस, जो खुद यूक्रेन के साथ लंबे समय से युद्ध लड़ रहा है, भारत का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता बना हुआ है, हालांकि इसकी हिस्सेदारी कम हो गयी है। भारत अपने हथियारों के आयात में तेजी से विविधता ला रहा है। हालांकि, देश को वास्तव में सैन्य रूप से शक्तिशाली होने के लिए महत्वपूर्ण हथियारों के उत्पादन में आत्मनिर्भर होने की आवश्यकता है। कोई भी देश आयातित हथियारों के साथ लंबे समय तक चलने वाले युद्ध को बर्दाश्त नहीं कर सकता। वर्तमान में, भारत के दो करीबी रक्षा सहयोगी और आपूर्तिकर्ता, रूस और इजराइल, खुद लंबे समय तक युद्ध में शामिल हैं।

पाकिस्तान भी महत्वपूर्ण हथियारों के लिए काफी हद तक आयात पर निर्भर है। हथियारों की आपूर्ति के लिए वह पड़ोसी देश चीन पर बहुत अधिक निर्भर है। 2020 से 2024 के बीच पाकिस्तान के हथियारों के आयात में चीन का हिस्सा 81 प्रतिशत था। पिछले एक दशक में इस क्षेत्र में चीन का दबदबा बढ़ा है। अब, पाकिस्तान, जो भारत के आकार का एक-चौथाई से भी कम है, वैश्विक स्तर पर पांचवां सबसे बड़ा हथियार आयातक है, जिसकी वैश्विक हथियार आयात में 4.6 प्रतिशत हिस्सेदारी है। पिछले साल, दुनिया के शीर्ष पांच हथियार आयातक यूक्रेन, भारत, कतर, सऊदी अरब और पाकिस्तान थे। अत्याधुनिक हथियारों के लिए लगभग पूरी तरह से चीन पर निर्भर पाकिस्तान तब तक खुद को लंबे समय तक चलने वाले युद्ध में शामिल नहीं कर सकता जब तक कि उसे चीन से लगातार पर्याप्त तोपखाने का समर्थन न मिले।

## आपके पत्र

### भारत की आंतरिक सुरक्षा भी एक बड़ा प्रश्न

पहलगाम के आतंकवादी हमले 27 निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या के जवाब में हमने ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान के हवाई सुरक्षा ठिकानों को नष्ट करके उनके लगभग 100 आतंकवादियों को मार के एक आंशिक फतेह जरूर प्राप्त कर ली है। इससे यह तो पता चला कि हमारी सीमा की सुरक्षा व्यवस्था एकदम चुस्त और दुरुस्त है।

भारत मे बाहरी सुरक्षा के साथ-साथ देश को अपनी आंतरिक सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान देना होगा क्योंकि भारत में आंतरिक सुरक्षा भी एक बड़ा प्रश्नचिन्ह लेकर खड़ा हुआ है। क्या हम आंतरिक रूप से सुरक्षित हैं? इस यक्ष प्रश्न को विस्तृत रूप से समझने के लिए कुछ बातें अत्यंत आवश्यक है।

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। स्वतंत्रता के बाद से भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि स्थान दिया गया है। देश की भौगोलिक तथा जनसंख्यात्मक विशालता में कुछ तत्व सांप्रदायिक हिंसा एवं अराजकता के परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हो सकते हैं, पर भारतीय लोकतंत्र की महानता एवं विशालता ही है कि जिसके कारण संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, पर यह तय है कि सांप्रदायिक हिंसा एवं धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र की अवधारणा थोड़ी दिग्भ्रमित जरूर होती है पर इसकी मजबूती ना तो पहले कम हुई है और ना ही भविष्य में होने की कोई गुंजाइश ही है। हिंसा, विवाद किसी भी मसले का कोई हल नहीं पर यह लोकतंत्र के लिए एक दाग के समान है। किसी भी देश में लोकतंत्र की आम धारणा आपसी सद्भाव और समभाव को लेकर आधारभूत रचनात्मक रूप से की गई है। विश्व के शांति प्रस्तावक भारत देश में हिंसा और हिंसक आंदोलन की कोई जगह नहीं एवं यह किसी धार्मिक, सामाजिक अथवा आर्थिक असहमति का परिणाम तो कतई नहीं हो सकती है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है। वैचारिक चिंतन लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आज सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है। आंदोलन का स्वरूप सदैव शांतिपूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं। देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है।

संजीव ठाकुर



## ललित सुरजन की कलम से

### हिंदी में साहित्येतर लेखन और एक अच्छी पुस्तक

*'मुझे जब कभी इस साहित्येतर लेखन के अंतर्गत प्रकाशित कोई पुस्तक पसंद आई है तो मैंने अक्षर पर्व में इस स्तंभ के अंतर्गत उसकी चर्चा यथासमय पर की है। एक बार फिर एक और अच्छी पुस्तक मेरे हाथों में है। वरिष्ठ पत्रकार अरविंद कुमार सिंह ने भारतीय डाक -सदियों का सफरनामा शीर्षक से जो पुस्तक दस साल पहिले लिखी, उसके अब तक छह संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं। यह तो तय है कि भारतीय डाक विभाग ने इस पुस्तक की बिक्री में खासा योगदान किया होगा; फिर भी उसके छह संस्करण प्रकाशित होना इस बात का सबूत है कि सामान्य पाठकों के बीच भी पुस्तक लोकप्रिय हुई है। चूंकि इसे नेशनल बुक ट्रस्ट ने प्रकाशित किया है, इसलिए बिक्री के आंकड़े भी प्रामाणिक होंगे, इसमें संदेह नहीं।'*

*'अरविंद ने भारतीय डाक लिखने हेतु सामग्री जुटाने में गहन शोध और अपार श्रम किया है। इसके लिए उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में जाकर डाकघर की प्रणाली का अध्ययन किया, कुछ पड़ोसी देशों की डाक व्यवस्था को भी समझा, डाक विभाग के अभिलेखों में डूबकर तथ्य और आंकड़े जुटाए, नीति निर्माताओं याने डाक विभाग के मंत्रियों व अफसरान के साथ बातचीत कर उनका दृष्टिकोण समझा, तब कहीं जाकर 400 पृष्ठ की यह किताब तैयार हो सकी है।'*

**(अक्षर पर्व मई 2016 अंक की प्रस्तावना)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/05/blog-post_18.html

## आज अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस

### परिवार से मजबूत कोई और संस्था नहीं

परिवार क्यों महत्वपूर्ण है? इस सवाल का उत्तर बढ़ा-चढ़ाकर नहीं दिया जाना चाहिए। यह हम सभी जानते हैं कि परिवार हमें बेहतर इंसान बनाने में अहम भूमिका निर्वहन करते हैं। जिनके पास परिवार नहीं, वे इसे गहराई से अनुभव कर सकते हैं। परिवार ही हमें रिश्तों का महत्व समझाता है। यह बाहरी दुनिया के साथ सार्थक संबंध बनाने में हमारी सहायता करता है। परिवार के साथ समय बिताना, प्यार बांटना और खुलकर बातचीत करना बेहतर भविष्य के द्वार खोल जाता है। परिवार ही हमारे भीतर धैर्य का संचार करता है। वास्तव में देखा जाए तो परिवार एक सामाजिक संस्था है। इसे ऐसी मजबूत संस्था माना जा सकता है जिसका अभ्युदय आपसी सहयोग व समन्वय की मजबूत गांठ का परिणाम होता है। परिवार में शामिल सभी सदस्य आपस में मिलकर अपना जीवन प्रेम, स्नेह एवं भाईचारे के साथ चलाया करते है। यदि एक खुशहाल परिवार की पहचान की बात की जाए तो वह उस विशेषता से परिपूर्ण होता है जिसमें संस्कार, मर्यादा, सम्मान, समर्पण, आदर तथा अनुशासन कूट- कूटकर भरे होते हैं। कोई भी व्यक्ति जिस परिवार में जन्म लेता है, उसकी पहचान उस परिवार की प्रतिष्ठा के साथ जुड़ी होती है। यह भी कटु सत्य है कि एक व्यक्ति अच्छे और बुरे कर्मों को भी अपने परिवार में रहकर ही सीखता है। कहा जाता है कि परिवार से बड़ा कोई धन नहीं, पिता से बड़ा कोई सलाहकार नहीं, मां के आंचल से बड़ी दुनिया नहीं, भाई से बड़ा कोई भागीदार नहीं, बहन से बड़ा कोई शुभचिंतक नहीं अत: सार रूप में कहा जाए तो परिवार के बिना जीवन की कामना नहीं की जा सकती है।

परिवार की एक शाखा संयुक्त परिवार के रूप में देखी गई थी। इस तरह के परिवार केवल परिवार नहीं कहे जा सकते वे पूरी पाठशाला हुआ करते थे। यही संयुक्त परिवार उद्यम के आधार थे। यही सामाजिक मंच हुआ करते थे। इन परिवारों में रहने वाले लोगों ने सभी सदस्यों को सुरक्षा प्रदान कर रखी थी। इन्हीं परिवारों की नींव स्वरूप बुजुर्गों ने बच्चों को संस्कार प्रदान करने की जवाबदारी बखूबी निभाई थी। युवाओं की आजादी पर लगाम भी संयुक्त परिवार के मुखियाओं ने ही लगाई थी। जरा कल्पना करें कि यदि यह सब न हुआ होता तो आज उच्श्रृंखलता और व्यभिचार किस कदर बढ़ चुका होता? अब नाम मात्र के रह गए संयुक्त परिवार के बाद ऐसा लगने के लगा है कि एकल परिवारों में रह रहे बच्चों को संस्कार कैसे दिया जाए? परिवार के सदस्यों को (बिखरने के बाद) सामाजिक सुरक्षा किस तरह प्रदान करे?

परिवार जीवन की वह अनमोल संपत्ति है , जिसके बिना जीवन अधूरा है । यह सिर्फ खून के रिश्तों का बंधन नहीं बल्कि प्यार , विश्वास और अपनेपन का खूबसूरत संगम होता है । जब दुनिया की भीड़ में हमें कोई नहीं पहचानता , तब परिवार ही हमारे कंधों को सहारा देता है । तकनीक और डिजिटली दुनिया ने भले ही हमें ग्लोबली कनेक्ट कर दिया हो , किंतु दिलों की दूरियां कहीं न कहीं बढ़ गई हैं । ऐसे में परिवार ही वह आधारशिला है जो हमें जमीन से जोड़े रखती है ।

-डॉ. सूर्यकांत मिश्रा

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770

ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## पेरू के प्रधानमंत्री एड्रियनजेन ने दिया इस्तीफा

**लीमा।** पेरू के प्रधानमंत्री गुस्तावो एड्रियनज़ेन ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया। श्री एड्रियनजेन ने कांग्रेस द्वारा उन्हें हटाने की मांग करने वाले कम से कम तीन प्रस्तावों पर बहस करने से कुछ घंटे पहले इस्तीफा दिया। उन्होंने टेलीविज़न पर अपने संबोधन में कहा, राष्ट्र के उच्च हितों को ध्यान में रखते हुए मैं मंत्रिपरिषद के अध्यक्ष के पद से अपना अपरिवर्तनीय इस्तीफ़ा देने के लिए बाध्य महसूस कर रहा हूँ। श्री एड्रियनजेन के साथ उनकी कैबिनेट और राष्ट्रपति दीना बोलुआर्टे भी मौजूद थीं, जिन्होंने लगातार उनका बचाव किया और उनके प्रदर्शन की प्रशंसा की।

### एस जयशंकर की ऑस्ट्रियाई विदेश मंत्री से फोन पर बात

# आतंकवाद के मुद्दे को लेकर हुई चर्चा

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को ऑस्ट्रियाई विदेश मंत्री बियाटे मींल-रेसिंगर से टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं के बीच आतंकवाद के मुद्दे को लेकर चर्चा हुई। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऑस्ट्रियाई विदेश मंत्री से बातचीत की जानकारी दी।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ऑस्ट्रियाई विदेश मंत्री के साथ आज हुई बातचीत की सराहना करता हूं। उनकी नियुक्ति पर बधाई दी। आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस और न्यूक्लियर ब्लैकमेल के दृढ़ विरोध पर सहमति हुई। हमारे बेहतरीन द्विपक्षीय संबंधों और यूक्रेन संघर्ष पर चर्चा हुई। वहीं, ऑस्ट्रियाई



■ **हमने यूक्रेन में शांति के लिए सामूहिक प्रयासों पर भी चर्चा की : जयशंकर**

विदेश मंत्री ने इस बातचीत को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ फोन पर अच्छी बातचीत हुई। ऑस्ट्रिया और भारत अपने मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैंने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की ऑस्ट्रिया की निंदा दोहराई और तनाव कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में पाकिस्तान के साथ सीजफायर का स्वागत किया। उन्होंने आगे लिखा, हमने यूक्रेन में शांति के लिए सामूहिक प्रयासों पर भी चर्चा की और मैंने इस बात पर जोर दिया कि अब समय आ गया है कि रूस हिंसा बंद करे और सीजफायर पर सहमत हो। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा था कि भारत कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल नहीं सहेगा।

## पाकिस्तान ने भारतीय उच्चायोग के अधिकारी को 24 घंटे में देश छोड़ने को कहा

**इस्लामाबाद।** भारत की ओर नयी दिल्ली में एक पाकिस्तानी अधिकारी को 'अवांछित व्यक्ति' घोषित करने के कुछ ही घंटों बाद पाकिस्तान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए यहां भारतीय उच्चायोग के एक अधिकारी को निष्कासित कर दिया है। पाकिस्तान ने मध्यरात्रि के आसपास जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार उक्त भारतीय अधिकारी ऐसी गतिविधियों में शामिल था, जो उसकी राजनयिक स्थिति के अनुरूप नहीं थी और उसे 24 घंटे के भीतर पाकिस्तान छोड़ने का निर्देश दिया। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहासरकार ने इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग के एक कर्मचारी को उसके विशेषाधिकार के अनुरूप गतिविधियों में शामिल होने के कारण अवांछित व्यक्ति घोषित किया है। संबंधित अधिकारी को 24 घंटे के भीतर पाकिस्तान छोड़ने का निर्देश दिया गया है। भारतीय प्रभारी को आज विदेश मंत्रालय में इस निर्णय से अवगत कराने के लिए बुलाया गया था। इससे पहले मंगलवार को नयी दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग के एक अधिकारी को जासूसी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने के बाद भारत ने अवांछित घोषित कर दिया था।

## गाजा में यूरोपीय अस्पताल पर इजरायली हमले में छह फिलिस्तीनी मारे गए, 40 घायल

**गाजा,** 14 मई (एजेंसियां)। दक्षिणी गाजा शहर खान यूनिस में यूरोपीय अस्पताल पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम छह फिलिस्तीनी मारे गए और 40 अन्य घायल हुए हैं। यह जानकारी गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को दी। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी वाफा ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि हमले में 16 लोग मारे गए हैं। वहीं अन्य मीडिया संस्थानों ने बचावकर्मियों के हवाले से बताया कि मरने वालों की संख्या 28 है। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि अस्पताल पर कम से कम छह मिसाइलों से हमला किया गया।



सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में अस्पताल को काफी नुकसान हुआ है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा कि उसने इजरायल सुरक्षा एजेंसी के साथ समन्वय में एक 'सटीक हमला' किया था, जिसमें अस्पताल के नीचे स्थित हमास के गुर्गों को निशाना बनाया गया था। आईडीएफ के अनुसार हमला भूमिगत हमास कमांड और नियंत्रण केंद्र को निशाना बनाकर किया गया था। सेना ने हमास पर उग्रवादी बुनियादी ढांचे को छिपाने के लिए गाजा में अस्पतालों का उपयोग जारी रखने का आरोप लगाया। इजरायली राज्य प्रसारक कान और अन्य मीडिया संस्थानों ने बताया कि हमले में हमास के नेता मोहम्मद सिनवार को निशाना बनाया गया था। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वह हताहतों में शामिल था या नहीं। सिनवार पूर्व हमास नेता याह्या सिनवार का छोटा भाई है। याह्या को पिछले साल अक्टूबर में दक्षिणी गाजा में इजरायली सेना ने मार गिराया था। हमास ने मंगलवार को जारी एक बयान में इजरायल के दावों को खारिज करते हुए इसे 'झूठ और अंतरराष्ट्रीय जनमत को गुमराह करने का प्रयास' बताया। समूह ने इजरायल पर गाजा की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर हमलों को सही ठहराने और 'नागरिकों को आतंकित करने' के लिए ऐसे आरोपों का फायदा उठाने का आरोप लगाया। बयान में यह नहीं बताया गया कि मोहम्मद सिनवार घटनास्थल पर मौजूद थे या नहीं।

## अनीता आनंद कनाडा की विदेश मंत्री नियुक्त

**ओटावा,** 14 मई (एजेंसियां)। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अनीता आनंद को विदेश मंत्री नियुक्त किया है। आनंद की विशेष जिम्मेदारी भारत के साथ संबंधों को बेहतर और मजबूत बनाने की होगी। पीएम कार्नी ने अनीता आनंद को विदेश मंत्री पद पर नियुक्त करते हुए कहा कि उनका मिशन भारत के साथ लगभग टूट चुके संबंधों को फिर से स्थापित करना होगा। इसके साथ ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बेहतर तालमेल बनाकर अमेरिका के साथ संबंध मजबूत करना होगा। नवनियुक्त विदेश मंत्री अनीता आनंद पहले परिवहन और रक्षा मंत्रालय संभाल चुकी हैं। जनवरी में उन्होंने कहा था कि वे राजनीति को छोड़कर शिक्षा के क्षेत्र में लौटेंगी। लेकिन पिछले महीने हुए चुनाव में फिर से चुने जाने के बाद पीएम कार्नी ने उन्हें मंत्रिमंडल में वापस आने और विदेश मामलों का मंत्रालय संभालने के लिए राजी कर लिया। कार्नी को पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की कैबिनेट विरासत में मिली थी। लेकिन उनके पास अब अपनी छाप छोड़ने का मौका है, उन्होंने पिछले महीने हुए



चुनाव में लिबरल पार्टी को जीत दिलाई थी। पीएम बनने के बाद कार्नी ने कई बड़े फैसले लिए हैं। रूबी सहोता, जो पहले लोकतांत्रिक संस्थाओं की मंत्री थीं, उन्हें राज्य सचिव बनाया गया है और अपराध से निपटने का प्रभार दिया गया है। रणदीप सराय दस राज्य सचिवों में से एक हैं और वे अंतर्राष्ट्रीय विकास से निपटेंगे। अमेरिका के साथ टैरिफ युद्ध के दौरान शायद सबसे महत्वपूर्ण मंत्रालय डोमिनिक लेब्लांक को सौंपा गया है, जो कनाडा-अमेरिका व्यापार के लिए जिम्मेदार मंत्री होंगे। क्रिस्टिया फ्रीलैंड, जो पहले वित्त मंत्रालय के साथ उप प्रधानमंत्री थीं, उन्होंने पार्टी नेतृत्व, उद्योग मंत्रालय के लिए कार्नी को चुनौती दी थी। आनंद, मेलानी जोली की जगह लेंगी, जिन्हें परिवहन और आंतरिक व्यापार मंत्रालय में भेजा गया है।

## किम जोंग उन का आदेश, युद्ध के लिए तैयार रहें सशस्त्र बल

**सोल,** 14 मई (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने विशेष अभियानों के संयुक्त सामरिक अभ्यास का जायजा लेने के बाद सशस्त्र बलों को युद्ध के लिए तैयार रहने का आदेश दिया।

बुधवार को स्थानीय मीडिया ने एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी कि किम ने सशस्त्र बलों को सबसे महत्वपूर्ण कार्य 'युद्ध' के लिए पूरी तैयारी करने को कहा है। योनहाप समाचार एजेंसी ने कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से बताया कि पिछले दिनों विशेष अभियानों और टैंक सब यूनिट्स के संयुक्त फायर स्ट्राइक प्रदर्शन का संयुक्त सामरिक अभ्यास हुआ था। केसीएनए ने किम के हवाले से कहा कि यह कहते हुए कि हमारे क्रांतिकारी सशस्त्र बल अब कुछ मोर्चों का ही प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं, बल्कि उनमें से सबसे महत्वपूर्ण साम्राज्यवाद-विरोधी वर्ग मोर्चा भी शामिल है और युद्ध के लिए पूरी तैयारी करना सबसे महत्वपूर्ण कार्य है।


## ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
**भूखण्ड संख्या-1. सैक्टर के0 पी0-4, ग्रेटर नौएडा सिटी जि0-गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि BHS10 आवासीय भवनों की योजना के अन्तर्गत भवन संख्या 1323SF, Block-A, Area-40 Sqmt., Sector-Mu-02, Allotment No.-BHS1090493, Greater Noida के आवंटी Sh. Kishan Chand S/o Late Sh. Nane Ram के पक्ष में आवंटित / पंजीकृत है। आवंटी Sh. 'Kishan Chand S/o Late Sh. Nane Ram की मृत्यु दिनांक 02.07.2020 को हो गयी है। (पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र/वारिसान प्रमाण पत्र के अनुसार मृतक आवंटी श्री किशनचन्द के निम्न उत्तराधिकारी / वारिस है। (1. श्रीमति अनुराधा पुत्री) मृतक आवंटी की पुत्री Smt. Anuradha D/o Late Sh. Kishan Chand द्वारा उपरोक्त वर्णित भवन को प्रस्तुत प्रपत्रों / शपथ पत्रों / मृत्यु प्रमाण पत्र/ वारिसान प्रमाण पत्र के आधार पर पूर्ण रुप से अपने पक्ष में म्यूटेशन / नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के सम्बन्ध यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय मे दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में स्वर्गीय Sh. Kishan Chand S/o Late Sh. Nane Ram के स्थान पर उनकी पुत्री Smt. Anuradha D/o Late Sh. Kishan Chand R/o Flat No.-64, DDA SFS Flats Pocket-2 Sector-11, Dwarka, Sector-6, South West Delhi-110075. के नाम पूर्ण रुप से दर्ज कर दिया जायेगा।

**डिप्टी कलेक्टर (सम्पत्ति)**
**ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण।**

## ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
**प्लाट नं0-1. सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा जिला गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि UPG01 योजना के अंतर्गत आवंटित भूखण्ड संख्या-21, BLOCK-A, AREA-200 SQM, SECTOR PHI-02, ALLOTMENT NO-UPG0158147 की आवंटी SH.ANIL KUMAR SINHA S/O SH.VIJAY BAHADUR SINHA R/O M.S.1/48, SECTOR-A, SITAPUR ROAD YOJNA ALIGANJ, ALIGANJ LUCKNOW U.P. PIN-226024 की मृत्यु के उपरान्त उनके पुत्र SH.MANAS SINHA S/O LATE SH.ANIL KUMAR SINHA के द्वारा उक्त भवन को अपने नाम कराने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये गये हैं। अत: इस म्यूटेशन के सम्बंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में LATE SH.ANIL KUMAR SINHA S/O SH.VIJAY BAHADUR SINHA के नाम के स्थान पर उनके पुत्र SH.MANAS SINHA S/O LATE SH.ANIL KUMAR SINHA का नाम दर्ज कर दिया जाएगा।

**अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी**
**ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

## ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
**भूखण्ड संख्या-1. सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा जिला गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. A1-401, 4th Floor, Tower-A1, Area-230.39 Sqm., Nirala Aspire Plot No. Gh-03, Sector- 16, Greater Noida जो कि Sh. Sunil Kumar Srivastava & Ms. Charu Srivastava निवासी Flat No. A1-401, 4th Floor, Tower-A1, Nirala Aspire Plot No. Gh-03, Sector- 16, Greater Noida के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक-30.10.2018 को पंजीकृत है। Sh. Sunil Kumar Srivastava की मृत्यु के उपरान्त उनकी पत्नी Mrs. Rekha Srivastava ने उक्त भूखण्ड/भवन में अपने पति के भाग का नामांतरण प्रस्तुत वारिसान के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अत: इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mrs. Rekha Srivastava W/o Late Sh. Sunil Kumar Srivastava का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**प्रबन्धक (बिल्डर्स)**
**ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण**

## ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
**भूखण्ड संख्या-1. सैक्टर के0 पी0-4, ग्रेटर नौएडा सिटी जि0-गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि RPS01 आवासीय भूखण्डों की योजना के अन्तर्गत भूखण्ड/भवन संख्या D-545, Area-162 Sqmt., Sector-02, Allotment No.-RPS0196439, Greater Noida के आवंटी Sh. Rajendra Kumar Pandey S/o Late Sh. Narayan Prasad Pandey के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। आवंटी Sh. Rajendra Kumar Pandey की मृत्यु दिनांक 15.06.2021 को हो गयी है। मृतक आवंटी की पत्नि Smt. Poonam Pandey ने उपरोक्त वर्णित भूखण्ड/भवन को प्रस्तुत प्रपत्रों/शपथ पत्रों / मृत्यु प्रमाण पत्र/वारिसान प्रमाण पत्र/वसीयत के आधार पर पूर्ण रुप से अपने पक्ष में म्यूटेशन / नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस म्यूर्टशन के सम्बन्ध यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय मे दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में स्वर्गीय Sh. Rajendra Kumar Pandey S/o Late Sh. Narayan Prasad Pandey के स्थान पर उनकी पत्नि Smt. Poonam Pandey R/o 1/660, Suhag Nagar, Distt.-Firozabad-283203 (U.P.) के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**उप महाप्रबन्धक (सम्पत्ति)**
**ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण**

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
**प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, (P-2) सेक्टर ओमेगा-1 ग्रेटर नौएडा जनपद गौतमबुद्धनगर (उ0प्र0)**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धनौरी कलां में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र सं0 234/ एस0टी0-एस0डी0एम0 / 2025 दिनांक 03.04.2025 स्व0 हरदास पुत्र श्री छिददा राम निवासी ग्राम धनौरी कलां, परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 31.07.2024 को हो चुकी है, मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाग निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है:-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम व पता | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से सम्बन्ध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| धनौरी | 1001 | स्व0 हरदास पुत्र श्री छिददा राम निवासी ग्राम धनौरी कलां, परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर। | श्रीमती कान्ती | पत्नी | 74 वर्ष | विधवा |
| | | | राकेश कुमार | पुत्र | 50 वर्ष | |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण**

## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2025

**रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-**

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने के तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि– | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि– | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि– | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | साप्ताहिक | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि– | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | द्वि– | मंगल, शनि | 17.05.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | साप्ताहिक | बुध, रवि | 18.05.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि– | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में | शुक्रवार | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | 06 दिन | को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में | मंगलवार | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा (वंदे भारत स्पेशल) | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | 06 दिन | को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | भटिंडा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | भटिंडा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 17.05.25 से 26.07.25 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 18.05.25 से 27.07.25 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि– | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | साप्ताहिक | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | 6 दिन | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेंद्र नगर | 07:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 21.05.25 से 25.06.25 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 23.05.25 से 27.06.25 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04324 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार एम | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या धाम जंक्शन | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.25 से 29.06.25 तक |
| 05741 | अयोध्या धाम जंक्शन | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 19.05.25 से 30.06.25 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 16.05.25 से 18.07.25 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 19.05.25 से 14.07.25 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार एम | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 21.05.25 से 16.07.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि– | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | साप्ताहिक | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि– | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | साप्ताहिक | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01441 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 29.05.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें


Established in 1882
St. John's Sr. Sec. School
Meerut Cantt
117, Bank Street, Meerut Cantt. Ph.: 0121-2644527
Diocese of Agra, CNI
Heartiest Congratulations!
We are proud of you!
CLASS X
URVISHA 98.0%
RUDRA BHARDWAJ 97.0%
RISHABH DAHIYA 96.0%
ANMOL KUMAR 95.8%
ANSHIKA CHOUDHARY 95.4%
UNNATI GAUR 95.4%
ADITYA SAINI 95.2%
SHRESHTHA BHARDWAJ 95.2%
MANAN MALIK 94%
SAANVI ANAND 94%
AVNI BALYAN 93.6%
HIMANSHI DAS 93.6%
UMEZA FATIMA 93.4%
AAKISH PAUL 93%
SHAURYA TYAGI 92.8%
SANCHI MISHRA 92.8%
AKSHITA RANA 92.6%
AKSHIT CHAUDHARY 92.2%
KUNAL BALIYAN 92%
DAKSH DAGAR 91.6%
SHIVANK SINGH 91.2%
AANVI VERMA 91.2%
KHUSHI KUMARI 90.6%
RASHI SINGH GAUTAM 90.2%
GAURI CHAUDHARY 90.0%
AYUSH PAUL 90.0%
TANMAY MITTAL 90.0%
CLASS XII
NIHARIKA PATEL 97.6%
DEEVA GUPTA 97.0%
RIDHIMA ANAND 94.0%
ATHARVI KLKI 93.4%
ISHIKA 93.4%
DEEKSHA YADAV 92.6%
MAHI YADAV 92.0%
DONNEL ALPHONS 91.6%
NIYATI GUPTA 91.6%
SHIVAM 91.4%
IFLAAH SHAHAB 91.0%
KANCHAN KANSWAL 91.0%
AAYAT SHAMIM 90.6%
AKHIL AWASTHI 90.0%

# प्रादेशिकी

## रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार भाई-बहन की मौत

**फर्रुखाबाद,** 14 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के राजेपुर थाना क्षेत्र में एक रोडवेज बस की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार भाई-बहन की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार हरदोई जिले के थाना पाली के ग्राम बैजूपुर निवासिनी शारदा देवी अपने भाई अवध सिंह के साथ मोटर साइकिल से सवार होकर फर्रुखाबाद जिले के गंगा पांचाल घाट पर अपने रिश्तेदार द्वारा गंगा पहनाई के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान फर्रुखाबाद के राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गांधी के समीप बुधवार पूर्वाह्न बाद फर्रुखाबाद शहर की ओर से आई तेज रफ्तार वाली एक रोडवेज की बस की चपेट में आने से बाइक सवार भाई-बहन दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

# धर्म, न्याय व राष्ट्रधर्म का सजीव रूप लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर : योगी

### इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह को किया संबोधित

**लखनऊ,** 14 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को धर्म, न्याय और राष्ट्रधर्म का सजीव स्वरूप बताते हुए कहा कि वे भारतीय सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना की अग्रदूत थीं। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी के अवसर पर राजधानी लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में योगी ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई केवल काशी तक सीमित नहीं रहीं। उन्होंने केदारनाथ धाम, रामेश्वरम्, सोमनाथ, हरिद्वार, महिष्मति और देश के अनेक तीर्थस्थलों के जीर्णोद्धार का कार्य किया। उन्होंने नदियों के घाटों, कुओं और बावड़ियों का निर्माण करवाया ताकि श्रद्धालुओं को सुविधा मिले और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता बनी रहे। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने धर्म रक्षति रक्षितः के वैदिक उद्घोष को न केवल जिया, बल्कि उसे मूर्त रूप भी दिया। जब देश विदेशी आक्रांताओं से त्रस्त था, मंदिर विध्वंस किए जा रहे थे, तब अहिल्याबाई ने बिना भय के, बिना किसी राजनीतिक समर्थन के, उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक सनातन धर्म की पुनर्स्थापना का विराट कार्य अपने हाथों में लिया था, आज हमें उनके जीवन से सद्प्रेरणा लेकर देश और सनातन संस्कृति के गौरव की पुनर्स्थापना के लिए पूरे मनोयोग से समर्पित हो जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उल्लेख किया कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने स्वयं घोषणा की थी मेरा पथ धर्म का पथ है, धर्म का पथ ही न्याय का पथ है और न्याय का पथ ही हमें सर्वशक्तिमान और समर्थ बनाने में सहायक हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें आज जो भव्य काशी विश्वनाथ मंदिर दिखता है, वह उसी मंदिर का स्वरूप है जिसे अहिल्याबाई होल्कर ने 1777 से 1780 के बीच अपने निजी संसाधनों से बनवाया था। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर का निर्माण हुआ, तो स्वयं प्रधानमंत्री ने 13 दिसंबर 2021 को इसे अहिल्याबाई होल्कर के कार्य का ही विस्तारित रूप बताया था।



केवल काशी तक सीमित नहीं रहीं लोकमाता अहिल्याबाई : योगी आदित्यनाथ

### लोकमाता अहिल्याबाई को बताया भारतीय नारीशक्ति की प्रतीक

योगी आदित्यनाथ ने लोकमाता अहिल्याबाई को भारतीय नारीशक्ति की प्रतीक बताते हुए कहा कि उन्होंने न केवल राजनैतिक प्रशासन को धर्म-संगत और प्रजा-हितकारी बनाया, बल्कि सामाजिक न्याय और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए। उनकी प्रशासनिक दूरदृष्टि और साधु-संतों के प्रति श्रद्धा के साथ सेवा-भाव आज भी प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने बताया कि किस तरह लोकमाता अहिल्याबाई ने अपनी प्रशासनिक क्षमता और दूरदर्शिता से माहिष्मति में साड़ी उद्योग को बढ़ावा देकर महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने का कार्य किया। साथ ही उन्होंने विधवा पुनर्विवाह को प्रोत्साहित और बाल विवाह पर रोक लगा कर नारी सशक्तिकरण की दिशा में अनुकरणीय कार्य किया।

## यात्रियों के साथ लूटपाट करने वाले तीन शातिर लुटेरे गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद,** 14 मई (देशबन्धु)। यात्रियों के साथ लूटपाट करने वाले लुटेरों को पुलिस ने जाल बिछाया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। थाना मऊ दरवाजा थाना अध्यक्ष बलराज भाटी एवं जसमई चौकी इंचार्ज नरसिंह यादव ने लुटेरों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। थाना मऊ दरगाह क्षेत्र के ग्राम हैबतपुर गढ़िया निवासी अनिकेत पुत्र विजय अजमल पुत्र असलम एवं रफी पुत्र नौशाद को गिरफ्तार कर लिया। 12 म ई को थाना शाहजहांपुर क्षेत्र के ग्राम अल्लाहगंज चंपातपुर निवासी विकास पुत्र कमलेश ने लुटेरे अनिकेत एवं दो अन्य अज्ञात के विरुद्ध थाना मऊ दरवाजा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना के मुताबिक 29 मार्च को रात 9:00 बजे फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन जाने के लिए ई रिक्शा पर बैठा था लिखने पर चालक सहित दो अन्य लोग भी बैठे थे। ई रिक्शा चालक जसमई बाईपास होते हुए नका से के पास पहुंच। इन लोगों ने मेरा बैग छीन लिया किस में 2800 रुपए हाई स्कूल के अंक तालिका मोबाइल व चार्जर रखा था यह लोग लूट कर फरार हो गए। पुलिस ने थाना मऊ दरबार क्षेत्र के हैबतपुर गढ़िया ब्लॉक नंबर 78 निवासी अनिकेत पुत्र विजय अजमल पुत्र असलम रफी पुत्र नौशाद को पकड़ लिया। विकास ने इन तीनों को पहचान लिया।



## भारतीय सेना सबसे मजबूत सशक्त व बहादुर : अखिलेश

**लखनऊ,** 14 मई (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि भारतीय सेना सबसे मजबूत, सशक्त और बहादुर है। हम सभी को अपनी सेना की बहादुरी पर गर्व है। यादव ने देश की प्रतिरक्षा सुरक्षा में राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर के योगदान की तारीफ करते हुए कहा कि यह परंपरा देश की आजादी से लेकर निरंतर चल रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सच्चे देशप्रेमियों की, जो अनंत गौरवशाली परंपरा स्वतंत्रता सेनानियों से लेकर आज तक रही है, उसके आधार पर हमारी मांग है कि, उत्तर प्रदेश के लखनऊ, सहारनपुर, कन्नौज, इटावा, वाराणसी, संत कबीरनगर जिले में नए मिलिट्री स्कूल खोले जाएं, जिससे हमारे देश की अखंडता और एकता को चुनौती देने वाली ताकतों को सही में निर्णायक जवाब दिया जा सके। आशा है कि वर्तमान संवेदनशील सामरिक परिस्थितियों को देखते हुए सरकार इस पर गंभीरता से विचार करेगी और देशहित को देखते हुए, उत्तर प्रदेश में मिलिट्री स्कूलों की स्थापना की तत्काल घोषणा करेगी। उल्लेखनीय है कि यादव राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर के स्टूडेंट रहे हैं। जहां चलती आई है महान परंपरा वीरता की, वहां हम सबको सीख मिलती है शूरता-शीलता की। यादव ने कहा कि हम सब ने अपने आदर्श वाक्य 'शीलम परम भूषणम्' से देशभक्ति अनुशासन और पराक्रम के सीन चरित्र का बीज मिलने वाले राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर का देश की प्रतिरक्षा सुरक्षा में अभूतपूर्व योगदान रहा है, यह परंपरा देश की आजादी से लेकर आज तक निरंतर है।



उत्तर प्रदेश के छह जिलों में की मिलेट्री स्कूल खोलने की मांग

### सार संक्षेप

#### हमीरपुर में ट्रक की टक्कर से तीन की मौत

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के बिवार क्षेत्र में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे बाइक सवार तीन युवकों की ट्रक की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने बुधवार को बताया कि क्षेत्र के करगांव गांव निवासी संतोष वर्मा की पुत्री की शादी जालौन जिला के कालपी में तय हुई थी। बीती देर शाम बारात में शामिल होने के लिए जालौन के कालपी गांव निवासी शत्रुघ्न , अमर और राजा बाइक में सवार होकर शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे कि बांधुर खुर्द गांव में विपरीत दिशा से आ रहा ट्रक ने उन्हे रौंद दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल सभी युवकों को छानी सीएचसी में भर्ती करवाया मगर हालत नाजुक होने पर सभी घायलों को सदर चिकित्सालय रेफर कर दिया गया जहां बुधवार को तीनों ने दम तोड़ दिया।

#### पीलीभीत में बाघ ने ली एक और किसान की जान

**पीलीभीत।** मानव वन्यजीव संघर्ष रोकने के

## कानपुर में बनेगा प्रदेश का पहला फुटवियर पार्क

### रमईपुर क्षेत्र में 131.69 एकड़ क्षेत्रफल में होगा विकसित

**लखनऊ,** 14 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश का पहला फुटवियर पार्क कानपुर में रमईपुर क्षेत्र में 131.69 एकड़ क्षेत्रफल में स्थापित किया जा रहा है। यह पार्क विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए एक आकर्षक अवसर लेकर आया है। पार्क में यूनिफॉर्म शूज, स्पोर्ट्स शूज, कैजुअल शूज, मोकासिन्स, बैलेरिनास, सैंडल्स, पीवीसी शूज और फिनिश्ड लेदर उत्पादों का निर्माण होगा।यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर महेश्वरी ने कहा कि कानपुर में प्रस्तावित फुटवियर पार्क न केवल स्थानीय उद्योगों को सशक्त बनाएगा बल्कि हजारों युवाओं को रोजगार भी देगा। फुटवियर पार्क की विशेषताएं। कुल 83 एकड़ में 75 औद्योगिक भूखंड। 5.46 एकड़ में 2 वेयरहाउस भूखंड, 5 किमी लंबा सड़क नेटवर्क, 10 किमी आरसीसी आधारित स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज, 5 टन प्रतिदिन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन क्षमता, लागत 2 करोड़, 10 एमएलडी पानी की मांग, भूमिगत स्रोत से पूर्ति। 220 केवी सबस्टेशन, 40 मेगावाट विद्युत लोड। यूपीसीडा द्वारा प्लग एंड प्ले औद्योगिक मॉडल को बढ़ावा दिया जा रहा है जिसमें बिजली, पानी, सीवरेज व फैक्ट्री शेड सहित सभी सुविधाएं पहले से उपलब्ध कराई जाती हैं।



## डीएम ने क्रय केन्द्र प्रभारियों का वेतन रोका

**संतकबीरनगर,** 14 मई (एजेंसियां)। संतकबीरनगर में गेहूं खरीद के लक्ष्य से काफी कम खरीद करने से नाराज़ जिलाधिकारी आलोक कुमार ने सभी क्रय केन्द्र प्रभारियों, जिला प्रबन्धक पीसीएफ, सहायक आयुक्त व सहायक निबंधक का वेतन रोकने का आदेश दिया है। उन्होंने सभी जिम्मेदार अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष गेहूं खरीद न होने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी है। जिलाधिकारी आलोक कुमार ने यहां बताया कि वर्ष 2025-26 में सरकार ने जिले में गेहूं खरीद का लक्ष्य 24000 मीट्रिक टन निर्धारित किया है। रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। जिले में कुल 48 क्रय केन्द्र सक्रिय हैं जिनमें से खाद्य विभाग के 22 पीसीएफ के 22, मण्डी समिति का 01 एवं भारतीय खाद्य निगम के तीन क्रय केन्द्र अनुमोदित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिले को आवंटित गेहूं खरीद लक्ष्य 24000 मी. टन के सापेक्ष दिनांक नौ मई तक कुल 2851.20 मी. टन गेहूं की खरीद हुई है। जिले में खाद्य विभाग को निर्धारित लक्ष्य 11000 मी.टन के सापेक्ष 2161.00 मी टन, पीसीएफ को निर्धारित लक्ष्य 11000 मी.टन के सापेक्ष 470.30 मी टन कृषि उत्पादन मण्डी समिति को निर्धारित लक्ष्य 500 मी.टन के सापेक्ष 176.05 मी.टन (35.21 प्रतिशत) एवं भारतीय खाद्य निगम को निर्धारित लक्ष्य 1500 मी.टन के सापेक्ष 43.90 मी.टन (2.93 प्रतिशत) खरीद की गई है।

## सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं को फिर मिली सफलता

**मेरठ,** 14 मई (देशबन्धु)। सीबीएसई 12वीं तथा 10वीं क्लास का रिजल्ट मंगलवार को घोषित किया गया। जिसमें सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर बड़ी सफलता प्राप्त की। सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. शिमोना जैन ने अपने हाथों से मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया। उन्होंने बच्चों के अच्छे प्रदर्शन पर सभी का होसला बढ़ाया। जिसके बाद बच्चे गद-गद दिखाई दिए और आगे भी सफलता के परचम को दोहराने का संकल्प लिया। डा. शिमोना जैन ने स्कूल प्रबंधन व शिक्षकगणों को छात्रों की सफलता का श्रेय दिया। प्रधानाचार्य ने कहा कि जिस तरह हर वर्ष स्कूल का रिजल्ट मेरठ के शिक्षा क्षेत्र में ऊंचा रहता है यह बड़े हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा के रिजल्ट ने छात्रों के मनोबल को बढ़ाया है जिससे इनके भीतर शिक्षा को लेकर नई उर्जा का आगमन होगा। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की और कहा कि हर बच्चे में कोई न कोई साक्षरता जरूर होती है, लेकिन जरूरत है उसे पहचानने की। इसलिए यह निश्चय करें कि अपने बच्चे के भीतर छिपे हुनर को समझें फिर उसे उसी सबजेक्ट के लिए प्रेरित भी करें। इससे सफलता बच्चों के कदम चूमने को मजबूर होगी।




# मेरठ पब्लिक स्कूल पल्लवपुरम में हुआ अलंकरण समारोह का आयोजन

**मेरठ,** 14 मई (देशबन्धु)। पल्लवपुरम स्थित मेरठ पब्लिक स्कूल में बुधवार को अलंकरण समारोह 2025-26 का आयोजन अत्यंत गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय सिविल सेवा अधिकारी बृजेश कुमार सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से मैनेजिंग डायरेक्टर विक्रमजीत सिंह शास्त्री मुख्य रूप से उपस्थित रहे, शिक्षकगण, अभिभावकगण एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों को तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्वलन से हुई, जिससे वातावरण में एक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। विद्यालय के छात्रों द्वारा आकर्षक बैंड प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया तथा विद्यालय के न्यूजलेटर 'The Post' का विमोचन मुख्य अतिथि प्रबंधन समिति तथा प्रधानाचार्या द्वारा किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मुक्ति मिनोचा ने अतिथि गण, अभिभावकों और छात्रों सहित उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया। इसके पश्चात नेतृत्व पर एक प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किया गया, जो छात्रों में नेतृत्व के गुणों को जाग्रत करने वाला रहा। पश्चात् छात्र परिषद द्वारा भव्य मार्च पास्ट की गयी एवं नव निर्वाचित छात्र परिषद को बैज लगाकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात छात्र परिषद ने विद्यालय की मर्यादा, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा की जिम्मेदारी संभालने की शपथ ली। स्कूल हेड गर्ल रुद्राक्षी पुंडीर एवं हेड बॉय अनंत प्रकाश द्वारा प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किए गए, जिनमें उन्होंने अपने अनुभव और भावनाओं को साँझा किया। विद्यालय प्रबंधन एवं मुख्य अतिथि द्वारा छात्रों को जीवन में नेतृत्व, अनुशासन और जिम्मेदारी के महत्व पर आधारित 'अनमोल विचार' प्रस्तुत किए गए।




# जूनियर हेड बॉय और गर्ल सहित अन्य पदाधिकारियों को सौंपे दायित्व

**मेरठ,** 14 मई (देशबन्धु)। श्रद्धापुरी स्थित मेरठ पब्लिक स्कूल द फर्स्ट स्टेप में बुधवार को अलंकरण समारोह 2025-2026 का आयोजन किया गया। जूनियर हेड बॉय और जूनियर हेड गर्ल सहित अन्य पदाधिकारियों को उनके दायित्व सौंपे गएं। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रबंध निदेशिका केतकी सिंह शास्त्री, मुख्य अतिथि एस. डी. एम. सदर अंकित कुमार सम्माननीय अतिथि रिटायर्ड डिफेन्स ऑफिसर एस. के. अरोरा एवं प्रधानाचार्या सोनू साहनी के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं छात्रों के मधुर गीत के साथ किया गया। अनुशासन समिति के नवनिर्वाचित सदस्य के रूप में जूनियर हेड बॉय सानिध्य दास, जूनियर हेड गर्ल शुभिका भारद्वाज, चारों सदन प्रभारी – नेहरू सदन से कप्तान नव्या गुप्ता एवं उप-कप्तान वानी मलिक, शास्त्री सदन से कप्तान आराध्या तोमर एवं उप- कप्तान स्वरा पुंडीर, गांधी सदन से कप्तान तेजल सिवाच एवं उप- कप्तान युवराज हुड्डा, टैगोर सदन से कप्तान रूद्र प्रताप सिंह एवं उप-कप्तान अंश प्रजापति, खेल प्रभारी कनिष्क त्यागी, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी नव्या त्यागी, अनुशासन प्रभारी वैष्णवी एवं अधिराज सोम ने कार्यभार संभाला। मुख्य अतिथि ने सभी छात्रों को उनके पद से संबंधित बैज प्रदान किए। प्रधानाचार्या के द्वारा समिति के सदस्यों को शपथ ग्रहण कराई गई तथा समिति के सदस्यों को कर्तव्य पथ पर चलने और नेतृत्व की भावना विकसित करने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि ने समिति के सभी सदस्यों को पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ कर्तव्य का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रबंध निदेशिका ने छात्रों को पद पर चयनित होने की शुभकामनाएँ देते हुए विद्यालय में स्वस्थ वातावरण बनाए रखने हेतु अन्य छात्रों के साथ सरल, सहज और सकारात्मक व्यवहार करने के लिए निर्देशित किया।



## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मवाना (मेरठ)

**पत्रांक– 187/कर विभाग/न०पा०परि/2025–26** **दिनांक – 14/05/2025**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् मवाना कर निर्धारण सूची में भवन कर में प्रस्तुत किये गये साक्ष्यो, पंजीकृत बैनामा/विरासत के आधार पर उनके सामने अंकित भवन संख्या अपना नाम बतौर स्वामी दर्ज करने हेतु प्रार्थना–पत्र दिए गये है ! उक्त नामांतरण की कार्यवाही हेतु नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा 147(2) के अंतर्गत सूचना जारी की जाती है, यदि आप किसी व्यक्ति को भवन नामान्तरण की कार्यवाही पर कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर कार्यालय में किसी कार्यशील दिवस में प्रस्तुत कर सकता है ! वाद निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा!

| क्रम सं० | नाम क्रेता/पिता/पत्नि का नाम | नाम विक्रेता/पिता/पत्नि का नाम | म०स० | वर्ष | मोहल्ला | साक्ष्य आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगेन्द्र पाल पुत्र स्व० प्रवीण कुमार व संगीता पत्नि नगेन्द्र पाल | रमेश, अखिलेश पुत्र गंगाशरण | 142 | 2025–26 | कल्याण सिंह | बैनामा |
| 2 | नरेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र पीतम सिंह | राकेश शर्मा पुत्र पीतम सिंह | 2531 | 2025–26 | तिहाई | दानपत्र |
| 3 | उर्मिला देवी पत्नि विजयपाल | मनोज पुत्र सत्यप्रकाश | 2537 | 2025–26 | तिहाई | बैनामा |
| 4 | शमीम बानो पुत्री बुन्दू | राबिया पत्नि बुन्दू | 569 | 2025–26 | हीरालाल | मृत्यु वसीयत |
| 5 | शमीम बानो पुत्री बुन्दू | राबिया पत्नि बुन्दू | 570 | 2025–26 | हीरालाल | मृत्यु वसीयत |
| 6 | मोहन लाल पुत्र शौराज सिंह | सुनील कुमार पुत्र ललता सहाय | 1974 | 2025–26 | मुन्नालाल | बैनामा |
| 7 | कन्हैयालाल गुर्जर पुत्र भैरुलाल गुर्जर | संगीता जैन पत्नि संजय जैन व पूनम जैन पत्नि सुनील जैन | 690 | 2025–26 | मुन्नालाल | बैनामा |
| 8 | साजिद पुत्र अब्दुल हमीद | अब्दुल हमीद पुत्र अब्दुल वहीद | 87 | 2025–26 | मुन्नालाल | मृत्यु वारिसान |
| 9 | मनोज कुमार पुत्र स्व० हरस्वरूप | तेजा, हरस्वरूप पुत्र छोटन | 813 | 2025–26 | काबली गेट | मृत्यु वारिसान |
| 10 | मेराजुद्दीन पुत्र अल्लाहमेहर | यामीन पुत्र सीटू | 280 | 2025–26 | खैरात अली | बैनामा |
| 11 | अशोक कुमार, राकेश कुमार, कृष्ण गोपाल पुत्र स्व० तोताराम | सरला देवी पत्नि तोताराम | 1412 | 2025–26 | तिहाई | मृत्यु वारिसान |
| 12 | प्रिंस पुत्र हरिचन्द | गीता पत्नि हरिचन्द, बबिता पत्नि ऋषि, अन्नू पत्नि नीरज, मोनिका पत्नि सुधीर | 2138 | 2025–26 | तिहाई | मृत्यु वसीयत |
| 13 | राजेंद्र पुत्र फूल सिंह | फूल सिंह पुत्र भोलू | 1140 | 2025–26 | हीरालाल | मृत्यु वसीयत |
| 14 | दिव्यांशु रस्तोगी पुत्र कुलदीप कौशिक | नीरज कौशिक पत्नि कुलदीप कौशिक व कुलदीप कौशिक पुत्र दया प्रकाश कौशिक | 698,699 | 2025–26 | खैरात अली | दानपत्र |
| 15 | ममता रानी पत्नि नवनीत कुमार | राजारानी पत्नि अशोक कुमार पुत्री किशन चन्द | 1989/2 | 2025–26 | तिहाई | बैनामा |

(राजीव कुमार)
अधिशासी अधिकारी

MEERUT PUBLIC SCHOOL GROUP · TO GREATER HEIGHTS · Estd. 1982

# MEERUT PUBLIC SCHOOL GROUP

Late Shri Tara Chand Shastri (Founder Chairman) | Smt. Kusum Shastri (Co-Founder)

"SUCCESS ISN'T ALWAYS ABOUT GREATNESS. IT'S ABOUT CONSISTENCY. CONSISTENT HARD WORK LEADS TO SUCCESS. GREATNESS WILL COME."

निष्ठा धृतिः सत्यम्
DEDICATION, STEADINESS AND TRUTH

## CLASS X (AISSE 2024 - 2025)

### OUR MERITORIOUS SCORERS




| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SHANVI SINGHAL 98.00% | ANANYA JAIN 97.60% | ANIKA AGRAWAL 97.20% | SANGAM 97.00% | AYUSH VERMA 96.60% | YATHAARTH MISHRA 96.60% | DEEKSHA 96.40% | |
| SANVI AGARWAL 96.40% | VAISHNAVI MISHRA 96.40% | AVISHKA 96.00% | MANYA 95.80% | BHAVYA SHARMA 95.60% | AKSHIT TYAGI 95.40% | GARIMA 95.40% | ISTUTI DIKSHIT 95.00% |




SHANVI SINGHAL
★ STATE ACHIEVER ★
MEERUT PUBLIC GIRLS' SCHOOL - SHASTRI NAGAR

### STUDENTS SCORED AGGREGATE 90% AND ABOVE








| | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SHANVI 98.00% | ANANYA 97.60% | ANIKA 97.20% | SANGAM 97.00% | AYUSH 96.60% | YATHAARTH 96.60% | DEEKSHA 96.40% | SANVI 96.40% | VAISHNAVI 96.40% | NAINA 96.20% | GARVIT 96.20% | ANUSHKA 96.00% | AVISHKA 96.00 | ANSH 95.80% | MANYA 95.80% | BHAVYA 95.60% | NAINA 95.60% |
| ISHI 95.60% | DRISHTI 95.40% | AKSHIT 95.40% | GARIMA 95.40% | SADYAM 95.40% | ANSH 95.40% | SHREYA 95.20% | CHHAVI 95.20% | AYUSH 95.20% | YUVRAJ 95.20% | ISTUTI 95.00% | LAKSHIKA 95.00% | YASHIKA 94.80% | DIVYA 94.80% | VANSHIKA 94.60% | SAFIYA 94.60% | AAKHYA 94.60% |
| ADITI 94.60% | MOHD SABOOR 94.60% | TANMAY 94.60% | HRIDYANSH 94.40% | TANISHKA 94.40% | AVIKA 94.20% | RADHIKA 94.00% | AHAM 94.00% | RASHI 93.80% | ANUSHKA 93.80% | MEENAKSHI 93.80% | DEVANSH 93.60% | VAISHNAVI 93.60% | RAKSHITA 93.60% | HARSHITA 93.40% | BHASKAR 93.40% | SAMRAT 93.20% |
| ADITI 93.20% | TANISHKA 93.20% | KHYATI 93.00% | BHOOMI 93.00% | UDAY 92.80% | ISHIKA 92.80% | PURVA 92.80% | PRAKARTI 92.80% | SONAKSHI 92.60% | ANVITA 92.40% | NEERA 92.40% | ANUSHKA 92.40% | ARUSHI 92.20% | SOMYA 92.00% | BHUVI 92.20% | ANSHIKA 92.20% | RIYA 92.00% |
| ANJALI 91.80% | ANUSHA 91.80% | RIDDHIMA 91.80% | HARSHIKA 91.80% | KANISHKA 91.80% | ISHIKA 91.60% | MANSI 91.60% | ADITI 91.60% | HARSHITA 91.60% | DEEKSHA 91.60% | HAMZA 91.40% | PIHU 91.40% | SANSKRITI 91.40% | CHANDAN 91.20% | VEER PRATAP 91.20% | VANSHIKA 91.20% | VEDANSHI 91.20% |
| VANSHIKA 91.00% | VIDHI 91.00% | NIKUNJ 91.00% | NITYA 91.00% | KHUSHI 91.00% | SAUMYA 90.80% | DHRUV 90.80% | ANGEL 90.80% | SHRISHTI 90.80% | TANISHA 90.60% | VANSHIKA 90.60% | TEJAS 90.40% | ASHMIT 90.40% | ROHI 90.40% | ANANYA 90.20% | PRIYANSHI 90.20% | ANSH 90.00% |

NISHKARSH 90.00%

Mrs. Sapna Ahuja
City Coordinator, CBSE & Principal, MPGS
Shastri Nagar

Dr. Alka Srivastava Gaur
Principal, MPS Main Wing
West End Road

Mrs. Rachna Sharma
Principal, MPS For Girls
West End Raod

Mrs. Jyoti P. Vaidya
Principal, MPS
Ved Vyas Puri



MPS-"The First Step"
Shradhapuri Phase-1, Kankerkhera, Meerut



MPS-Ved Vyas Puri
Opp. Subharti Uni., Ved Vyas Puri, Meerut



MPS-Pallavpuram
Phase 1, Pallavpuram, Meerut



MPS-Shradhapuri Phase II (Defence Enclave)
NH 58, Delhi Road, Meerut

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

| सर्वाधिक बढने वाले शेयर | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 3.88 प्रतिशत |
| इटरनल | 2.18 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.02 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.56 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 1.50 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 1.78 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.26 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.11 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.85 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 0.84 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 93,776 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 95,949 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# भारत में थोक महंगाई दर अप्रैल में 13 महीनों के निचले स्तर पर रही

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। भारत में थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई या थोक महंगाई दर अप्रैल में कम होकर 13 महीनों के निचले स्तर 0.85 प्रतिशत पर आ गई है, जो कि मार्च में 2.05 प्रतिशत पर थी। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा बुधवार को दी गई। थोक महंगाई दर में कमी की वजह खाद्य उत्पादों की कीमतों में कमी आना है। अप्रैल में खाद्य उत्पादों पर थोक महंगाई दर कम होकर 2.55 प्रतिशत रह गई है, जो कि मार्च में 4.66 प्रतिशत पर थी। सरकार ने बताया कि अप्रैल में थोक महंगाई दर सकारात्मक रहने की वजह खाद्य उत्पादों, केमिकल और केमिकल उत्पादों, ट्रांसपोर्ट उपकरणों और अन्य मशीनों की मैन्युफैक्चरिंग की कीमत में बढ़ोतरी होना है।

मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों में महंगाई दर बढ़कर 2.62 प्रतिशत हो गई है। फ्यूल एंड पावर और प्राथमिक उत्पादों में महंगाई दर गिरकर 2.18 प्रतिशत और 1.44 प्रतिशत रह गई है। थोक महंगाई दर में कमी ऐसे समय पर देखने को मिली है, जब खुदरा




- खाद्य उत्पादों की कीमतों में कमी आने से थोक महंगाई दर हुई कम
- मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों में महंगाई दर बढ़कर 2.62 प्रतिशत पर

महंगाई दर कई सालों के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है। सरकार द्वारा मंगलवार को जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में खुदरा महंगाई दर घटकर 3.16 प्रतिशत हो गई है, जो कि मार्च में 3.34 प्रतिशत थी। यह खुदरा महंगाई दर का जुलाई 2019 के बाद सबसे निचला स्तर है। यह लगातार तीसरा महीना था, जब खुदरा महंगाई दर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के महंगाई के टारगेट 4 प्रतिशत के नीचे रही है। महंगाई में कमी आने से आरबीआई के पास आने वाले समय में रेपो रेट में कमी करने के लिए पर्याप्त जगह होगी। केंद्रीय बैंक फरवरी और अप्रैल में रेपो रेट में 25-25 आधार अंक की कटौती कर चुका है, जिसके कारण रेपो रेट कम होकर 6 प्रतिशत पर आ गया है।

## एनडीए सरकार ने मुद्रास्फीति नियंत्रण पर किया बेहतर काम : मालवीय

**नई दिल्ली।** बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से पता चला है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने यूपीए सरकार की तुलना में खासकर खाद्य और ईंधन में खुदरा मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में बेहतर काम किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भाजपा आईटी सेल के अध्यक्ष अमित मालवीय की एक पोस्ट के अनुसार, अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 3.16 प्रतिशत पर आ गई, जो कि 2019 से 6 वर्षों में सबसे कम है।




जिसने मुद्रास्फीति के लगातार कम होते रहने का ट्रेंड बनाए रखा। वित्त वर्ष 2024-2025 में खुदरा मुद्रास्फीति 4.6 प्रतिशत रिकॉर्ड की गई थी, जो कि 2018-2019 के बाद से सबसे कम और तीन वर्षों से लगातार गिरने के ट्रेंड को दर्शाता है। आधिकारिक आंकड़ों के हवाले से उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के दौरान देखी गई दोहरे अंकों की मुद्रास्फीति (10 प्रतिशत से अधिक) अब चिंता का विषय नहीं है, यह पिछले दशक में प्रभावी शासन और मूल्य नियंत्रण को दर्शाता है।

## सरकार चीनी कंपनियों के एफडीआई प्रस्तावों की करेगी जांच

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। सरकार भारत में निवेश करने के लिए चीनी कंपनियों के कुछ प्रमुख निवेश प्रस्तावों की अधिक कठोर समीक्षा करने की योजना बना रही है, जिससे इन वेंचर्स को आगे बढ़ने में देरी हो सकती है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई।

एनडीटीवी प्रॉफिट की रिपोर्ट में बताया गया कि यह निर्णय ऐसे समय पर लिया गया है, जब पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को सजा देने के लिए भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' लांच किया था।

चीन, तुर्की और बांग्लादेश के साथ समन्वय करके पाकिस्तान को कूटनीतिक समर्थन देने के अलावा, सैन्य हार्डवेयर भी उपलब्ध करा रहा है, जिसका इस्तेमाल भारत के खिलाफ किया गया। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि सरकार चीनी कंपनियों द्वारा समर्थित प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रस्तावों और ज्वाइंट वेंचर्स की




- चीन समर्थित प्रोजेक्ट में अब देरी होने की संभावना

जांच तेज करेगी।

रिपोर्ट के अनुसार, कुछ भारतीय कंपनियां सरकार की उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग में ज्वाइंट वेंचर के लिए चीनी फर्मों के साथ बातचीत कर रही हैं। ऐसे प्रोजेक्ट्स में अब देरी होने की संभावना है।

प्रमुख चीनी कंपनियों में से होम अप्लायंसेस की दिग्गज कंपनी हायर, भारतीय कारोबारी समूह जेएसडब्ल्यू ग्रुप के साथ 1,000 करोड़ रुपए के संभावित निवेश के लिए संयुक्त उद्यम (जेवी) की संभावना तलाश रही है। यह प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है।

## सोना हो गया सस्ता, चांदी की कीमत में भी आई गिरावट

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। सोने और चांदी की कीमत में बुधवार को गिरावट देखने को मिली है। इस कारण सोने की कीमत फिर से 94,000 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी का भाव 96,000 रुपए प्रति किलो से नीचे पहुंच गया है।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 568 रुपए कम होकर 93,776 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि पहले 94,344 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। इसके साथ 22 कैरेट सोने का दाम घटकर 85,899 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 86,419 रुपए पर था। वहीं, 18 कैरेट सोने की कीमत



कम होकर 70,332 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि पहले 70,758 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी गिरावट देखी गई है। एक किलो चांदी की कीमत 871 रुपए कम होकर 95,949 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 96,820 रुपए प्रति किलो थी। सोने की कीमतों में बड़ी तेजी के बाद हाल के दिनों में गिरावट देखने को मिली है।

## 5जी से 100 गुना ज्यादा पावरफुल होगा 6जी : डॉ. चंद्रशेखर

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने बुधवार को 6जी तकनीक की अभूतपूर्व क्षमता पर जोर देते हुए इसे 5जी की तुलना में '100 गुना अधिक शक्तिशाली' बताया।

'भारत 6जी 2025 इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस एंड एग्जीबिशन' के अवसर पर ग्रामीण विकास और संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने 6जी की अपार क्षमताओं को रेखांकित किया, जो तेज स्पीड और लोअर लेटेंसी के साथ कनेक्टिविटी का एक बड़ा ट्रांसफॉर्मेशन है।

डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने 5जी के समक्ष आने वाली चुनौतियों, जैसे उच्च डेटा उपयोग और सीमित उपलब्ध स्पेक्ट्रम को स्वीकार किया, लेकिन आश्वासन दिया कि ये बाधाएं




6जी एक गेम-चेंजर साबित होगा, जिसमें बिल्ट-इन एआई है, जो उद्योगों व रोजमर्रा की जिंदगी में क्रांति लाएगा : डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी

विकसित होती टेक्नोलॉजी की अंतर्निहित प्रकृति का हिस्सा हैं। उन्होंने बताया कि 5जी बेहद सफल रहा है और 6जी पूरी तरह से अलग नेटवर्क होगा, जो 100 गुना अधिक शक्तिशाली होगा और लेटेंसी कम होकर सब-मिलीसेकंड तक हो जाएगी।

संचार राज्य मंत्री पेम्मासानी ने जोर देकर कहा कि 6जी एक गेम-चेंजर साबित होगा, जिसमें बिल्ट-इन एआई है, जो उद्योगों और रोजमर्रा की जिंदगी में क्रांति लाएगा। उन्होंने आगे बताया कि 5जी एप्लीकेशन, जैसे कि हर गांव में वाई-फाई नेटवर्क का उपयोग करना, को शुरुआती दौर में अपनाया गया है, लेकिन 6जी एक बड़ी उपलब्धि होगी। डॉ. पेम्मासानी ने कहा कि 4जी से 5जी में ट्रांजिशन से अलग 6जी की छलांग पूरी तरह से परिवर्तनकारी होगी। उन्होंने स्वीकार किया कि 6जी पहले अर्ली अडॉप्टर्स को आकर्षित कर सकता है।

### सार संक्षेप

#### मैग्मा जनरल इंश्योरेंस व टोयोटा त्सुशो के बीच करार

**मुंबई।** बीमा क्षेत्र की निजी कंपनी मैग्मा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने यात्री वाहन बीमा बाजार में अपनी मौजूदगी को सशक्त करने के उद्देश्य से टोयोटा त्सुशो इंश्योरेंस ब्रोकर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (टीटीआईबीआई) के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। कंपनी ने बुधवार को बयान जारी कर बताया कि इस समझौते के तहत टीटीआईबीआई देशभर के 150 डीलर नेटवर्क के माध्यम से मैग्मा के मोटर बीमा उत्पादों का वितरण करेगा। यह निजी और वाणिज्यिक यात्री वाहनों को दुर्घटनाओं, चोरी, प्राकृतिक आपदाओं और तीसरे पक्ष की देनदारियों जैसे खतरों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। मैग्मा जनरल इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) राजीव कुमारस्वामी ने इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह गठजोड़ विशेष रूप से निजी यात्री कार श्रेणी में कंपनी की उपस्थिति को मजबूत करेगा और ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करने में मदद करेगा।

#### भारत का टैबलेट मार्केट मार्च तिमाही में 15 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत के टैबलेट मार्केट में मार्च तिमाही (जनवरी-मार्च अवधि में) सालाना आधार पर 15 प्रतिशत और तिमाही आधार पर 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसकी वजह एंटरप्राइज सेगमेंट और कंज्यूमर दोनों की मांग में बढ़ोतरी होना है। यह जानकारी एक नई रिपोर्ट में दी गई। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) की टैबलेट पीसी इंडिया मार्केट रिपोर्ट में कहा गया कि टैबलेट मार्केट में प्रीमियम सेगमेंट की हिस्सेदारी बढ़कर 41 प्रतिशत हो गई है। वहीं, पूरे टैबलेट मार्केट में 5जी का मार्केट शेयर 43 प्रतिशत पर पहुंच गया है। यह दिखाता है कि फ्यूचर-रेडी डिवाइस को लेकर ग्राहकों में जागरुकता बढ़ रही है। 2025 की पहली तिमाही में भारतीय टैबलेट मार्केट में 34 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ सैमसंग शीर्ष पर था। इसके बाद एप्पल था, जिसके पास 21 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी थी। वहीं, लेनोवो 19 प्रतिशत के मार्केट शेयर के साथ तीसरे स्थान पर था।

#### कैट ने की तुर्की व अजरबैजान का बायकॉट करने की अपील

**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष ट्रेडर्स बॉडी में से एक कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने बुधवार को सभी व्यापारियों और नागरिकों से तुर्की और अजरबैजान का बायकॉट करने की अपील की। ऑपरेशन सिंदूर के समय भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बीच इन दोनों देशों ने पड़ोसी मुल्क का खुलकर समर्थन किया था। 2024 में तुर्की में करीब 62.2 मिलियन विदेशी यात्री आए थे। इसमें से 3,00,00 के आसपास भारतीय थे। 2023 की तुलना में पिछले साल तुर्की में 20 प्रतिशत अधिक भारतीय यात्री आए थे। कैट द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्ष तुर्की की कुल पर्यटन आय 61.1 बिलियन डॉलर थी, जिसमें प्रत्येक भारतीय पर्यटक ने औसतन 972 डॉलर खर्च किए थे।

# लिवाली की बदौलत बाजार मजबूती के साथ बंद

**मुंबई,** 14 मई (एजेंसियां)। देश में इस वर्ष अप्रैल में खुदरा और थोक महंगाई घटने से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दरों में और कटौती करने की उम्मीद बढ़ने से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ।

- सेंसेक्स 182.34 अंक की छलांग लगाकर 81,330.56 पर रहा
- निफ्टी 88.55 अंक की बढ़ोतरी लेकर 24666.90 पर पहुंचा

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 182.34 अंक छलांग लगाकर 81,330.56 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 88.55 अंक की बढ़ोतरी लेकर 24666.90 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.19 प्रतिशत उछलकर 44,327.28 अंक और स्मॉलकैप 1.63 प्रतिशत की तेजी के साथ 49,978.95 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4125 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2855 में लिवाली जबकि 1121 में बिकवाली हुई वहीं 149 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए कुल 2960 कंपनियों के शेयर रखें गए। इनमें से 2183 तेजी जबकि 694 गिरावट रही वहीं 83 के भाव स्थिर रहे।

अनाज और शाक-सब्जियों की कीमतों में नरमी के




कारण भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई इस वर्ष अप्रैल में गिरकर 3.16 प्रतिशत पर आ गयी। इससे पिछले महीने मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति 3.34 प्रतिशत और पिछले साल अप्रैल में 4.83 प्रतिशत रही थी। इसी तरह खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट और ईंधन की दरों में नरमी से अप्रैल में देश की थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित थोक महंगाई मार्च के 2.05 प्रतिशत घटकर तेरह माह के निचले स्तर 0.85 पर आ गई। निवेशकों को महंगाई में गिरावट से आरबीआई की अगली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों में कटौती किए जाने की उम्मीद बढ़ गई है।

इससे बीएसई में बैंकिंग की 0.34 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 समूहों में लिवाली का ज़ोर रहा। इस दौरान धातु 2.46, कमोडिटीज 1.49, सीडी 0.77, ऊर्जा 1.23, एफएमसीजी 0.16, वित्तीय सेवाएं 0.10, हेल्थकेयर 0.63, इंडस्ट्रियल्स 1.73, आईटी 1.37, दूरसंचार 1.14, यूटिलिटीज 0.19, ऑटो 0.86, कैपिटल गुड्स 1.49, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.16, तेल एवं गैस 1.46, पावर 0.73, रियल्टी 1.71, टेक 1.20, सर्विसेज 0.37 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.38 प्रतिशत उछल गए।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों ने मुनाफा कमाया उनमें टाटा स्टील 3.88, इटरनल 2.18, टेक महिंद्रा 2.02, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.56, इंफ़ोसिस 1.50, मारुति 1.50, इंडसइंड बैंक 1.45, एचसीएल टेक 1.07, टीसीएस 0.94, भारती एयरटेल 0.74, टाइटन 0.65, रिलायंस 0.57, सन फार्मा 0.56, बजाज फाइनेंस 0.46, आईटीसी 0.29, अल्ट्रासिम्को 0.29, एलटी 0.18, एक्सिस बैंक 0.13, अदानी पोर्ट्स 0.11 और बजाज फिनसर्व 0.09 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, एशियन पेंट 1.78, टाटा मोटर्स 1.26, कोटक बैंक 1.11, एनटीपीसी 0.85, पावरग्रिड 0.84, एचडीएफसी बैंक 0.64, आईसीआईसीआई बैंक 0.43, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.40 और एसबीआई के शेयर 0.19 प्रतिशत नुकसान में रहे।

## भारत में स्टोरेज-बैक्ड आरई की इंस्टॉल्ड कैपेसिटी बढ़कर 25-30 गीगावाट हो जाएगी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। क्रिसिल रेटिंग्स की बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, भारत में स्टोरेज-बैक्ड रिन्यूएबल एनर्जी (आरई) की इंस्टॉल्ड कैपेसिटी वित्त वर्ष 2027-28 तक बढ़कर 25-30 गीगावाट (जीडब्ल्यू) हो जाने की संभावना है, जो 2024-25 के दौरान लगभग शून्य है।



रिपोर्ट में कहा गया है कि वृद्धिशील क्षमता तीन वर्षों में जोड़ी जाने वाली कुल रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता का 20 प्रतिशत से अधिक होगी। स्टोरेज-बैक्ड आरई प्रोजेक्ट रिन्यूएबल एनर्जी जनरेशन की रुक-रुककर होने वाली प्रकृति के लिए एक प्रभावी समाधान प्रदान करती हैं। ऐसे प्रोजेक्ट आवश्यकता पड़ने पर बिजली की आपूर्ति करते हैं, जिससे ग्रिड स्थिरता को सपोर्ट मिलता है। उदाहरण के लिए ये प्रोजेक्ट मासिक या प्रति घंटे के शेड्यूल पर या सुबह और शाम के पीक घंटों में ग्रीन पावर प्रदान कर सकते हैं। सरकार इन प्रोजेक्ट पर जोर दे रही है ताकि रिन्यूएबल एनर्जी को देश के बिजली मिश्रण का एक स्थायी हिस्सा बनाया जा सके। हाल ही में टेंडर नीलामी में इन प्रोजेक्ट की उच्च मात्रा में जोर देखा गया, जो कैलेंडर वर्ष 2024 में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा टेंडर के माध्यम से दी गई कुल क्षमता का लगभग 25 प्रतिशत है, जबकि कैलेंडर वर्ष 2023 में यह 11 प्रतिशत है। हाई-एनर्जी आवश्यकताओं को देखते हुए इन प्रोजेक्ट को कॉन्ट्रैक्टेड कैपेसिटी के 2.5 गुना तक औसत ओवरसाइज़िंग की आवश्यकता है।

## खाद्य तेलों में टिकाव, दालें महंगी व अन्य जिंसों के भाव रहे स्थिर

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि मांग निकालने से दालें महंगी हो गईं वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 105 रिंगिट उबलकर 3934 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.29 सेंट गिरकर 51.19 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चना 150 रुपए, दाल चना 150 रुपए, मसूर दाल 100 रुपए, मूंग दाल 200 रुपए, उड़द दाल 100 रुपए और अरहर दाल 150 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8450-8550 रुपए प्रति क्विंटल रहे। **अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। **चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## सऊदी अरब को एआई व क्लाउड में ग्लोबल पावरहाउस बनाएगा एनवीडिया

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। ग्राफिक चिप दिग्गज कंपनी एनवीडिया ने सऊदी अरब को एआई, क्लाउड और एंटरप्राइज कंप्यूटिंग, डिजिटल ट्विन्स और रोबोटिक्स में ग्लोबल पावरहाउस में बदलने के लिए 'हुमेन' के साथ साझेदारी की घोषणा की है।

सऊदी अरब के पब्लिक इन्वेस्टमेंट फंड (पीआईएफ) की नई फुल एआई वैल्यू चेन सहायक कंपनी 'हुमेन' ने एआई कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में दुनिया की अग्रणी कंपनी एनवीडिया के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विकास को आगे बढ़ाया जाएगा। एक बयान में कहा गया है कि दोनों कंपनियां सऊदी अरब को एआई, जीपीयू क्लाउड कंप्यूटिंग और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन में ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित करने के लिए एनवीडिया




- सऊदी अरब में एआई फैक्ट्रियों के निर्माण के लिए निवेश कर रहा 'हुमेन'

प्लेटफॉर्म और विशेषज्ञता का लाभ उठाएंगी, ताकि दुनिया भर में इनोवेशन और विकास को बढ़ावा दिया जा सके।

एनवीडिया के संस्थापक और सीईओ जेन्सेन हुआंग ने कहा कि बिजली और इंटरनेट की तरह एआई भी हर देश के लिए आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर है। हुमेन के साथ मिलकर हम सऊदी अरब के लोगों और कंपनियों के लिए एआई इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहे हैं।

हुमेन सऊदी अरब में एआई फैक्ट्रियों के निर्माण के लिए एक बड़ा निवेश कर रहा है, जिसकी अनुमानित क्षमता 500 मेगावाट तक है, जो अगले पांच वर्षों में एनवीडिया सबसे एडवांस्ड लाखों जीपीयू से संचालित होगी। डेप्लॉयमेंट का पहला चरण एनवीडिया इनफिनिबैंड नेटवर्किंग के साथ 18,000 एनवीडिया जीबी300 ग्रेस ब्लैकवेल एआई सुपरकंप्यूटर होगा।

कंपनियों ने कहा कि ये हाइपरस्केल एआई डेटा सेंटर बड़े पैमाने पर सर्वश्रेष्ठ एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने और तैनात करने के लिए एक सुरक्षित फाउंडेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करेगा, जिससे सऊदी अरब और दुनिया भर में उद्योगों को इनोवेशन और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन में तेजी लाने में मदद मिलेगी।

# खेल जगत

## कोहली को बीसीसीआई से उम्मीद के मुताबिक समर्थन नहीं मिला : कैफ

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने दावा किया है कि विराट कोहली को बीसीसीआई और चयनकर्ताओं से उम्मीद के मुताबिक समर्थन नहीं मिला, जिसके कारण उन्होंने तुरंत प्रभाव से अपना टेस्ट क्रिकेट करियर समाप्त कर दिया। कोहली, जिन्होंने 123 मैचों में 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाए, ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर लिखा कि वह तुरंत प्रभाव से टेस्ट से संन्यास ले रहे हैं। उनका यह फैसला भारत के कप्तान रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के ठीक पांच दिन बाद आया है। कैफ ने कहा कि मुझे लगता है कि वह इस प्रारूप में खेलना जारी रखना चाहते थे। बीसीसीआई के साथ कुछ आंतरिक बातचीत हुई होगी, चयनकर्ताओं ने पिछले 5-6 वर्षों में उनके फॉर्म का हवाला दिया होगा और उन्हें बताया होगा कि टीम में उनकी जगह अब नहीं रह गई है।



# आईपीएल के बचे हुए मुकाबले खेलने के लिए भारत वापस आएंगे ट्रेंट बोल्ट

### सुनील नारायण व रसेल केकेआर से जुड़े, डी कॉक के जुड़ने की उम्मीद, मोइन का इंतजार

- दिल्ली के फ्रेजर आईपीएल से हटे, स्टार्क के आगे खेलने को ले संशय
- बोल्ट को मुंबई इंडियंस ने आईपीएल नीलामी में सबसे महंगा 12 करोड़ 50 लाख रुपए में खरीदा था



■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 14 मई (देशबन्धु)। मुंबई इंडियंस के लिए अच्छी खबर है कि उसके रफ्तार के सौदागर ट्रेंट बोल्ट अब 17 मई से फिर से आगे शुरू हो रही बाकी 2025 आईपीएल में खेलने के लिए लौट सकते हैं। बेहद ढीली शुरुआत करने के बाद अपने घर मुंबई इंडियंस ने मुंबई में केकेआर को आठ विकेट से हरा पांच मैचों में पहली जीत के बाद अगले दो मैच हारने के बाद लगातार छह जीत मैच जीते। मुंबई फिलहाल शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटंस से डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर अपना 12 वां मैच तीन विकेट से हार कर कुल 14 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। बोल्ट ने मौजूदा संस्करण में मुंबई इंडियंस के लिए 12 मैचों में 18 विकेट चटका कर फिलहाल चौथे स्थान पर है। बोल्ट को मुंबई इंडियंस ने आईपीएल नीलामी में सबसे महंगा 12 करोड़ 50 लाख रुपये में खरीदा था। बोल्ट के आईपीएल को स्थगित करने के चलते वापस मुंबई इंडियंस से खेलने के लिए जुड़ने का फैसला करने का इसलिए राहत भरा है क्योंकि उसके दक्षिण अफ्रीका के रेयन रिकल्टन और कार्बिन बॉस के साथ इंग्लैंड विल जैक भी आईपीएल 2025 के 10 मई को स्थगित होने से स्वदेश लौट गए थे।

शुभमन गिल की अगुआई वाली गुजरात टाइटंस और आरसीबी के 11 -11 मैचों से समान रूप से 16 -16 हैं लेकिन अपनी बेहतर नेट रन रेट के चलते गुजरात फिलहाल शीर्ष पर है। भारत और पाकिस्तान की बीच सरहद पर तनाव के चलते 10 मई को स्थगित 2025 आईपीएल अब 17 मई को आरसीबी और केकेआर के बीच बेंगलुरु में मैच से आगे शुरू होगी। आरसीबी के लिए चिंता का सबब है कि उसके लिए दस मैचों में सबसे ज्यादा 18 विकेट चटका कर फिलहाल मौजूदा सीजन में शीर्ष पर चल रहे उसके ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड का कंधे में चोट के चलते उसके लिए आगे के मैचों के लिए उपलब्ध होना तय नहीं है। हेजलवुड को हालांकि ऑस्ट्रेलिया के 11 जून से लॉर्ड्स (इंग्लैंड) में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जाने वाले आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए अपने देश की 15 सदस्यीय टीम में शामिल है। वहीं दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक के बृहस्पतिवार को अपनी केकेआर टीम के 17 मई को बेंगलुरु में मेजबान आरसीबी के खिलाफ खेले जाने वाले मैच के लिए जुड़ने की पूरी उम्मीद है। डी कॉक ने केकेआर को अब आईपीएल के 17 मई से 3 जून तक के बाकी चरण के लिए खुद को उपलब्ध बताया है। केकेआर को प्ले ऑफ में पहुंचने की हल्की उम्मीद बनाए रखने के लिए आरसीबी के खिलाफ यह मैच जीतना बेहद जरूरी है। साथ ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने अपनी टीम केकेआर को बताया है कि वह टीम के लिए बाकी आईपीएल में खेलने के लिए उपलब्ध हैं। केकेआर इंग्लैंड के मोईन अली के भी वापस टीम से जुड़ने की उम्मीद कर रही है। वहीं आईपीएल के स्थगित होने के बाद दुबई में रुके वेस्ट इंडीज के सुनील नारायण व आंद्रे रसेल सबसे पहले बुधवार को अपनी टीम केकेआर के साथ बाकी आईपीएल के लिए वापस जुड़ गए।

## विराट और रोहित की जगह भरने के लिए भारत में प्रतिभाओं कमी नहीं : एंडरसन

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां। भारतीय क्रिकेट के मौजूदा समय के दो सबसे बड़े बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। इस बीच, इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का मानना है कि भारत में ऐसी प्रतिभाएं हैं जो रोहित और विराट के जाने से खाली हुई जगह को भर सकती हैं। जेम्स एंडरसन ने विराट कोहली को टेस्ट क्रिकेट इतिहास के महान बल्लेबाजों में एक करार दिया। एंडरसन ने कहा कि विराट एक महान बल्लेबाज रहे हैं। उनकी कमी टेस्ट फॉर्मेट में निश्चित रुप से भारतीय टीम को खलेगी लेकिन भारत में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का एक बड़ा समूह मौजूद है जो उन्हें रिप्लेस करेगा और उनकी कमी की भरपाई करेगा। विराट कोहली और जेम्स एंडरसन के बीच टेस्ट फॉर्मेट में हमेशा से एक कड़ी प्रतियोगिता देखने को मिली है। कभी एंडरसन तो कभी कोहली एक दूसरे पर भारी पड़ते रहे हैं। कोहली ने एंडरसन के खिलाफ 36 पारियों में 305 रन बनाए हैं। इस दौरान दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 7 बार विराट कोहली को आउट किया है। जेम्स एंडरसन ने टॉकस्पोर्ट पर रोहित शर्मा के संन्यास पर कहा कि रोहित के जाने के बाद भारतीय टीम को नया कप्तान मिलेगा। भारतीय टीम मैनेजमेंट आईपीएल से नए और आक्रामक युवाओं को टेस्ट फॉर्मेट में जगह दे रहा है।

# आईपीएल में विराट का बल्ला कभी शांत नहीं रहता : कैफ

- मौजूदा सीजन में, आरसीबी 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है
- प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने के लिए एक कदम जीत से दूर



**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने इस साल विराट कोहली के आईपीएल खिताब जीतने की संभावनाओं पर अपनी राय देते हुए कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इस साल शानदार फॉर्म में है और अपनी बेहतरीन ऑलराउंड टीम के साथ बेंगलुरु स्थित यह फ्रेंचाइजी निश्चित रूप से अपना पहला खिताब जीतेगी। मौजूदा सीजन में, आरसीबी 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है और प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने से एक जीत दूर है। इस बीच, विराट कोहली, जो ऑरेंज कैप जीतने वाले 2024 सीजन (741 रन) के दम पर टूर्नामेंट में शामिल हुए, वर्तमान में 505 रनों के साथ इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में चौथे स्थान पर हैं, जो शीर्ष पर मौजूद सूर्य कुमार यादव (510 रन) से सिर्फ छह रन पीछे हैं। कैफ ने आईएएनएस से कहा कि अगर हम एक टीम के तौर पर आरसीबी की बात करें, तो वे शानदार रहे हैं। मैं %टीम% शब्द पर जोर दे रहा हूं क्योंकि वे हमेशा से बल्लेबाजी से भारी रहे हैं, वे अपने विरोधियों को आउटसोर्स करने की मानसिकता रखते थे। लेकिन इस बार रजत पाटीदार ने अपने गेंदबाजों का इस्तेमाल करके शानदार काम किया है, 170-180 के स्कोर का बचाव करते हुए विरोधियों को रोका है।

## मुझे नहीं लगता कि विराट से ज्यादा टेस्ट फॉर्मेट के लिए कोई और कर सकता है : वॉन

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली द्वारा छोड़े गए महत्वपूर्ण खालीपन को उजागर किया, उन्हें पिछले तीन दशकों में इस फॉर्मेट में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति बताया। कोहली ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने शानदार टेस्ट करियर का अंत किया और 123 मैचों में 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाकर अपने करियर को अलविदा कह दिया, जिसमें 30 शतक और 31 अर्द्धशतक शामिल हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 254 रन रहा।वॉन ने लिखा, 30 साल से ज्यादा समय में, मुझे नहीं लगता कि विराट से ज्यादा टेस्ट फॉर्मेट के लिए कोई और कर सकता है। उनके बिना टेस्ट क्रिकेट बहुत नीरस जगह होती, और अगर वह इसमें उतनी दिलचस्पी नहीं दिखाते और निवेश नहीं करते, तो इसकी अपील खत्म हो जाती।

## कैथरीन ब्रायस ने आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। स्कॉटलैंड की कप्तान कैथरीन ब्रायस को अप्रैल 2025 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया है, क्योंकि उनके शानदार ऑलराउंड प्रयासों के कारण वह पाकिस्तान में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनीं।

कैथरीन ने वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज और पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना को हराकर मासिक सम्मान जीता। कैथरीन ने बुधवार को आईसीसी द्वारा दिए गए एक बयान में कहा कि यह पुरस्कार जीतना वास्तव में सम्मान की बात है। यह जानना कि वैश्विक क्रिकेट समुदाय द्वारा इसके लिए मतदान किया जा रहा है, इसे और भी खास बनाता है; फातिमा सना और हेली मैथ्यूज जैसी दो खिलाड़ियों के साथ नामांकित होना, जिन्होंने खुद शानदार टूर्नामेंट खेले, अद्भुत था। कैथरीन ने अपने पांच मैचों में 73.25 की शानदार औसत से 293 रन बनाए। उनकी उल्लेखनीय पारियों में मेजबान पाकिस्तान के खिलाफ 91, थाईलैंड के खिलाफ 60 और आयरलैंड के खिलाफ नाबाद 131 रन शामिल हैं, जो टूर्नामेंट का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी है। अपनी बल्लेबाजी कौशल के अलावा, कैथरीन ने गेंद से भी योगदान दिया, प्रतियोगिता के दौरान छह विकेट लिए और अंतत: उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया, हालांकि स्कॉटलैंड 2025 महिला वनडे विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने से चूक गया, जो इस साल के अंत में भारत में होने वाला है। विश्व कप क्वालीफायर हमारी स्कॉटलैंड टीम के लिए एक शानदार प्रतियोगिता थी। जिस तरह से हमने अपना क्रिकेट खेला और जिस तरह से हमने एक साथ बहुत ज्यादा नहीं खेला है, उसमें विकास किया और आगे बढ़े, यह देखना शानदार था और कई अलग-अलग खिलाड़ियों का अलग-अलग मौकों पर खड़े होकर खेल की कमान संभालना शानदार था।

# करुण नायर भारत के अगले नंबर 4 हो सकते हैं : कुंबले

- भारत तेंदुलकर या कोहली के बिना टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगा



**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद कठिन बदलाव के दौर से गुजर रही है, ऐसे में पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने करुण नायर की सनसनीखेज वापसी के लिए अपना समर्थन दिया है।

अगले महीने इंग्लैंड में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज और नंबर 4 की स्थिति में एक बड़ा अंतर - जिस पर कोहली और उनसे पहले सचिन तेंदुलकर तीन दशक से अधिक समय से काबिज हैं - के साथ कुंबले का मानना है कि नायर इस स्थान के लिए सही व्यक्ति हो सकते हैं। भारत एक नए क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है। 1989 के बाद पहली बार, जब सचिन तेंदुलकर ने पदार्पण किया था, भारत तेंदुलकर या कोहली के बिना टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगा। रोहित शर्मा के संन्यास ने मध्यक्रम के संकट को और बढ़ा दिया है, जिससे टीम को एक नई बल्लेबाजी योजना तैयार करनी पड़ रही है, जिसमें प्रतिष्ठा से अधिक फॉर्म पर निर्भर रहना पड़ सकता है। कुंबले ने ईएसपीएन क्रिकइंफो पर कहा कि इस बारे में कोई उचित बातचीत नहीं हुई है कि नंबर 4 पर कौन बल्लेबाजी करने जा रहा है। जब रोहित ऑस्ट्रेलिया में नहीं खेले, तो कुछ फेरबदल हुए। केएल राहुल ने अवसर का लाभ उठाया। लेकिन उसके बाद, मध्यक्रम अनिश्चित लग रहा है। और नंबर 4 इंग्लैंड में सबसे महत्वपूर्ण बल्लेबाजी स्थान है। कुंबले का मानना है कि इसका उत्तर भारतीय टेस्ट क्रिकेट में लंबे समय से भुला दिए गए नाम - करुण नायर में छिपा हो सकता है। 33 वर्षीय, जिन्होंने आखिरी बार 2017 में टेस्ट खेला था, ने चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ तिहरा शतक बनाया था, लेकिन इसके तुरंत बाद ही उनकी लोकप्रियता कम हो गई। कुंबले ने कहा कि करुण ने जिस तरह का घरेलू प्रदर्शन किया है, उसके साथ वह भारतीय टीम में वापस आने के हकदार हैं।आपको अंग्रेजी परिस्थितियों में अनुभव रखने वाले किसी व्यक्ति की आवश्यकता है। उन्होंने काउंटी क्रिकेट खेला है, वह पहले भी वहां खेल चुके हैं। वह भले ही 30 के पार हों, लेकिन क्रिकेट के लिहाज से वह अभी भी युवा हैं। कर्नाटक में जन्मे बल्लेबाज, जो अब घरेलू क्रिकेट में विदर्भ का प्रतिनिधित्व करते हैं, ने एक शानदार सीजन खेला है। 2024-25 की विजय हजारे ट्रॉफी में, उन्होंने आठ पारियों में 779 रन बनाए, जिसमें पांच शतक शामिल थे - उनमें से चार लगातार थे - और उन्होंने लगभग अकेले ही विदर्भ को फाइनल में पहुंचाया। लेकिन नायर ने अपना काम जारी रखा। उन्होंने शानदार रणजी ट्रॉफी अभियान चलाया, जिसमें नौ मैचों में 863 रन बनाए, जिसमें केरल के खिलाफ फाइनल में एक महत्वपूर्ण शतक और एक अर्धशतक शामिल था, जिससे विदर्भ खिताब जीतने में सफल रहा।

## सार संक्षेप

### थाईलैंड ओपनः लक्ष्य हारे, आकर्षि और उन्नति दूसरे दौर में

**बैंकॉक।** बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट थाईलैंड ओपन में भारत के अभियान की बुधवार को मिली-जुली शुरुआत हुई, क्योंकि शीर्ष पुरुष एकल शटलर लक्ष्य सेन पहले दौर में ही बाहर हो गए, जबकि आकर्षि कश्यप और उन्नति हुड्डा ने महिला एकल में कड़े संघर्ष के बाद जीत दर्ज कर दूसरे दौर में जगह बनाई। दिन के सबसे बड़े उलटफेरों में से एक में, लक्ष्य सेन को आयरलैंड के नहत एनगुयेन ने 1 घंटे 20 मिनट तक चले तीन गेम के मुकाबले में बाहर कर दिया। भारत की शीर्ष बैडमिंटन प्रतिभाओं में शुमार सेन को 18-21, 21-9, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती गेम में मामूली अंतर से हारने के बाद, सेन ने दूसरे गेम में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने तीखे स्मैश और तेज गति की रैलियों का इस्तेमाल करते हुए मैच को बराबरी पर ला दिया। लेकिन एनगुयेन ने निर्णायक गेम में कड़ी टक्कर दी और 17-13 से आगे निकल गए तथा दबाव के क्षणों में अपना संयम बनाए रखते हुए उलटफेर कर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

### कॉक आरसीबी के खिलाफ केकेआर से जुड़ने को तैयार

**बेंगलुरु।** दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी क्विंटन डी कॉक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ करो या मरो मुकाबले से दो दिन पहले गुरुवार को बेंगलुरु में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम के साथ जुड़ सकते हैं। मंगलवार शाम तक डी कॉक की उपलब्धता पर संशय बना हुआ था लेकिन उन्होंने लीग के अंतिम चरण के लिए खुद की उपलब्धता की पुष्टि कर दी है जो कि 17 मई से तीन जून तक खेला जाएगा। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि स्पेंसर जॉनसन सहित केकेआर के अधिकतर विदेशी खिलाड़ियों ने लीग के अंतिम चरण के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि कर दी है। हालांकि उन्हें अभी भी मोईन अली की पुष्टि का इंतजार है। आंद्रे रसल और सुनील नारायण उन विदेशी खिलाड़ियों में शामिल हैं जो बुधवार दोपहर को सबसे पहले बेंगलुरु पहुंचेंगे।

### सनी भाटी ने जीता भारोत्तोलन में स्वर्ण पदक

**राजगीर (बिहार)।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में बुधवार को लड़कों 102 किग्रा से अधिक भार वाली भारोत्तोलन प्रतियोगिता में हरियाणा के सनी भाटी ने 268 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। आज यहां राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में लड़कों की 102 किग्रा से अधिक भार वर्ग की भारोत्तोलन प्रतियोगिता में हरियाणा के सनी भाटी 268 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं जम्मू और कश्मीर के सात्विक लूथरा ने (266 किलोग्राम) वजन के साथ रजत पदक तथा बिहार के उज्ज्वल सिंह (241 किलोग्राम) वजन उठाकर कांस्य पदक जीता।

## मेहदी हसन मिराज ने अप्रैल के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। बांग्लादेश के ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज ने जिम्बाब्वे के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए अप्रैल 2025 के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता है। उन्होंने जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजरबानी और न्यूजीलैंड के बेन सियर्स को हराकर मासिक पुरस्कार जीता। मेहदी यह पुरस्कार जीतने वाले बांग्लादेश के केवल तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं और दो साल से अधिक समय में ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी हैं - शाकिब अल हसन मार्च 2023 में यह पुरस्कार जीतने वाले बांग्लादेश के अंतिम खिलाड़ी थे, जबकि मुशफिकुर रहीम इस सम्मान के विजेता चुने जाने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। बुधवार को आईसीसी द्वारा दिए गए एक बयान में मेहदी ने कहा कि आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड जीतना एक अविश्वसनीय सम्मान है। आईसीसी अवार्ड किसी भी क्रिकेटर के लिए अंतिम मान्यता है, और वैश्विक वोट से इसे प्राप्त करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मेहदी ने कहा कि इस तरह के क्षण मुझे मेरी यात्रा की याद दिलाते हैं - 2016 आईसीसी अंडर 19 विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब मिलना मेरे करियर की शुरुआत में एक बहुत बड़ा प्रोत्साहन था।

# बिहार, जम्मू-कश्मीर ने भारोत्तोलन में पहला पदक जीता, 5 दिवसीय आयोजन में 13 राष्ट्रीय रिकॉर्ड बने

- बिहार के उज्ज्वल सिंह ने कुल 241 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक जीता
- पहले चार दिनों में कई रिकॉर्ड बने, लेकिन अंतिम दिन कोई रिकॉर्ड नहीं बना



**राजगीर (बिहार),** 14 मई (एजेंसियां)। मेजबान बिहार और जम्मू-कश्मीर ने बुधवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में अपना पहला भारोत्तोलन पदक जीता। राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में, जम्मू-कश्मीर के सात्विक लूथरा ने 263 किग्रा वजन उठाकर रजत पदक जीता, जबकि बिहार के उज्ज्वल सिंह ने कुल 241 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। स्वर्ण पदक हरियाणा के सनी भाटी के नाम रहा, जिन्होंने क्लीन एंड जर्क में 151 किग्रा वजन उठाकर जम्मू-कश्मीर के अपने प्रतिद्वंद्वी को आसानी से पीछे छोड़ दिया। पांच दिवसीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता बुधवार को संपन्न हुई।

पहले चार दिनों में कई रिकॉर्ड बने, लेकिन अंतिम दिन कोई रिकॉर्ड नहीं बना। कुल मिलाकर, इस बार 13 राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड बने।महाराष्ट्र ने इनमें से पांच, उत्तर प्रदेश ने तीन, ओडिशा ने दो और तमिलनाडु, असम और हरियाणा ने एक-एक रिकॉर्ड बनाए। तमिलनाडु में खेलो इंडिया यूथ गेम्स में आठ राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड बनाए गए थे। जम्मू-कश्मीर के लूथरा ने धैर्य बनाए रखा और लगभग स्वर्ण पदक जीत ही लिया। अगर क्लीन एंड जर्क में 151 किग्रा का उनका तीसरा और अंतिम प्रयास सफल हो जाता, तो भाटी पर दबाव बढ़ जाता। लूथरा ने इस जनवरी में भारतीय भारोत्तोलन महासंघ की राष्ट्रीय चैंपियनशिप से दो महीने पहले लगी कलाई की चोट पर काबू पा लिया और अपने दूसरे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हिस्सा लिया। केरल की अमृता पी. सुनी ने स्नैच में 79 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 102 किग्रा वजन उठाकर युवा लड़कियों के +81 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

# पीटन स्टर्न्स ने इटैलियन ओपन में रचा इतिहास



**रोम,** 14 मई (एजेंसियां)। पीटन स्टर्न्स ने इटैलियन ओपन में इतिहास रच दिया है। स्टर्न्स ने क्वार्टर फाइनल में 16वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को रोमांचक मुकाबले में हराया। वह ओपन एरा में लगातार तीन डब्ल्यूटीए मुख्य ड्रॉ मैच तीसरे सेट के टाईब्रेक में जीतने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। गैर-वरीयता प्राप्त अमेरिकी स्टर्न्स ने 6-2, 4-2 से पिछड़ने के बाद तीसरे सेट में डबल-ब्रेक से वापसी करते हुए यूक्रेन की 16वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को दो घंटे और 38 मिनट में 6-2, 4-6, 7-6(4) से हराया। आखिरी दो राउंड में स्टर्न्स ने ग्रैंड स्लैम चैंपियन मैडिसन कीज और नाओमी ओसाका को तीसरे सेट के टाईब्रेक में हराया, जिससे उनका इतिहास रचने वाला सिलसिला शुरू हो गया। विश्व की 6वें नंबर की कीज को हराना उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ जीत थी, जो प्रतिद्वंद्वी रैंकिंग के हिसाब से थी। डब्ल्यूटीए की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2015 में डारिया सैविल के बाद रोम के मुख्य ड्रॉ में अपने पदार्पण पर सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी हैं। वहीं 1998 में वीनस विलियम्स के बाद ऐसा करने वाली पहली अमेरिकी महिला हैं। दुनिया की 42 वें नंबर की खिलाड़ी स्टर्न्स अपने करियर के पहले डब्ल्यूटीए 1000 सेमीफाइनल में पहुंची हैं।

# 25 मई तक आईपीएल छोड़ सकते हैं द. अफ्रीका के खिलाड़ी

- आईपीएल 2025 में इस बार कुल मिलाकर 20 दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी खेल रहे हैं
- अब लीग स्टेज का समापन 27 मई और प्लेऑफ की शुरुआत 29 मई को होगी



डब्ल्यूटीसी फाइनल

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) के बाकी बचे हुए मैचों का आयोजन 17 मई से होने जा रहा है। फाइनल मैच 3 जून को खेला जाएगा। आईपीएल में दक्षिण अफ्रीका के आठ ऐसे खिलाड़ी खेल रहे हैं जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मैच का भी हिस्सा हैं। इन खिलाड़ियों के 25 मई तक इस लीग को छोड़ने की उम्मीद है, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना है। रिपोर्ट के अनुसार, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने इन खिलाड़ियों को 26 मई तक घर वापस लौटने के लिए कहा है। आईपीएल 2025 में इस बार कुल मिलाकर 20 दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी खेल रहे हैं। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मैच दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच लंदन के लॉर्ड्स में 11 जून को खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश (मुंबई इंडियंस), वियान मुल्डर (सनराइजर्स हैदराबाद), मार्को जानसेन (पंजाब किंग्स), एडेन मार्करम (लखनऊ सुपरजाइंट्स), लुंगी एनगिडी (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु), कगिसो रबाडा (गुजरात टाइटंस), रयान रिकेल्टन (मुंबई इंडियंस) और ट्रिस्टन स्टब्स (दिल्ली कैपिटल्स) को डब्ल्यूटीसी फाइनल टीम में शामिल किया गया है। भारत-पाकिस्तान के बीच हालिया घटनाक्रम के चलते आईपीएल को एक सप्ताह के लिए स्थगित किया गया था। अब लीग स्टेज का समापन 27 मई और प्लेऑफ की शुरुआत 29 मई को होगी। जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम को 30 मई को इंग्लैंड के लिए रवाना होना है। ऐसे में इन आठ खिलाड़ियों को टीम के पहले ही जुड़ना है। इसका मतलब यह है कि आईपीएल के प्लेऑफ में इन खिलाड़ियों की उपस्थिति नहीं हो पाएगी। बताया जा रहा है कि इस विषय पर बीसीसीआई और सीएसए के बीच बातचीत जारी है। दक्षिण अफ्रीका की टीम 31 मई को इंग्लैंड में पहुंच जाएगी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से पहले वार्म-अप मैच खेलेगी। आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस अंक तालिका में टॉप-4 पर विराजमान हैं। जबकि दिल्ली कैपिटल्स के पास भी प्लेऑफ में जगह बनाने का मौका है।

## दिल्ली ने फ्रेजर-मकगर्क की जगह मुस्तफिजुर को किया टीम में शामिल

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मक्गर्क के कारणों से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष मैचों के लिए वापस आने से इंकार करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स ने बंगलादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को छह करोड़ रूपये की अनुबंध राशि पर टीम में शामिल किया है। आईपीएल के नियमों के अनुसार अगर किसी खिलाड़ी को बीमारी या चोट लग जाती है और यह टीम के 12वें मैच से पहले होता है तो टीम दूसरे खिलाड़ी को ले सकती है। लेकिन इस बार लीग के स्थागित होने के बाद इसे फिर से शुरु किये जाने को लेकर नियमों में बदलाव के तहत सीजन के शेष हिस्से के लिए फ्रैचाइजी को अस्थायी रूप से दूसरे खिलाड़ी को टीम में लेने की अनुमति दी गई है।